हिन्दी की तद्भव शब्दावली

(व्युत्पत्ति कोष)

डॉ० सरनामसिंह शर्मा 'अरुण'
एम.ए. (हिन्दी तथा संस्कृत), पीएच.डी., डी.लिट्.
रीडर, हिन्दी-विभाग
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

कालेज बुक डिपो, जयपुर

प्रतिफल यह हुआ कि हिन्दी ने एक नयी शैली को जन्म देकर अपनी सांस्कृतिक शक्ति को सुरक्षित रखा। राज और धर्म की भाषा के गुण-दोषों को पचाने के लिए हिन्दी की यह मोर्चाबन्दी बड़ी सफल सिद्ध हुई। हिन्दी ने अपनी इस शैली को रक्त से सींच कर पल्लवित और पुष्पित किया, किन्तु उसके फूलों से राजनीति और धर्म की तीव्र गंध आने लगी, अतएव वह हिन्दी जिसे बन्दा-नवाज और खुसरो का बल मिला, वह हिन्दी जिसे कबीर का बल मिला वही जायसी आदि सूफियों की धार्मिक स्थापनाओं में अपनी भूमिका को छोड़ने लगी।

इस स्थिति की कल्पना रामानंद, वल्लभाचार्य आदि धार्मिक मनीषी पहले ही कर चुके थे; परिणामतः एक धार्मिक अभियान का सूत्रपात हुआ और हिन्दी का भविष्य राम और कृष्ण की कथाओं और प्रसंगों के हाथों में जा पहुँचा। फिर भी संतों और सूफियों की अभिव्यंजनात्मक विशेषताओं से हिन्दी ने पूरा लाभ उठाया।

फारसी-अरबी की शृङ्गारपरक विलक्षणताओं ने मध्यकालीन हिन्दी के रूप को भी बदल दिया, किन्तु हिन्दी-भाषा युग-समाज का सम्पर्क छोड़ नहीं सकती थी; अतएव उसने अनुभावों और उद्दीपनों की अभिव्यंजनात्मक क्षमताओं को सांगोपांग योग प्रदान किया। हिन्दी की एक ही धारा में कहीं लौकिक शृङ्गार की लहरें उठती थीं तो कहीं अलौकिक शृङ्गार की, कहीं अलंकारों की तीव्र झंकृतियां थीं तो कहीं छन्दों का क्षिप्र नर्तन था। अलंकारों के नवीनतम प्रयोगों और कलात्मक चमत्कारों के नव्यतम अभिसंधानों से भाषा का कलेवर अपने वैभव के भार से बोझिल हो उठा। जिस भाषा ने सूर और तुलसी की छाया में शीतल उत्कर्ष की राह देखी, जिसने जायसी आदि के शिल्प को देखा उसी ने केशव और बिहारी, देव और भिखारीदास जैसे कलाकारों की कलाबाजियां भी देखीं तथा हिन्दी भाषा ने प्रौढ़ता और दृढ़ता के दिन देखे।

अब भाषा को अनिवार्य रूप से परिवर्तन की दिशा पकड़नी थी; अतएव घनानन्द, बोधा, ठाकुर आदि की वाणी में उस परिवर्तन को प्रोत्साहन मिला। भाषा ने स्वच्छन्दता को राजमार्ग पर पुरस्कृत किया। जो भाषा अब तक भावों को उछल-कूद सिखा रही थी, उसी ने घनानंद की वाणी में भाव-सेवा का व्रत लिया। शब्दों ने मेल-जोल सीखा, अभिव्यंजना ने बाहरी चमक-दमक को गंभीरता प्रदान की तथा अर्थ ने शब्द-संगति से गौरव प्राप्त किया। शब्द-प्रयोगों ने अनेक अर्थ परिपार्श्वों में घूमने का प्रशिक्षण लिया। कहने का आशय यह है कि अभिव्यंजना सार्थक क्षमताओं से सम्पन्न हो गयी।

कुछ लोग भाषा की इस क्षमता की शैली का प्रारंभिक स्थिति कह कर मूल्यांकन को औचित्य से वंचित कर सकते हैं, किन्तु मेरी दृष्टि में यह अभिव्यंजना की गौरवमयी स्थिति थी। इसी समय अंग्रेजी शासन की भूमिका प्रस्तुत हुई। जैसे-जैसे शासन की जड़ें जमती गयीं अंग्रेजी भाषा अपने पंख फैला कर भारतीय वातावरण में उड़ने लगी। इतर योरोपीय भाषाएँ अंग्रेजी के प्रभाव में विलीन हो गयीं और अंग्रेजी ने जिस प्रकार अन्य भारतीय भाषाओं को प्रभावित किया उसी प्रकार हिन्दी को भी किया।

हिन्दी की शैली उर्दू को प्रोत्साहन मिला और अंग्रेजों की 'विभाजन और शासन' की नीति को भूमिका मिली। अंग्रेजी भी फारसी-अरबी की भांति विदेशी भाषा थी, किन्तु इसने देश-भाषाओं की जड़ें ढीली करने में जो चाल चली वह फारसी-अरबी ने नहीं चली। उससे देश की चिन्तन-क्षमता पर दासता छाने लगी और पहनने-ओढ़ने, खाने-पीने आदि के साथ-साथ अनेक भारतीयों का सोचना-विचारना भी अंग्रेजी में ही होने लगा। अंग्रेजी-पढ़े-बेपढ़े के बीच भेद-भाव बढ़ता गया और देश-भाषाओं के विकास पर अवरोध का सिक्का जमने लगा। अनेक शब्द, अनेक प्रयोग और अभिव्यंजना की विविध शैलियां अंग्रेजी के माध्यम से हिन्दी में भी उतरने लगीं। सुधारवाद के अथक प्रयत्न के बावजूद भी शृङ्गार अपना वेष बदल कर हिन्दी में अवतरित हुआ। शेली, कीथ आदि की रचनाओं के अध्ययन ने हिन्दी में छायावाद के लोक की स्थापना की और वह धीरे-धीरे प्रतीकों के आलोक से जगमगाने लगा। प्रसाद, निराला, पंत, महादेवी, माखनलाल चतुर्वेदी आदि ने 'छाया' में जिस 'माया' की सृष्टि की वह हिन्दी भाषा के गौरव की ऐतिहासिक भूमिका है। प्रतीकों में अपनी शक्ति और दीप्ति तो थी ही, कुछ अंग्रेजी प्रयोगों का आनुवादिक बल भी था। विदेशी शब्दों ने बड़े सहज भाव से छायावाद में प्रवेश किया।

इधर आर्य समाज, ब्रह्म समाज आदि सुधारवादी आंदोलनों और कांग्रेस के उद्‌बोधनात्मक प्रयत्नों से समाचार-पत्रों और मासिक पत्रिकाओं का बहुत प्रचार और प्रसार हुआ। गद्य की शक्ति बढ़ती गयी, शैली मार्जित और शब्द-कोष संवर्धित होता गया। अनेक मुद्रणयन्त्रों को प्रोत्साहन मिला और हिन्दी भाषा अपनी शैली के साथ विकसित होती गयी।

अरबी-फारसी के प्रभुतापूर्ण सम्पर्क से हिन्दी की जो शैली विकसित हुई उसे हिन्दी से विलग होने का कोई अवसर न मिला। शब्दों और भावों का आदान-प्रदान दोनों के विकास का प्रेरक बना, किन्तु अंग्रेजी ने शिक्षित और अशिक्षित के बीच खाई पैदा कर दी और 'नौकरशाही' के अनेक दोषों

को तथाकथित शिक्षितों की प्रवृत्ति में भर दिया। हिन्दी को अंग्रेजी के साथ घोर संघर्ष करना पड़ा, साथ ही उसे दासता के दुर्दिनों में दैन्य की परिस्थितियों का सामना भी करना पड़ा। हिन्दी के पोषकों ने अंग्रेजी से जो कुछ लिया जा सकता था, वह लिया और उसे हिन्दी की थाती में समाविष्ट कर लिया। जिस प्रकार अरबी-फारसी से ऋण लेकर हिन्दी ने अपने भंडार को भरा उसी प्रकार अंग्रेजी आदि विदेशी भाषाओं से भी ऋण लेकर हिन्दी ने अपनी सम्पन्नता की वृद्धि की। अंग्रेजी के नव्यतम आयामों में प्रवेश करके हिन्दी ने शैली को प्रयोग की भूमिका पर भी उतारा और शब्दों ने अर्थ-विकास एवं अर्थ-द्योतन की नयी दिशा पकड़ी। नये शब्दों का निर्माण भी हुआ और प्रचलित शब्दों को नया अर्थ भी मिला। प्रतीक-योजना ने भाषा की समृद्धि में अपना अभूतपूर्व योग दिया। इस धरा पर हिन्दी ने अंग्रेजी से कुछ लेकर भी अपनी मौलिक पहल का परिचय दिया।

आज देश स्वतन्त्र है, किन्तु अंग्रेजी के प्रति मोह आज भी बना हुआ है। यह सार्थकता की धरा पर कम और व्यर्थता की खोखली धरा पर अधिक है, अतएव उसके पतन के सभी लक्षण विद्यमान हैं। मोह की प्रेरणा के रूप में कुछ निहित स्वार्थ गतिशील हैं। राजनीति के दाव-पेचों में भ्रान्त स्वार्थ राष्ट्रीयता को निर्बल बनाने में जुटे हुए हैं। बोध को औचित्य का आश्रय न मिलने से ध्वंसक प्रवृत्तियाँ क्रियाशील हैं, फिर भी हिन्दी अपने पथ पर दृढ़ता से चल रही है।

आज हिन्दी की शब्दावली की बड़ी आलोचना की जा रही है। शिकायत यह है कि हिन्दी के पास वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली का अभाव है, उच्च श्रेणी के ज्ञान का हिन्दी ग्रन्थों में अभाव है तथा विदेशों के अर्जित ज्ञान को देश में लाने में हिन्दी असमर्थ है। मेरी दृष्टि में ये सब तर्क निराधार और व्यर्थ हैं। हिन्दी के विकास को, उसके वैभव को चुनौती नहीं दी जा सकती। गत तीस-चालीस वर्ष में हिन्दी ने जो विकास किया है वह किसी भी भाषा की तुलनात्मक भूमिका पर अभूतपूर्व है। ग्रन्थों के अभाव की बात भी तर्कहीन है। फिर भी अभाव की परिधि में अनेक प्रयत्न भाषा की शक्ति को बढ़ाने के लिए किये जा रहे हैं।

हिन्दी के समक्ष आज एक प्रश्न यह उठता है कि उसे अरबी-फारसी और अंग्रेजी के शब्दों के साथ क्या व्यवहार करना चाहिये? इसका एक उत्तर है कि ये भाषाएँ हमारे देश की भाषाएं नहीं हैं, इनमें हमारी संस्कृति का आधार नहीं है, हमारे जीवन से इन्हें सहानुभूति नहीं है। इनमें बिल्कुल पृथक् वातावरण एवं पृथक् नैतिक आधार है। हमारे जीवन का

वास्तविक प्रतिनिधित्व करने में ये सर्वथा असमर्थ हैं। ये हमारे जन-जीवन से विलग हैं, अतएव इनमें हमारी राष्ट्रीय भावनाओं का प्रतिफलन भी नहीं हो सकता है; फिर भी इनके जो शब्द हिन्दी ने पचा लिये हैं, वे हिन्दी के अपने हैं।

एक दूसरा प्रश्न यह है कि देश की इतर भाषाओं के प्रति, उनकी शब्दावली के प्रति, हिन्दी का क्या रवैया होना चाहिये ? उनके प्रति हिन्दी का वही रवैया होना चाहिये जो परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति एक कुटुम्बी का रवैया होता है। उन पर पड़े हुए प्रभाव से अप्रभावित रहना किसी कुटुम्बी के लिए सम्भव नहीं हैं। हिन्दी उनका पोषण करती हुई स्वयं उनसे पोषित होगी; अतएव शब्दावली का आदान-प्रदान भारतीय भाषाओं का, राष्ट्रीय ही नहीं, सांस्कृतिक धर्म भी है।

प्रस्तुत शब्दावली में ऐसे हजारों शब्द मिलेंगे जो देश की अनेक भाषाओं में सामान्य रूप से प्रचलित हैं और बहुत से ऐसे शब्द भी हैं जो थोड़े से हेर-फेर के साथ मिलते हैं। इस कृति में मूल शब्दों की खोज हिन्दी की शब्दावली को एक सामान्य स्रोत पर पहुँचा देती है, जहां हिन्दी, बंगला, पंजाबी, गुजराती, मराठी आदि भाषाएँ एकरूप हैं।

यद्यपि इस शब्दावली का कलेवर बहुत छोटा है, यह अपने आप में पूर्ण नहीं है, किन्तु इसका संचयन भावात्मक एकता को प्रेरित करने में अपना समुचित योग दे सकता है। समता की दृष्टि से ही एकता की प्रतिष्ठा हो सकती है; अतएव जो अध्ययनशील व्यक्ति सामान्यतम शब्दों के लिए लालायित हैं वे इस शब्दावली का सही उपयोग कर सकते हैं।

लेखक की दृष्टि में मूलत: हिन्दी शब्द रहे हैं; किन्तु उनकी जीवन-लीला का स्मरण रखते हुए उसने उनके निकटतम स्रोत को मूल के साथ जोड़ने का पूर्ण प्रयत्न किया है। चाहिये यह था कि हिन्दी-शब्दों को पहले प्रस्तुत करके प्राकृत शब्दों को उसके बाद में तथा तत्सम शब्दों को मूल स्रोत के रूप में दिखाया जाता, किन्तु यहाँ पहले तत्सम शब्द लेकर उसके विकारों को प्राकृत और हिन्दी में दिखाने का प्रयत्न किया गया है। इससे शब्द के परिवर्तन की दिशा को सक्रमता से देखा जा सका है।

यहां प्रमुखत: हिन्दी के कुछ महत्त्वपूर्ण तद्भव शब्दों की स्रोत-गवेषणा ही अभिप्रेत रही है क्योंकि समग्र शब्दावली की व्यौत्पत्तिक योजना का निर्वाह इस छोटी सी रचना में न तो संभव ही था और न अभिप्रेत ही;

फिर भी इसमें ऐसे सैकड़ों देशी शब्दों की खोज की गयी है जो हिन्दी में अपना समुचित योग दे रहे हैं। देशी शब्द भारतीय जन-जीवन की अमूल्य निधि हैं क्योंकि उनमें जीवन के सहज प्रवाह की उर्मिल अभिव्यक्ति है। यद्यपि वे तद्भव शब्दों की भांति अनुबन्ध, धातु और प्रत्यय—इन तीन प्रमुख भागों में विभक्त नहीं हो सकते, वे आर्य भाषा परिवार के औरस पुत्र नहीं है, किन्तु उनका जन्म इसी देश में हुआ है और उनका पालन-पोषण आर्य भाषाओं की प्राकृतिक गोद में हुआ है; अतएव वे इस परिवार के प्रिय सुजन हैं। उनके संपर्क से, उनकी प्रेरणा से अनेक शब्दों और प्रयोगों का जन्म हुआ है; इसलिए तद्भव शब्दों के साथ उनका अध्ययन भी आवश्यक समझा गया है।

नयी धुन के अध्येताओं, भावात्मक एकता के प्रवर्तको और भाषा-विज्ञान के विद्यार्थियों के अतिरिक्त यह ग्रन्थ अपने स्वल्प कलेवर में राजकाज से संबधित हिन्दी-प्रशिक्षकों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा।

यह संकलन बड़े श्रम का प्रतिफल है। इस श्रम के साकार होने का अवसर ही न आया होता, यदि मेरे कुछ मित्र और छात्र मुझे व्युत्पत्ति की दिशा में आगे न ठेलते। इस ठेलापेल ने मेरा तेल तो अवश्य निकाल दिया, किन्तु उससे कितने ही मानसिक यन्त्र स्नेहिल गति प्राप्त करेंगे। ग्रन्थ का उपयोग ही इसकी सार्थकता और सफलता को प्रमाणित करेगा।

अन्त में मैं अपने उस शरीर के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ जिसने चार मास के रोग की अवस्था में भी लेखनी को प्रोत्साहित और श्रम को प्रस्फुरित किया। अपने लेखकीय वक्तव्य को समाप्त करता हुआ मैं इस कृति को अपने छात्रों के आग्रह को समर्पित करता हूँ।

—लेखक

अरुण-कुटीर,
जयपुर

भूमिका

हिन्दी-शब्द-समूह

आज जिस भाषा को हम हिन्दी कहते हैं वह सैकड़ों वर्षों की निर्माण-प्रक्रिया का परिणाम है। कितने ही शब्द आर्य भाषाओं की थाती के रूप में हिन्दी ने ग्रहण किये हैं और कितने ही अनार्य एवं विदेशी भाषाओं के हैं। अतएव शब्द-समूह की दृष्टि से प्रत्येक भाषा एक प्रकार से खिचड़ी होती है। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम है जिसकी सहायता से दो व्यक्ति अथवा समुदाय अपने भाव या विचार एक-दूसरे पर प्रकट करते हैं; अतएव भाषा का मिश्रित होना स्वाभाविक ही है। कई बार 'भाषा' के साथ विशुद्ध या शुद्ध विशेषण का प्रयोग करके भाषा के किसी विशेष रूप को सामने लाने की चेष्टा की जाती है, किन्तु उससे केवल इतना ही अभिप्राय ग्रहण किया जा सकता है कि भाषा का विशिष्ट रूप किसी विशेष देश या काल में प्रचलित था। किसी दूसरे देश या काल में उसी भाषा का रूप परिवर्तित हो सकता है। फिर उस देश या काल में भाषा का परिवर्तित रूप ही 'शुद्ध' या 'विशुद्ध' अभिधा का अधिकारी हो जायेगा। यही कारण है कि अलीगढ़ के किसी गाँव में 'भैया, तू कब आयो हो ?' शुद्ध भाषा का रूप व्यक्त करता है तो ढूंढारी में 'भाया, तू कद आयो छो ?' शुद्ध भाषा का प्रतिनिधि है। यह बहुत संभव है कि दो भाषाओं के ये प्रतिनिधि वाक्य आज से पाँच सौ वर्ष बाद कुछ और ही हो जायें; न जाने इन भाषाओं में और कितने नये शब्द समाविष्ट हो जायें। भाषा की यह प्रगति-प्रक्रिया ही उसका जीवन है।

इस भूमिका का तात्पर्य यही है कि हिन्दी-शब्द-समूह गौर से देखने पर एक भानुमती का पिटारा है जिसके गर्भ में न जाने किन-किन मृत एवं जीवित भाषाओं के शब्द भरे पड़े हैं। आज हिन्दी में प्रचलित शब्द-संसार को हम तीन श्रेणियों में विभाजित कर सकते हैं—

(१) भारतीय आर्य भाषाओं के शब्द।

(२) भारतीय अनार्य भाषाओं के शब्द।

तथा (३) विदेशी भाषाओं के शब्द।

१. भारतीय आर्य भाषाओं के शब्द—हमें इन शब्दों के दो रूप मिलते हैं : एक तो वे शब्द जो प्राचीन काल से आज तक एक ही रूप में प्रचलित हैं और जिनमें किसी घिसावट के चिह्न व्यक्त नहीं होते, जैसे कमल, किशोर, भगिनी, पिता, माता, नारी, इष्ट, वीर, विक्रम, आक्रोश आदि। साहित्यिक हिन्दी में इन शब्दों की संख्या सदैव अधिक रही है, किन्तु आधुनिक साहित्यिक भाषा में यह संख्या कुछ अधिक दृढ़ता से बढ़ी है। इसका प्रमुख कारण राजनीतिक क्रान्ति के अतिरिक्त भाषा-प्रेम भी है। स्वतंत्रता से पूर्व ही, बल्कि भारतेन्दु काल से ही, स्वदेश, प्रेम के साथ-साथ भाषा-प्रेम उमड़ने लग गया था। उसने लेखकों और कवियों को शब्द-भण्डार बढ़ाने की दिशा में प्रेरित किया। ज्यों-ज्यों देश-प्रेम दृढ़ता पकड़ता गया त्यों-त्यों भाषा के विकास का प्रश्न भी अधिकाधिक निखरता गया। प्रचारकों और प्रसारकों का ध्यान तत्सम शब्दों की ओर खिंचता गया। परिणामत: संस्कृत-कोश ने हिन्दी-प्रेमियों को अनेक नवीन शब्द दिये।

कहने की आवश्यकता नहीं कि भाषा की नवीन एवं सामयिक आवश्यकताओं ने तत्समों के प्रयोग को जितनी प्रेरणा दी उससे कहीं अधिक प्रेरणा विद्वत्ता–प्रदर्शन की आकांक्षा ने दी। अधिकांश तत्सम शब्द हिन्दी में आधुनिक काल ही में आये हैं। कुछ तत्सम शब्द ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत प्राचीन हैं, किन्तु वे ध्वनि-दृष्टि से बहुत सरल हैं, इसलिए वे परिवर्तन के प्रहार से मुक्त रहे हैं।

कुछ शब्द हिन्दी में ऐसे भी प्रचलित हैं जिनको हम न तो तत्सम कह सकते हैं और न तद्भव ही। तत्सम तो हम इसलिए नहीं कह सकते कि उनका रूप अनाहत नहीं है, और तद्भव इसलिए नहीं कि वे तत्सम शब्दों से समता रखते हैं। किशन, संसकिरत आदि शब्द इसी प्रकार के हैं। इन्हें अर्द्धतत्सम अभिधा प्रदान की जाती है। ऐसे शब्दों का अधिक प्रचलन मध्य भारतीय आर्य भाषाओं की अपेक्षा आधुनिक भाषाओं में अधिक मिलता है। प्राकृतों में ऐसे शब्दों का प्रयोग अति विरल है।

भारतीय आर्य भाषाओं के शब्दों का दूसरा समूह 'तद्भव शब्दावली' के नाम से अभिहित किया जा सकता है। इन शब्दों ने भी भाषा-पथ पर बहुत लम्बी यात्रा की है। ये शब्द प्राचीन आर्य भाषाओं से मध्यकालीन भाषाओं में होते हुए चले आ रहे हैं। ये मूल शब्दों के ही बाल-बच्चे हैं। ये घिसते–पिटते ऐसे बन गये हैं। वैयाकरणों की पारिभाषिक शब्दावली में इन्हें 'तद्भव' नाम दिया गया है क्योंकि ये तत् (संस्कृत) से 'भव' (उत्पन्न) माने जाते हैं। वास्तव में ये सबके सब संस्कृत से उत्पन्न नहीं हैं। इनमें से बहुत–से शब्दों का सम्बन्ध तो संस्कृत-शब्दों से जोड़ा जा सकता है, किन्तु

अनेक शब्द ऐसे भी हैं जिनका सम्बन्ध संस्कृत से नहीं है। उनका आगम प्राचीन भारतीय आर्यभाषा के ऐसे शब्दों से हुआ है जो साहित्यिक संस्कृत में अप्राप्य हैं। अतएव सभी तद्भव शब्दों के स्रोत को संस्कृत में खोजना संभव नहीं है।

इस कोटि के शब्द मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाओं से होकर 'हिन्दी' तक पहुँचे हैं। इसलिए इनमें से अधिकांश के रूपों में अत्यधिक परिवर्तन स्वाभाविक ही है। तद्भव शब्द जनता के कण्ठहार हैं। इनका प्रयोग बोलियों में अधिक होता है। साहित्यिक हिन्दी में इनकी संख्या कम हो गयी है। इनकी अवहेलना प्रदर्शन की भावना में संनिहित है। वास्तव में स्वाभाविक अभिव्यक्ति के सरल एवं सरस वाहन तद्भव शब्द ही हैं।

जो हो, तत्सम और तद्भव शब्दों का भी एक सहज सम्बन्ध हो सकता है, और है। जहाँ इस सम्बन्ध में बाधा आ गयी है, वहीं भाषा रस-भूमि से स्खलित हो गयी है।

२ भारतीय अनार्य भाषाओं के शब्द—आर्यों और अनार्यों का संबंध बहुत प्राचीन है। यह बिल्कुल स्वाभाविक है कि दो जातियाँ, आपस में मिलने पर, एक-दूसरी की भाषा को प्रभावित करती हैं। आर्यों और अनार्यों के सम्पर्क का सहज परिणाम यह हुआ कि आर्यों की भाषा में अनेक अनार्य शब्द सम्मिलित हो गये। "हिन्दी के तत्सम और तद्भव शब्द-समूह में बहुत से ऐसे शब्द हैं जो प्राचीन काल में अनार्य भाषाओं से तत्कालीन आर्य भाषाओं में ले लिये गये थे। हिन्दी ने उन्हें उसी प्रकार स्वीकार कर लिया है जिस प्रकार तत्समों और तद्भवों को। प्राकृत वैयाकरण जिन प्राकृत शब्दों को संस्कृत शब्द-समूह में नहीं पाते थे उन्हें 'देशी' अर्थात् अनार्य भाषाओं से आये हुए शब्द मान लेते थे।"[1] परिणामतः बहुत से विशुद्ध तद्भव भी 'देशी' की गणना में आ गये।

यह ठीक है कि प्राचीन काल में अनार्य भाषाओं से बहुत से शब्द आर्य भाषा में आ गये, किन्तु यह भी ठीक है कि आधुनिक काल में अनार्य भाषाओं के शब्दों ने हिन्दी में बहुत कम प्रवेश किया। आज जिस नव राष्ट्र ने जन्म लिया है जिसका आधार चाहे राजनीति हो या सांस्कृतिक एकता, हिन्दी इतर भाषाओं के शब्दों से परिचय-लाभ नहीं है। संभावना है कि इस सम्पर्क का परिणाम उज्ज्वल एवं मधुर ही होगा।

हिन्दी में आये हुए अनार्य भाषाओं के शब्दों का इतिहास यह सूचित करता है कि उनको सदर्प में स्वीकार नहीं किया गया है। [illegible]

---

[1] धीरेन्द्र वर्मा : हिन्दी भाषा का इतिहास, हिन्दी शब्दसमूह।

से आये हुए शब्दों का प्रयोग हिन्दी में प्राय: बुरे अर्थों में होता है। द्राविड़ 'पिल्लै' शब्द का अर्थ पुत्र होता है, हिन्दी में यह शब्द 'पिल्ला' होकर कुत्ते के बच्चे का अर्थ देता है। मूर्द्धन्य वर्णों वाले शब्दों के सम्बन्ध में यह कहा जाता है कि उनका सम्बन्ध द्राविड़ भाषाओं से है। यह बात एकान्त सत्य नहीं है, किन्तु आंशिक सत्य को स्वीकार करना पड़ेगा। ऐसे अनेक शब्दों पर द्राविड़ भाषाओं का प्रभाव पड़ा है। मूर्द्धन्य वर्ण द्राविड़ भाषाओं की विशेषता हैं, इस सम्बन्ध में कोई दो मत नहीं हैं। हिन्दी पर कोल भाषाओं के प्रभाव का ज़िक्र भी किया जाता है, किन्तु वह स्पष्ट नहीं है। डा० धीरेन्द्र वर्मा का अनुमान है कि हिन्दी में बीस-बीस करके गिनने की प्रणाली का उद्गम कोल भाषाएँ ही हैं। संभवत: 'कोड़ी' शब्द भी कोल भाषाओं से ही आया है। ऐसे कुछ और भी शब्द खोजे जा सकते हैं।[1]

३. विदेशी भाषाओं के शब्द—जिस प्रकार प्राचीन भारतीय आर्य भाषाओं पर अनार्य भाषाओं का प्रभाव पड़ा, उसी प्रकार नव्य भारतीय आर्य भाषाओं पर विदेशी भाषाओं का प्रभाव पड़ा। इस प्रभाव के दो स्रोत हैं—मुसलमानी तथा यूरोपीय। जिस प्रकार अंग्रेजों ने भारत पर शासन किया, उसी प्रकार मुसलमानों ने भी भारत पर शासन किया। इसलिए इन दोनों प्रभावों में बहुत-कुछ समानता है। विदेशी शब्दों की दो सरणियां हैं—

१. विदेशी संस्थाओं से संबंध रखने वाले शब्द, जैसे—कचहरी, फौज. स्कूल, धर्म आदि से संबधित शब्द।

२. विदेशी वस्तुओं से संबंध रखने वाले; जैसे—नये पहनावे, खाने, यंत्र, खेल आदि से संबंधित शब्द।

१. मुसलमानी स्रोत से आये हुए शब्द—इन शब्दों में फारसी, अरबी, तुर्की तथा पश्तो भाषाओं के शब्द सम्मिलित हैं। इतिहास से विदित होता है कि ईसा की सातवीं आठवीं शती में ही भारत पर मुसलमानों का आक्रमण होने लगा था। १००० ई० के आसपास फारसी बोलने वाले तुर्कों ने पंजाब पर कब्ज़ा कर लिया था। उस समय हिन्दी ने चलना सीख लिया था। वह बोली के रूप में अच्छी तरह प्रचलित थी और इसी रूप में उसने तुर्की-प्रभाव को आकलित किया था। १२०० ई० के बाद करीब ६०० वर्षों तक हिन्दी भाषी प्रदेशों पर तुर्क, अफगान तथा मुगलों का शासन रहा; अत: इस समय अनेक विदेशी शब्द भाषाओं और बोलियों में घुस आये। जिस प्रकार 'रासो' कुरान (फारसी-अरबी) के प्रभाव से मुक्त नहीं है, उसी प्रकार सूर, तुलसी आदि वैष्णव कवि भी विदेशी शब्दों के प्रभाव से मुक्त नहीं हैं। हिन्दी में

---

[1]देखिये, चै० वे० लै, पृ० २६८–२७२

सब से अधिक संख्या फारसी शब्दों की है, क्योंकि फारसी प्रायः सभी मुसलमानी शासकों की दरबारी एवं साहित्यिक भाषा थी। हिन्दी में कुछ शब्द अरबी और तुर्की के भी मिलते हैं। उनमें से बहुत से तो फारसी में होकर आये हैं और बहुत से सम्पर्क द्वारा अर्जित हैं।

हमारी भाषा हिन्दी से तुर्की का संबंध भी बहुत गहन रहा है क्योंकि ग़ज़नी, गोर और गुलाम वंश के मुसलमान बादशाहों की भाषा मध्य एशिया की तुर्की भाषा ही थी। भारत में मुग़ल साम्राज्य के संस्थापक बाबर की मातृभाषा भी तुर्की ही थी। टर्की की तुर्की भी इसी की एक शाखा है। अतएव जब मुसलमानों ने भारत में पदार्पण किया तो वे लूटपाट और शासन करने के साथ-साथ सम्पृक्त प्रदेशों में भाषा सीखने और सिखाने में भी प्रवृत्त हुए। इस्लाम धर्म और ईरानी सभ्यता के प्रभाव के कारण इन तुर्की बोलनेवाले बादशाहों के युग में भी उत्तर-भारत में इस्लामी साहित्य की भाषा फारसी और इस्लाम धर्म की भाषा अरबी थी, फिर भी भारत में अपनायी गयी फारसी और उसके माध्यम से नव्य भारतीय आर्य भाषाओं पर तुर्की-शब्द–समूह का प्रभाव पड़े बिना न रह सका। नीचे लिखे कुछ तुर्की शब्दों से हम हिन्दी में प्रयुक्त तुर्की शब्दावली का अनुमान कर सकते हैं :—

चाकू, चिक, चकमक (पत्थर), गलीचा, तगार, तुरुक, तोप, दरोग़ा, बख्शी, बावर्ची, बहादुर, बीबी, बेगम, बकचा, मुचलका, तमग़ा, लाश, सौगात, सुराकची, मशालची, खज़ांची, आक़ा, उजबक (बेवकूफ), उर्दू, कलगी, कैंची, काबू, .कुली, एलची, कोर्मा, खातून (स्त्री), खां आदि।

मुसलमानी शब्द स्रोतों में जहाँ अरबी, फारसी और तुर्की अविस्मरणीय है उसी प्रकार पश्तो भी अविस्मरणीय है। पश्तो हमारी प्रान्तरीय भाषा है। पड़ोसी-संबंधोंके अतिरिक्त उससे हमारा राजनीतिक संबंध भीरहा है; इसलिए हिन्दी में पश्तो के अनेक शब्द प्रचलित हैं। उत्तरी पश्चिमी हिन्दी में उनकी संख्या कुछ अधिक है। पठान, रोहिला (रोह=पहाड़) आदि शब्द हिन्दी शब्द–समूह पर पश्तो के प्रभाव के प्रतिनिधि हैं।

मुसलमानी स्रोतों से आये हुए शब्दों में तत्सम, तद्भव और मिश्रित तीन प्रकार के शब्द मिलते हैं। गुलाम, बदनसीब, खुदा, अल्लाह, तौबा, ज़र्रा आदि शब्द पहली कोटि के हैं। मंजूर, मजूर, आखिर सेहत, मंजिल आदि दूसरी कोटि के शब्द हैं। तीसरी कोटि में वे शब्द सम्मिलित हैं जिनका निर्माण हिन्दी और विदेशी (मुसलमानी स्रोत के) शब्दों के मेल से हुआ है जैसे चिड़ियाखाना, दलबन्दी, अजायबघर, मोटरगाड़ी आदि।

२. यूरोपीय स्रोत—हिन्दी-शब्दों का दूसरा स्रोत यूरोपीय है। वास्कोडेगामा ने यूरोप के लोगों के लिए भारत में आने-जाने का मार्ग खुलवा दिया था, किन्तु करीब तीन-साढ़े तीन सौ वर्ष तक हिन्दी-भाषी जनता इनके गहन सम्पर्क में नहीं आयी। इनकी भाषा का प्रभाव बहुत थोड़े लोगों पर रहा। प्रभाव-क्षेत्र प्रायः समुद्रतट के निकट रहा जिससे थोड़े से लोग ही सम्पर्क पाते थे। यही कारण है कि प्राचीन और मध्यकालीन हिन्दी में यूरोपीय शब्दों की संख्या प्रायः नहीं के बराबर है। हिन्दी-भाषी प्रदेश १८०० ई० के आस-पास मुग़लों के हाथ से अंग्रेज़ों के हाथ में आया। फिर तो क़रीब डेढ़ सौ वर्ष तक हिन्दी-भाषा अंग्रेज़ी आदि भाषाओं से प्रभावित होती रही। फ्रेंच, डच, पुर्तगीज़, इटालियन आदि भाषाओं का अधिकांश प्रभाव अंग्रेज़ी के माध्यम से ही आया, किन्तु हिन्दी पर इनका सम्पर्कजन्य (सीधा) प्रभाव भी आया, इसमें कोई सन्देह नहीं है।

हिन्दी के विदेशी शब्द-समूह में फ़ारसी के बाद अंग्रेज़ी शब्दों की संख्या सबसे अधिक है। अब भी नये अंग्रेज़ी शब्द आ रहे हैं। स्वतन्त्रता के पश्चात् भी अंग्रेज़ी शब्दावली हिन्दी को शिक्षित समाज के भाषार्जन के माध्यम से प्रभावित किये जा रही है। अंग्रेज़ी के बहुत से शब्द तो इतने अधिक लोकप्रिय हो गये हैं कि उनको ग्रामीण जनता ने भी अपना लिया है। कुछ शब्द ऐसे भी हैं जो अंग्रेज़ी संस्थाओं या अंग्रेजी पढ़े-लिखे लोगों से सम्पर्क में आने के कारण केवल शहरों के रहने वाले बेपढ़े-लिखे लोगों के मुँह से ही सुन पड़ते हैं। कई शब्दों के व्यवहार के अनेक रूप मिलते हैं, किन्तु उनका एक अधिक प्रचलित रूप भी है। हिन्दी में प्रयुक्त अंग्रेज़ी शब्दों के कुछ नमूने नीचे दिये जाते हैं:—

अंजन, अक्तूबर, अगस्त, अटेलियन, अपील, अप्रैल, अफसर, अलबम, अस्पताल, अर्दली, असम्बली, आफिस, आउट, आर्डर, आपरेशन, इन्सपेक्टर, इंच, इंटर, इनकमटैक्स, इस्कूल इस्टूल, इस्टीयर, इस्काउट, इस्पेशल, इस्क्रू, इस्प्रिंग, इस्टांप, इस्पीच, एजंट, एजंसी, एरन, एफ० ए०, एम० ए०, ऐक्ट, ऐक्टर, एक्टिंग, ऐक्सप्रेस, ऐक्सचेंज, ओवरकोट, ओवरसियर, कलक्टर, कमिश्नर, कमीशन, कम्पनी, कलेंडर, कम्पौंडर, कफ, कटपीस, कर्नल, कमेटी, कंटूनमेंट, कंसल्टेशन, कापी, कान्फ्रेंस, कालर, कॉग, कार्ड, कार्निस, कांग्रेस, कॉमा, कॉलेज, कांनिस्टबल, क्वाटर, क्लब, क्रिकेट, क्लास, क्लर्क, किलिप, किर्मिच, कुल्तार, कोइला, कूपन, कुनैन, कुली, कूलर, कोर्ट, कोट, कोरम, केक, केतली, कैंच, कोकोजम, कोको, कोचवान, कौंसिल, गजट, गर्डर, गाटर, गार्ड, गार्जियन, गिरमिट, गिलास, गिलेट, गिन्नी, गेट, गेटिस, गेम, गैस, चाक, चाकलेट, चिमनी, चिक, चुरट, चेयर, चेयरमैन, चेन, जंटल (र) मैन, जंट,

जंफर, जमनास्टिक, जज, जर्मनी, जर्नल, जनवरी, जर्नलमर्चेंट, जाकट, जार्ज, जुलाई, जून, जेल, जेलर, टन, टब, ट्रंक, ट्रॉली, ट्रांबे, टिकट, टिकस, टमाटर, टाई, टेंपरेचर, टिफन, टीम, टीन, ट्रस्ट, टूल, टूलबौक्स, टैम, टेनिस, टेबिल, ट्रे, टेसन (इस्टेशन), टेलीफून, ट्रेन, रेल, टायर, टैप, टैक्टर, टाइमटेबिल, टाउनहॉल, टैक्सी, ठेटर, डबल, डबलमार्च, डंबल, डाक्टर, ड्रामा, डायरी, डाउन, ड्रॉप, डिप्टी, डिस्ट्रिक्टबोर्ड, डिगरी, डिमाई, डेमरेज, डेक्स, डिप्लोमा, ड्यूटी, ड्रिल, डिपो, डेरी, ड्रैस, डैमनकाट, डौन, तारकोल, टैस्ट, थर्ड, थर्ममिटर, दर्जन, दराज, दिसम्बर, नर्स, नकटाई, नवम्बर, नाविल, नेकर, निब, नेकलस, नेट, नाइट, नोट, नोटिस, नोटबुक, नोटिसबोर्ड, नेम, पसेंजर, पल्टन, परेड, पलस्तर, पतलून, पंचर, पम्प, पाकट, पारक, पालिस, पार्टी, पापा, पाट, पार्सल, पास, प्राइमरी, प्लाट, पासबुक, प्लीडर, पेंशन, पेंसिल, पियानो, पेनीसिलिन, प्लेट, प्लेटफार्म, पेट्रोल, पिन, पैन, पिपरमेंट, प्लेग, पुल्टिस, प्रोफेसर, पुलिस, पोटीन, पेटीकोट, प्रेस, प्रेसीडेंट पाइप, पैंट, पैटमैन, पोलो, पोसकार्ड, पौंड, पौडर, फर्मा, फर्स्ट, फलालेन, फरवरी, फर्लांग, फारम, फिनैल, फिटन, फिराक, फीस, फुटवाल, फुलबूट, फुट, फेल, फ्रेम, फैर (फायर), फैसन (फैशन), फैशनेबिल, फोटो, फोटाग्राफी, फोनोग्राफ, वैंक, वम, वटालियन, वरांडी, वटन, वक्स, वग्घी, वंबूकाट, वाडिस, वैरक, वालिस्टर, वास्कट, विल्टी, ब्लाटिंग, विगुल, विरजिस, वी० ए०, वुकसेलर, वुलडॉग, वुरुस, बूट, बैंड, बैंडमास्टर, वैरंग, वाइस्कोप, वाइसिकिल, वैद, वैरा, बोट, बोर्डिंग, मशीन मजिस्ट्रेट, मनीवेग, मनीआर्डर, मई, मफलर, मलेरिया, मशीनगन, मैनेजर, माचिस, मास्टर, मार्च, मानीटर, मारकीन, मिस, मूनिसपेल्टी, मिनट, मिल, मिक्स्चर, मीटिंग, मेजर, मेंबर, मैम, मोटर, रंगरूट, रबड़, रसीद, रपट, रन, रेजीमेंट, रासन, रजिस्ट्री, रजिस्टर, रजिस्ट्रार, रिजल्ट, रिटायर, रिवाल्वर, रिकार्ड, रिविट, रीडर, रूल, रेजीडेंसी, रेस, रेल, रैकेट, राइफल, रोड, लंप, लपटट, लंवर, लवंडर, लंच, लाटरी, लाट, लाइब्रेरी, लालटेन, लान, लाउडस्पीकर, लॉट, लेट, लेटरवक्स, लेक्चर, लेविल, लाइन, लाइन-क्लीयर, लाइसेंस, लैस, लैमन, लेमनजूस, लैमनेड, लोकल, वार्निश, वास्कट, वाइल, वारंट, वालंटियर, वाइसराय, वी० पी०, वेटिंगरूम, वोट, वैसलीन, शटर, समन (सम्मन), सर्जन, सरज, सेंटर, संतरी, सरकस, सवजज, सर्विस, सर्टीफीकेट, साइंस, सिगरेट, सिल्क, सीमंट, सितम्बर, सिकत्तर, सिंगल, सिलीपर, सिलेट, सिट, सिविल सर्जन, सिविल लाइन्स, सूटर, सुपरीडेंट, सूट, सूटकेस, सेशन, सेफ्टीपिन, सेकिंड, सैंपिल, सोप, सोडावाटर, हरीकेन, हाईकोर्ट, हाईस्कूल, हाईकमांड, हारमोनियम, हाकी, हाल, हाल्ट, हापसाइड, हिट, हिस्टीरिया, ह्विस्की, हुड, हुक, हुर्रे, हैडमास्टर, हैट, होल्डर, होटल, होस्टल, होमोपैथी।

इन शब्दों के अतिरिक्त हिन्दी में कुछ अन्य यूरोपियन भाषाओं के शब्द भी सम्मिलित हो गये हैं। इनमें से डच, फ्रेंच तथा पुर्चगीज भाषाएं प्रमुख हैं। इसका प्रमुख कारण यह है कि भारत का सम्बन्ध, इनके बोलने वालों से भी रहा। नीचे की सूची से हिन्दी में प्रयुक्त इन भाषाओं के शब्दों के प्रयोग का कुछ अनुमान किया जा सकता है—

पुर्चगीज़ शब्द :—अचार, अलमारी, अनन्नास, आलपीन, आया, ईस्पात, इस्त्री, कमीज, कप्तान, कनिस्तर, कमरा, काज, काफी, काजू, काकातुआ, क्रिस्तान, किरच, गमला, गारद, गिर्जा, गोभी, गोदाम, चाबी, तम्बाकू, तौलिया, तौला, नीलाम, परात, परेक, पाउ, पाउरोटी, पादरी, पिस्तौल, पीपा, फ़र्मा, फ़ीता, फ्रांसीसी, बर्गा, बपतिस्मा, बालटी, बिसकुट, बुताम, बोतल, मस्तूल, मिस्त्री, मेज़, यीशु, लबादा, संतरा, साया सागू।

इन शब्दों को देखकर आश्चर्य होता है कि हिन्दी में पुर्तगाली भाषा के इतने शब्द कैसे आ गये क्योंकि पुर्तगाल के लोगों की अपेक्षा हिन्दुस्तानियों का सम्बन्ध फ्रांसीसियों से कुछ अधिक रहा है, किन्तु फ्रांसीसी शब्दों की संख्या हिन्दी में बहुत थोड़ी है। यही अवस्था डच भाषा के शब्दों की है। इन भाषाओं के नमूने ये हैं—

फ्रेंच—कार्तूस, कूपन, अंग्रेज।

डच—तुरुप, बम (गाड़ी या तांगे का)।

कुछ भूले-भटके शब्द अन्य यूरोपियन भाषाओं से भी हिन्दी में आ मिलने के लिए तरसते रहे होंगे, किन्तु उन बिचारों को न तो अधिक सम्पर्क का अवसर मिला और न सम्मान प्राप्त करने का। 'अल्पका' जैसे कुछ ही शब्द सम्भवत: स्पेनिश आदि भाषाओं से हिन्दी में भटक आये हैं। आजकल देश के लोगों का सम्पर्क अनेक विदेशों से बढता चला जा रहा है; परिणामत: उन देशों की भाषाओं के बहुत से शब्द भी भारतीय भाषा-भाषियों के शब्द-कोश में बढ़ते जा रहे हैं, किन्तु ऐसे शब्द पढ़े-लिखे लोगों से ही सम्बन्धित होने के कारण लोक-प्रचलित नहीं हैं। विदेशी शब्दों की वृद्धि में विज्ञान का बहुत योग है। राकेट, सल्फा, पेनीसिलिन आदि शब्द विज्ञान के प्रकाश में ही प्रचलित हुए हैं।

विदेशी शब्दों के समावेश से हिन्दी-भाषा ध्वनि-विकास की दिशा में भी प्रगतिशील दिखायी पड़ती है। जहां ज़मीन, फ़रीक, ज़ेवा, ग़र्क, ख़रीफ जैसे शब्दों से हिन्दी-ध्वनि-विकास हुआ वहां ऑफिस, कॉलेज आदि शब्दों से भी ध्वनि विकास को गति मिली है। इस कारण नये लिपि-संकेत बने हैं। आज राष्ट्रभाषा के रूप में अपने पद को दृढ़ बनाती हुई हिन्दी-भाषा को देश की अन्य भाषाओं से सम्पर्क स्थापित करने की भी आवश्यकता हुई है। प्रान्तीय भाषाओं को प्रगति-पथ पर प्रेरित करती हुई राष्ट्रभाषा हिन्दी स्वयं उनकी

निधि एवं शक्ति से समृद्ध हो, इस लक्ष्य में हिन्दी की आत्मनिर्भरता भी सुरक्षित है एवं देश की एकता भी।

अर्थ और ध्वनि-परिवर्तन की दृष्टि से जितना महत्त्व तद्भव शब्द-समूह का है उतना विदेशी शब्द-समूह का नहीं क्योंकि वह अनेक परिवर्तनों में गुजरता हुआ हम तक आया है। तद्भव शब्दों में से बहुत-से तो इतने घिस-पिट गये है कि उनके मूल की खोज कभी-कभी संदिग्ध हो जाती है। यों तो काल-चक्र पर चढ़कर बहुत-से आर्य भाषा के तत्सम शब्दों ने भी अपने अर्थ बदल लिये हैं, जैसे सुर, असुर, गवेषणा, गो आदि, किन्तु इनका सम्बन्ध ध्वनि-विकास से नहीं है। ध्वनि-विकास से सम्बन्धित शब्दों में 'भद्दा' और 'मल्ला' जैसे शब्दों का प्राचुर्य है। ऐसे शब्दों के विकास का इतिहास महत्त्वपूर्ण होने के साथ-साथ मनोरंजक भी है। अतएव ध्वनि और अर्थ-विकास का सम्बन्ध भारतीय आर्य भाषा के विकास से है।

भारतीय आर्य भाषा

भारतीय आर्य भाषा का प्राचीनतर स्वरूप, जिसे सामान्यतया प्राचीन भारतीय आर्य भाषा का नाम दिया गया है, वैदिक संहिताओं में सुरक्षित है। वेदों में भी सबसे अधिक प्राचीन ऋग्वेद है। इसके बाद आर्य भाषा का प्रतिनिधित्व वह संस्कृत भाषा करती है जिसकी व्याख्या पाणिनि और पतंजलि ने की है और कालिदास आदि कवियों से लेकर जिसका प्रयोग आज तक होता रहा है। वह भाषा भी प्राचीन भारतीय आर्य भाषा का प्रतिनिधित्व रती है, जो वैदिक आर्यों से लेकर पाणिनि के समय तक और उसके बाद शिष्ट समाज में भी बोलचाल की भाषा रही। इस प्रकार प्राचीन भारतीय आर्य भाषा में वैदिक भाषा और साहित्यिक संस्कृत, दोनों का समावेश हो जाता है।

भारतीय आर्य भाषा का दूसरा स्वरूप वह है जो मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषा के नाम से प्रसिद्ध है। यह स्वरूप ईसा पूर्व ६ठी शती से ईसा की ११वीं शती तक रहता है। इस स्वरूप में प्रायः सभी प्राकृतें समाविष्ट हो जाती है। इसके पश्चात् नव्य भारतीय आर्य भाषा का युग प्रारम्भ होता है जो आज तक चल रहा है।

लगभग ३५-३६ सौ वर्ष से भारतीय आर्य भाषा की धारा कुछ व्याहत होने पर भी अटूट गति से प्रवाहित रही है। भाषा-प्रवाह की ऐसी अटूटता कदाचित ही किसी अन्य भाषा में मिले। इस दृष्टि से विश्व के किसी भाषा-परिवार के इतिहास में भारतीय आर्य भाषा अद्वितीय है। भारोपीय भाषा-क्षेत्र में भी इस भाषा का केन्द्रीय पद बहुत ऊंचा उठ जाता है क्योंकि भारत जैसे उपमहाद्वीप में इसका अबाध इतिहास है; यद्यपि उसमें भाषा को

कुछ दुर्घटनाओं और संक्रमण-चक्रों में होकर भी निकलना पड़ा है। इस दीर्घ-कालीन इतिहास में उस संस्कृत भाषा के अतिरिक्त जो सांस्कृतिक दृष्टि से बड़ी महत्त्वपूर्ण रही है, मध्यकालीन भारतीय आर्य-भाषा से सम्बन्धित प्राकृतों का भी बड़ा व्यापक महत्त्व रहा है क्योंकि लगभग सतरह–अठारह सौ शताब्दियों तक इन्होंने भी भारतीय संस्कृत की भाषाओं के रूप में अपना योग दिया और साहित्यिक और धार्मिक क्षेत्रों में महत्त्व प्राप्त करने के साथ-साथ इन्होंने बोलचाल की भाषाओं के रूप में भी प्रतिष्ठा प्राप्त की।

यह कहना अनर्गल न होगा कि शुद्ध व्यावहारिक दृष्टिकोण से मध्य–कालीन भारतीय आर्य भाषाओं और बोलियों ने प्राचीन आर्य भाषा की अपेक्षा अधिक व्यापक उपयोगिता सिद्ध की। यद्यपि संस्कृत ने प्राचीन आर्य भाषा के प्रतिनिधि के रूप में अनेक युगों में कभी भी अपने गौरव को एकान्ततः नष्ट नहीं होने दिया और धार्मिक मतभेदों के होते हुए भी देश में उसने ऐक्य स्थापित करने में समुचित योग दिया, फिर भी भारत के इतिहास में कुछ ऐसे युग भी आये जबकि मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाओं ने उसका निगरण-सा कर लिया। इसका प्रमाण अशोक के इतिहास प्रसिद्ध शिलालेख हैं। प्राकृत शिलालेखों और मुद्रालेखों का महत्त्व लगभग आठ शतियों तक बना रहा और इस युग के उत्तरार्द्ध में प्राकृतों ने बोलचाल और संस्कृति की भाषाओं के रूप में संस्कृत भाषा से बड़ी होड़ लगाई। होड़ लगाने वाली भाषाओं में धार्मिक प्राकृतों (पालि और अर्ध-मागधी) का स्थान प्रमुख है। इन दोनों भाषाओं में उस युग की सांस्कृतिक उपलब्धियों को व्यक्त करने वाला विशाल साहित्य निर्मित हुआ था।

जहाँ तक सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक इतिहास का प्रश्न है, भारत के लिए इन भाषाओं का महत्त्व प्राचीन आर्य भाषा से कहीं अधिक है। दूसरे शब्दों में, इन साहित्यों में संस्कृत साहित्य की अपेक्षा कहीं अधिक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक सामग्री उपलब्ध है। यद्यपि प्रायः यह कहा जाता है कि संस्कृत तत्त्वतः वैयाकरणों द्वारा उत्थापित भाषा थी जिसका वर्ग विशेष के लोगों ने साहित्यिक भाषा के रूप में ही नहीं, वरन् बोलचाल की भाषा के रूप में भी उपयोग किया; किन्तु इस सम्बन्ध में मतभेद भी व्यक्त किया जाने लगा है। यहां किसी विवाद में पड़ने के बजाय हम इतना स्वीकार कर सकते हैं कि संस्कृत के संस्कृतीकरण में असंख्य वैयाकरणों का क्रियात्मक योग रहा, जिसके प्रमाण हमें प्रातिशाख्यों से लेकर बहुत बाद तक मिलते हैं। वैया–करणिक शोध-प्रक्रियाओं की चरमसीमा हमें पाणिनि और पतंजलि कृत अष्टाध्यायी और महाभाष्य में दिखाई पड़ती है; किन्तु हमें यह न भुला देना चाहिये कि संस्कृत का शुद्धीकरण प्राचीन भारतीय आर्य बोलियों से हुआ जो ऋग्वेद के समय से ही देश में धारावाही रूप में चली आ रही थीं और जो

पाणिनि और पतंजलि और उनके शताब्दियों बाद तक भी संस्कृत के समानान्तर प्रवाहमय रहीं और वे तब तक रहीं जब तक कि मध्य भारतीय आर्य भाषा ने प्राचीन भारतीय आर्य भाषा की स्थिरता को बोलचाल के माध्यम के रूप में अन्तिम रूप से उलट न दिया और जब तक कि नव्य भारतीय आर्य भाषा अपनी सरलता लेकर बोलचाल का भार-वहन करने के लिये न आ गई।

कुछ लोगों की यह धारणा हो सकती है कि वह संस्कृत जिससे वे परिचित हैं, प्राचीन आर्य भाषा का सर्वस्व है। प्राचीन आर्य बोलियों का उल्लेख समय-समय पर पाणिनि और पतंजलि ने भी किया है। उन्होंने अपनी कृतियों में उन रूपों और अर्थों का उल्लेख भी किया है जो किसी विशेष स्थान पर प्रचलित थे, किन्तु तत्कालीन आर्यावर्त में संस्कृत भाषा के सामान्य ढाँचे में फिट नहीं हो पाये थे। इन बोलियों का विस्तृत ज्ञान प्राचीन आर्य भाषा के आलोचनात्मक अध्ययन से ही सम्भव हो सकता है, किन्तु इन बोली सम्बन्धी प्रवृत्तियों की प्रतीति हमें प्राचीन आर्य भाषाओं की रचनाओं में स्थान-स्थान पर हो जाती है। इसके अध्ययन में मध्यकालीन आर्य भाषा और नव्य आर्य भाषा की सहायता बड़ी उपयोगी सिद्ध हो सकती है।

आर्य भाषा : विकास-क्रम

प्राचीन आर्यभाषा के संस्कार के मूल में दो कारण काम कर रहे थे—प्रथम तो यह कि जैसे-जैसे आर्य फैलते गये उनकी भाषा में अन्तर पड़ता गया, इसलिए अपनी राष्ट्रीयता की रक्षा और पारस्परिक संबंध और सहयोग स्थापित करने के लिये उन्होंने एक टकसाली भाषा बनाने का प्रयत्न किया जिससे सम्पूर्ण आर्यावर्त की एक ही शिष्ट भाषा बन सके; दूसरा कारण यह था कि उस समय भारत पर बाह्य आक्रमण होने लगे थे। आक्रमणकारी अपने साथ अपनी नवीन भाषा और संस्कृति लेकर आये थे। एक अन्य कारण यहाँ की अन्य अनार्य भाषाएं भी थीं। द्राविड़, आदि मुंडा भाषाओं के शब्दों का आर्य भाषा में भी प्रचलन होने लगा था। यदि यह क्रम चलता रहता तो संस्कृत के रूप की शुद्धता का अक्षुण्ण रहना असंभव हो जाता। यही सोच कर अपनी भाषा की रक्षा और भाषा के द्वारा संस्कृति और एकता की रक्षा के लिये वैयाकरणों ने भाषा को व्याकरण से जकड़ कर अभेद्य बना दिया। ऐसा कर उन्होंने साहित्यिक भाषा की तो रक्षा कर ली, परन्तु लौकिक भाषा में यह आदान-प्रदान बराबर होता रहा। साहित्य भी इस प्रभाव से पूर्णरूप से अछूता न रह सका। विभिन्न स्थानों के आर्य विभिन्न प्रकार के प्रयोग काम में लाने लगे। कोई 'क्षुद्रक" (छोटा) कहता था, तो कोई "क्षुल्लक", कोई "श्रवण" कहता था तो कोई "श्रोणा"। एक "ड" भिन्न भिन्न स्थलों में ल, ळ, ड़, ल्ह रूप में बोला जाता था।

इससे यह निष्कर्ष निकला कि उस समय भाषा के दो रूप बन गये। पाणिनि के व्याकरण द्वारा अनुशासित भाषा 'संस्कृत' कहलाई और इसके समानान्तर ही एक दूसरी भाषा भी चलती रही, जिसे जनसाधारण की भाषा कहा जाता था। इन दोनों भाषाओं का उद्‌गम वैदिक भाषा से ही हुआ। पाणिनि द्वारा जिस भाषा का संस्कार किया गया वह पहले तो 'संस्कृता वाक्' कहलाई, परन्तु कालान्तर में केवल संस्कृत कहलाने लगी। डाक्टर धीरेन्द्र वर्मा का कहना है कि "साहित्यिक भाषा से भिन्न लोगों की कुछ बोलियाँ भी अवश्य थीं; इसके प्रमाण हमें तत्कालीन संस्कृत–साहित्य में मिलते हैं। पतञ्जलि के समय के व्याकरण शास्त्र जानने वाले केवल विद्वान् ब्राह्मण शुद्ध संस्कृत बोल सकते थे। अन्य ब्राह्मण अशुद्ध संस्कृत बोलते थे तथा साधारण लोग 'प्राकृत भाषा' (स्वाभाविक बोली) बोलते थे।"* अतः जनसाधारण की बोली जो वैदिक काल के अधिक समीप थी 'प्राकृत' कहलाने लगी। भाषा के इन दो रूपों का प्रमाण वाल्मीकीय रामायण से भी मिलता है। "हनुमान जब अशोक-वाटिका में सीताजी के पास गये तो इस पशोपेश में पड़ गये कि "द्विजी" भाषा में बोलूँ या मानुषी भाषा में। द्विजी भाषा विद्वानों की भाषा थी जिसे संस्कृत कहा जाता है और "मानुषी" भाषा जनसाधारण की थी जिसे प्राकृत कहा जाता है। अन्त में उन्होंने मानुषी भाषा में ही बातचीत की।"†

भाषा के इन दो रूपों के विषय में डा० श्यामसुन्दरदास भी आश्वस्त हैं—"वेदकालीन कथित भाषा से ही संस्कृत भी उत्पन्न हुई और अनार्यों के सम्पर्क से अन्य प्रान्तीय बोलियाँ भी विकसित हुईं। संस्कृत ने केवल चुने हुए प्रचुर-प्रयुक्त व्यवस्थित व्यापक शब्दों से ही अपना भंडार भरा, पर औरों ने वैदिक भाषा की प्रकृति-स्वच्छन्दता को भरपेट अपनाया। यही उनके प्राकृत (स्वाभाविक या अकृत्रिम) कहलाने का कारण है; यही उनमें वैदिक भाषा की उन विशेषताओं के उपलब्ध होने का रहस्य है जो संस्कृत में कहीं दीख नहीं पड़ती।"

इस प्रकार संस्कृत भाषा व्याकरण से सुरक्षित होकर व्यापक और शिष्ट समाज की भाषा बन गई। संस्कृत यह काम कई शताब्दियों तक करती रही, परन्तु जब मगध में मौर्यों का प्रभाव बढ़ा तो इस पूर्वी प्रदेश की बोली ने, जो वैदिक भाषा से भी कुछ अंशों में भिन्न रही थी, सिर उठाया। परन्तु मौर्यों के उपरान्त पुनः संस्कृत का प्रभुत्व बढ़ा। उसके पश्चात् बहुत

*डा० श्यामसुन्दरदास, हि० भा० का इतिहास
†चन्द्रबली पांडेय, भाषा का प्रश्न

समय तक यह भारत की प्रादेशिक भाषाओं को प्रभावित करती हुई सर्वव्यापक रही। इसकी रक्षा का पूर्ण प्रयत्न किया गया। संस्कृत साहित्य की रक्षा के लिए प्राचीन युग में जो युक्तियां काम में लाई गईं वे सभ्य संसार के इतिहास में अद्वितीय हैं। श्रुति की रक्षा के लिए पदपाठ, क्रमपाठ, जटापाठ आदि कृत्रिम उपायों का सहारा लिया गया। भाव-गरिमा की रक्षा सूत्र-शैली से की गई। इससे भाषा का स्वरूप रक्षित रहा। बहुत समय तक संस्कृत का स्थान सर्वव्यापक रहा, परन्तु कालान्तर में वह राष्ट्रीय से साम्प्रदायिक बन गई। इसके कारण निम्नलिखित थे:—

(१) वह जनसाधारण के लिए अत्यन्त क्लिष्ट थी। उसके व्याकरणिक नियम ही इसके कारण थे।

(२) आर्य जैसे-जैसे फैलते गये उनका सम्पर्क दूसरे भाषा-भाषियों से होता गया। उन्होंने भी काल-धर्म को स्वीकार कर इन नवीन भाषाओं से आदान-प्रदान प्रारंभ कर दिया।

(३) महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध ने अपने उपदेशों का प्रचार जनसाधारण की बोलियों में किया, जिससे अर्द्धमागधी और मागधी बोलियाँ धर्म का आश्रय पाकर संस्कृत की बराबरी करने लगीं। बोलियों का यह भेद प्राचीन काल में भी था—एक पूर्व प्रदेश में पूर्वागत आर्यों की बोली और दूसरा पश्चिम भाग अर्थात् 'मध्य देश' में नवागत आर्यों की बोली। गौतम बुद्ध ने ब्राह्मण-धर्म के विरोध मे ही संस्कृत का विरोध किया था।

(४) इस नये धर्म के प्रभाव से बचने के लिये संस्कृत को और भी जटिल बना कर एक साम्प्रदायिक भाषा का रूप दे दिया गया। अत: उसका व्यापक प्रभाव कम हो गया।

इतना होने पर भी संस्कृत बहुत समय तक विद्वानों की भाषा बनी रही। संस्कृत साहित्य संसार का सबसे समृद्ध और उन्नत साहित्य माना जाता है। भारत में आज भी संस्कृत का प्रचार है। वह सदा से ही भारत की अन्य भाषाओं को प्रभावित कर समृद्ध बनाती रही है।

प्राचीन वैदिक भाषा और संस्कृत भाषा के रूप की तुलना कर लेने से यह प्रकट हो जाता है कि

(१) प्राचीन भाषा की अपेक्षा उत्तरवर्ती भाषा में स्वरों की संख्या अपेक्षाकृत कम है।

(२) ऌ का प्रयोग बहुत सीमित हो गया है।

(३) च-वर्ग और ट-वर्ग ध्वनियों का विकास हुआ है;

(४) तीन क-वर्ग के स्थान पर एक ही क-वर्ग रह गया है।
(५) स्पर्शों में प्रत्येक वर्ग में एक-एक अनुनासिक और बना लिये गये हैं।
(६) उदासीन स्वर भी लुप्त हो गया है। उसके स्थान पर 'इ' का प्रयोग होने लगा है।
(७) दो नई ऊष्मध्वनियाँ आ गई हैं—श और स।
(८) ह-ध्वनि का भी प्रयोग होने लगा है।

प्राचीन भाषा में कुछ ऐसी विशेषताएँ थीं जो उत्तरवर्ती भाषा में नहीं मिलतीं—

(१) ऐ और औ का उच्चारण क्रम से 'आइ' और 'आउ' था।
(२) शब्दों में धातु का अर्थ अपरिवर्तनीय था। बाद में बदलने लगा।
(३) स्वराघात संगीतात्मक था, परन्तु बाद में समाप्त हो गया।
(४) आठ कारक, तीन वचन और तीन लिंग थे।
(५) रूप-रचना जटिल थी। बाद में नियमित और सरल हो गई।
(६) वाक्य में शब्द का स्थान और क्रम निश्चित नहीं था।
(७) उपसर्ग मूल शब्द से पृथक् कहीं भी रक्खे जा सकते थे।

उपर्युक्त विशेषताओं के अतिरिक्त वैदिक भाषा की कुछ ऐसी विशेषताएँ थीं जो परवर्ती संस्कृत में न मिल कर केवल प्राकृत में मिलती हैं।

(१) प्राकृत में व्यंजनान्त शब्द का प्रयोग प्रायः नहीं होता। संस्कृत के व्यंजनान्त शब्द का अन्तिम व्यंजन प्राकृत में लुप्त हो जाता है—जैसे, संस्कृत 'तावत्' प्राकृत में 'ताव' हो जाता है। वैदिक भाषा में दोनों प्रकार के प्रयोग मिलते हैं, जैसे 'पश्चात्' और 'पश्चा'; पर संस्कृत में इस प्रकार व्यंजन का लोप नहीं होता।

(२) प्राकृत में संयुक्त वर्णों में में एक का लोप कर पूर्ववर्ती ह्रस्व स्वर को दीर्घ कर देते हैं। जैसे, कर्तव्य=कातव्य, निश्वास=नीसास। वैदिक भाषा में भी ऐसा होता है; जैसे दुर्दम=दूडभ; दुर्णाश=दूणाश।

(३) स्वरभक्ति का प्रयोग दोनों भाषाओं में प्रचुरता से होता है। जैसे, प्राकृत–स्व=सुव। वैदिक–तन्व=तनुव।

(४) दोनों में ही पदगत किसी वर्ण का लोप कर उसे फिर संकुचित कर दिया जाता है। जैसे–राजकुल=(प्राकृत) राउल; शतक्रतवः=(वैदिक) शतक्रत्व।

(५) शौरसेनी प्राकृत में अकारान्त शब्द प्रथमा के एकवचन में 'ओकारान्त' हो जाता है । जैसे देवः=शौरसेनी–देवो । सः चित्=(वैदिक) सो चित् ।

उपर्युक्त उदाहरणों से यह स्पष्ट हो जाता है कि "प्राचीन वैदिक भाषा से ही प्राकृतों की उत्पत्ति हुई, अर्वाचीन संस्कृत से नहीं । यद्यपि लोगों ने समय-समय पर प्राकृत को नियमित और आबद्ध करने का प्रयत्न किया तथापि बोलचाल की उस भाषा का प्रवाह किसी-न-किसी रूप में चलता रहा । उसमें कोई रुकावट न हो सकी । यही 'प्राकृत' अथवा बोलचाल की आर्य भाषा क्रमशः आधुनिक भारतीय देशभाषाओं के रूप में प्रकट हुई ।

मध्ययुगीन भारतीय आर्य भाषाओं का समय ईसा पूर्व छठी शती से ई० की ११वीं शती तक (कुछ लोग १३०० ई० तक मानते हैं) माना गया है । इस काल में संस्कृत का पराभव होकर प्राकृत का प्रभाव और प्रसार हुआ । संस्कृत के प्राचीन युग में प्राकृत जनसाधारण की भाषा थी । इसी कारण उसमें साहित्य की रचना नहीं हुई । प्राचीन उल्लेखों में उसका प्रयोग कहीं-कहीं अशिष्ट भाषा के रूप में ही मिलता है । परन्तु यह भाषा जनता का आश्रय ग्रहण कर निरन्तर विकसित होती गई, किन्तु अपने विकास-क्रम में इसने अपनी माता वैदिक भाषा से सदैव निकट सम्पर्क स्थापित करने का प्रयत्न किया । मध्य-युग में आकर इस भाषा ने क्रमशः साहित्यिक रूप धारण किया और इसका विकास तीव्र गति से हुआ । इस दीर्घ काल में इसके रूपों में तीन प्रमुख परिवर्तन हुए । इनमें से पहला रूप पाली, दूसरा रूप साहित्यिक प्राकृत तथा तीसरा रूप अपभ्रंश कहलाया । कुछ विद्वान् इन रूपों को क्रमशः प्रथम प्राकृत, द्वितीय प्राकृत और तृतीय प्राकृत भी कहते हैं । समष्टिरूप से हम मध्ययुग को "प्राकृत युग" के नाम से सम्बोधित कर सकते हैं । प्राकृत युग कहने से यह स्पष्ट हो जाता है कि इस काल की भाषा के तीनों रूप संस्कृत से उत्पन्न न होकर वैदिक भाषा की परम्परा में ही रहे । उन्होंने संस्कृत से प्रेरणा लेकर उसके शब्दभंडार का उपयोग तो किया, परन्तु अपनी प्राकृति को अक्षुण्ण रक्खा । हिन्दी इस परम्परा की अन्तिम कड़ी है ।*

प्राकृत के उपर्युक्त तीनों रूपों के आधार पर मध्ययुग को तीन कालों में विभाजित किया गया है:—

(१) आदिकाल—प्रथम प्राकृत या पाली (छठी ई० पूर्व से १ ई० पूर्व) ।

---

*श्यामसुन्दरदास, हिन्दी भाषा का इतिहास

(२) **मध्यकाल**—साहित्यिक प्राकृत भाषाएँ अथवा दूसरी प्राकृत (१ ई० से ५०० ई० तक) ।

(३) **उत्तरकाल**—तीसरी प्राकृत अथवा अपभ्रंश (५०० ई० से १००० ई० तक) । कुछ विद्वान् स्थूल रूप से अपभ्रंश का समय ईसा की दूसरी शताब्दी से १३वीं शताब्दी के अन्त तक मानते हैं ।

बोलचाल की भाषा का सबसे प्राचीन उपलब्ध रूप हमें अशोक के शिलालेखों तथा प्राचीन बौद्ध और जैन ग्रंथों में मिलता है । इस काल में भी बोली-भेद था । इन धर्म-लिपियों की भाषा से यह स्पष्ट होता है कि उस समय उत्तर भारत में बोली के तीन भिन्न-भिन्न रूप थे—पूर्वी, पश्चिमी और पश्चिमोत्तरी । दक्षिणी रूप का कोई उल्लेख नहीं मिलता, परन्तु धर्म लिपियों की भाषा को देखने से यह नहीं प्रतीत होता कि वह किसी भी बोली का प्रथम साहित्यिक रूप है । इस विषय में डॉ० धीरेन्द्र वर्मा का मत है कि—"मध्यकाल के उदाहरण अधिक मात्रा में पहले-पहल अशोक की धर्म-लिपियों में पाये जाते हैं । यहाँ यह प्राकृत प्रारंभिक अवस्था में नहीं है, किन्तु पूर्ण विकसित रूप में है ।" इसका स्पष्ट अर्थ है कि यह भाषा पहले ही साहित्यिक रूप प्राप्त कर चुकी थी । पाली उसका प्रथम साहित्यिक रूप नहीं था । परन्तु उस पहले रूप के प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं । इस भाषा को बौद्ध मत के प्रभाव से जो साहित्यिक और धार्मिक रूप प्राप्त हुआ तो यह 'पाली' कहलाने लगी। पाली शब्द की उत्पत्ति संस्कृत 'पंक्ति' शब्द से मानी जाती है । पहले त्रिपिटक की मूल पंक्तियों के लिये इसका प्रयोग होता था । पंक्ति से पंत्ति 7 पत्ती 7 पट्टी 7 पाटी 7 पाली, यह रूप हुआ । इस पाली को पंत्ति, मागधी या मागधी निरुक्ति भी कहते थे । बौद्ध पाली को ही आदि भाषा मानते थे । उनका कथन है कि "आदि कल्प में उत्पन्न मनुष्य-गण, ब्रह्मगण, संबुद्धगण एवं वे व्यक्तिगण जिन्होंने कभी कोई शब्दालाप नहीं सुना जिसके द्वारा भाव-प्रकाशन किया करते थे, वही मागधी भाषा मूल भाषा है ।" बौद्धों का यह आग्रह धार्मिक आग्रह-मात्र है । सभी धर्म के अनुयायी अपने धर्म-ग्रन्थों की भाषा को ही मूल भाषा मानते आये हैं ।

पालिभाषा की उत्पत्ति के संबंध में निश्चित रूप से कुछ इसलिए नहीं कहा जा सकता कि जिस भाषा को पाली नाम से अभिहित किया जाता है वह अपने मूल रूप में बौद्धों की भाषा ही नहीं थी अपितु शौरसेनी प्राकृत की भाँति मध्यदेशीय भाषा थी जो देश के अन्य भू-भागों में भी प्रचलित थी। उसकी कड़ी को वैदिककालीन बोली की शृंखला से वियुक्त नहीं किया जा सकता । हमें यहाँ यह समझने की भूल नहीं करनी चाहिये कि पाली* नाम की भाँति ही यह भाषा बहुत बाद की है ।

*देखिये, लेखककृत पालिभाषा और साहित्य

अकृत्रिम भाषा में (१) छंदस् की भाषा, (२) अशोक की धर्म-लिपियों की भाषा, (३) बौद्ध ग्रन्थों की पाली, (४) जैन सूत्रों की मागधी, (५) ललित विस्तर की गाथा या गड़बड़ संस्कृत और (६) प्राकृत शिलालेखों की अनिर्दिष्ट प्राकृत, ये ही पुराने नमूने हैं। जैन सूत्रों की भाषा मागधी या अर्द्ध मागधी कही गई है। उसे आर्य प्राकृत भी कहते हैं। पीछे से प्राकृत वैयाकरणों ने मागधी, अर्द्ध मागधी, पैशाची, शौरसेनी, महाराष्ट्री आदि देश-भेद के अनुसार प्राकृत भाषाओं की छांट की।

बौद्ध भाषा संस्कृत पर अधिक आधारित रही है। सिक्कों तथा लेखों की भाषा भी वैसी ही है। शुद्ध प्राकृत के नमूने जैन सूत्रों में मिलते हैं। यहाँ दो बातें ध्यान रखने की हैं—(१) एक तो यह कि जिसने व्याकरण बनाया, उसने प्राकृत को भाषा समझकर व्याकरण नहीं लिखा, (२) दूसरी बात यह कि संस्कृत नाटकों की प्राकृत को शुद्ध प्राकृत का नमूना नहीं मानना चाहिये। वह नकली या गढ़ी हुई प्राकृत है। पुराने काल की प्राकृत-रचना देश-भेद के नियत हो जाने पर, या तो मागधी में हुई या महाराष्ट्री प्राकृत में। शौरसेनी, पैशाची आदि केवल भाषा में विरल देश-भेद मात्र रह गईं। मागधी, अर्द्ध-मागधी तो आर्ष प्राकृत रह कर जैन सूत्रों में ही बंद हो गई। वह भी एक तरह की छंदस् की भाषा बन गई। प्राकृत वैयाकरणों ने महाराष्ट्री का पूरी तरह विवेचन कर उसी को आधार मानकर, शौरसेनी आदि के अन्तर को उसी के अपवादों की तरह लिखा है।

जो हो, देश-भेद से कई प्राकृत होने पर भी प्राकृत (साहित्य की प्राकृत) एक थी। जो पद पहले मागधी का था, वह महाराष्ट्री को मिला। वह परम प्राकृत और सूक्तिरत्नों का सागर कहलाई। राजाओं ने उसकी कद्र की थी। हाल (सातवाहन) ने उसके कवियों की चुनी हुई रचना की सतसई बनाई, प्रवरसेन ने सेतुबंध मे अपनी कीर्ति उसके द्वारा सागर के पार पहुंचाई, वाक्पति ने उसी में गौडवध किया, किन्तु यह पंडिताऊ प्राकृत हुई, व्यवहार की नहीं। जैनों ने धर्म-भाषा मान कर उसका स्वतन्त्र अनुशीलन किया। मागधी की तरह महाराष्ट्री भी जैन रचनाओं में ही शुद्ध मिलती है।

और छन्दों के होने पर भी जैसे संस्कृत का 'श्लोक' छन्द छन्दों का राजा है, वैसे ही प्राकृत की रानी 'गाथा' है। लम्बे छन्द प्राकृत में आये कि संस्कृत की परछाई स्पष्ट दीख पड़ी। एक समय ऐसा आया जब प्राकृत कविता का आसन ऊँचा हुआ और यह कहा गया कि देशी शब्दों से भरी प्राकृत कविता के सामने संस्कृत की कौन सुनता है। राजशेखर ने तो प्राकृत को मीठी और संस्कृत को कठोर कह डाला:—

"परुसा सक्कअ बन्धा पाउअबन्धो वि होइ सुउमारो।
पुरुस महिलाणं जेन्ति यमिहन्तर तेत्तियमिमाणं॥"

अपभ्रंश—"बाँध से बचे हुए पानी की धाराएँ मिलकर अब नदी का रूप धारण कर रही थीं, उनमें देशी की धाराएँ भी आकर मिल गईं। देशी और कुछ नहीं, बाँध से बचा हुआ पानी है, या वह पानी है जो नदी-मार्ग पर चला आया, बाँधा न गया। उसे भी कभी-कभी छानकर नहर में ले लिया जाता था। बाँध का जल भी रिसता-रिसता इधर मिलता जा रहा था। पानी बढ़ने से नदी की गति वेग से निम्नाभिमुखी हुई। उसका अपभ्रंश होने लगा।"

राजशेखर ने संस्कृत-वाणी को सुनने योग्य, प्राकृत को स्वभाव-मधुर, अपभ्रंश को सुभव्य और भूतभाषा को सरस कहा है। उसने काव्य-पुरुष का शरीर शब्द और अर्थ का बनाया है जिसमें संस्कृत को मुख, प्राकृत को बाहु, अपभ्रंश को जघनस्थल, पैशाची को पैर और मिश्र को उरु कहा है।

देशभाषा और साहित्यिक भाषा नाम से अपभ्रंश के दो भेदों का उल्लेख संस्कृत के प्राचीन नाटकों तथा कविताओं में मिलता है। नाटकों में सामाजिक व्यवहारों का प्रदर्शन होता है। इससे उस समय की देशभाषा के प्रचलित मुहावरों का नाटक में समावेश हो जाना स्वाभाविक है।

अपभ्रंश शब्द का अर्थ है बहुत नीचे गिरना और अपभ्रंश का तात्पर्य उस भाषा से जोड़ा गया जो बहुत नीचे गिरी हुई मानी गई। भाषा को यह नाम किसने दिया? अनुमानत: यह नाम ब्राह्मणों का दिया हुआ है। ब्राह्मणों ने ब्राह्मणेतर वर्णों का तथा सामान्य लोक में प्रचलित भाषा को अपभ्रंश नाम देकर लोकभाषा का तिरस्कार ही किया है। इसका एक प्रमाण यह है कि जिस वर्ग या वर्ण ने संस्कृत को देव-भाषा संज्ञा प्रदान की, उसी ने लोक भाषा को 'प्राकृत' और 'अपभ्रंश' संज्ञा प्रदान की और यह काम ब्राह्मणों के सिवा दूसरों का नहीं है।

यदि लोक-भाषा पतित या गिरी हुई होती है तो क्या वेद-भाषा लोक-भाषा नहीं थी? जिसको पाणिनि ने शिष्ट भाषा कहा है उससे वेद-भाषा भिन्न है। मुझे इसमें संदेह नहीं है कि वेदों की भाषा उस समय की लोकभाषा है—लोक की प्रकृति-सिद्ध या स्वाभाविक भाषा है और जो भाषा प्रकृतिसिद्ध हो उसे पतित या नीच कैसे कहा जा सकता है। अनेक प्राकृतों और वेदों की भाषा में गहन संबंध है। प्राकृतों का जितना सम्बन्ध वैदिक भाषा से दृष्टिगोचर होता है, उतना पाणिनि की शिष्ट भाषा से नहीं प्रतीत होता है। वैदिक और प्राकृत भाषाओं की क्रियाओं में अति निकट साम्य मिलता है' अतएव यह बड़े आश्चर्य की बात है कि वेदों में मिलने वाली लौकिक भाषा को तो 'आर्ष' कह कर पवित्र बतलाया जाये और लोक-प्रचलित भाषाओं को भ्रष्ट कह कर तिरस्कृत किया जाये।

कहने का तात्पर्य यह है कि लोक-भाषा को अपभ्रंश नाम ब्राह्मणों के मुख से ही मिला। जिस प्रकार कभी वेदों की भाषा लोक-भाषा रूप में प्रचलित थी उसी प्रकार अपभ्रंश कही जाने वाली भाषा भी कभी समस्त भारत में प्रचलित थी। ब्राह्मणों ने केवल यही नहीं कहा कि लोक-भाषा 'अपभ्रंश' है, वरन् यह भी कहा कि जो शास्त्र इस लोक-भाषा में रचित हैं वे प्रमाणित नहीं हैं, चाहे उनमें अहिंसादि तत्त्वों की मीमांसा ही क्यों न की गई हो। जिस प्रकार कुत्ते के चमड़े की कोथली में भरा गाय का दूध भ्रष्ट होता है, वह ग्रहणीय नहीं होता उसी प्रकार भ्रष्ट भाषा में निरूपित तत्त्व-ज्ञान भी ग्राह्य नहीं है—

"सन्मूलम्–अपि अहिंसादि श्वदृतिनिक्षिप्त क्षीरवत् अनुपयोगि अविश्रम्भणीय च।"

प्राचीन भाषा के पक्षपाती पंडितों ने 'अपभ्रंश' शब्द के प्रयोग से भाषा में जो खोट निकाल कर उसे तिरस्कृत किया है उसके लिए उसमें कोई गुंजाइश नहीं है। प्राचीन पंडितों ने अपभ्रंश में जिस भ्रष्ट उच्चारण का खोट निकाला था, वास्तव में खोट नहीं है वह तो लोक-भाषा की प्रकृति है जिसके आधार पर लोकभाषा, साधारण भाषा, जनपद भाषा देशी भाषा या प्राकृत भाषा नाम दिया जाना चाहिये था। जिस प्रकार गोरे लोगों ने हमारी भाषा को वर्नाक्यूलर नाम से अभिहित किया था उसी प्रकार उस समय के जातिवादी ब्राह्मणों ने साधारण जनभाषा को - लोकभाषा को—अपभ्रंश कहा था। फिर भी वाक्पति राजशेखर आदि वैदिक ब्राह्मणों ने प्राकृत भाषा की बड़ी प्रशंसा की है—"प्राकृत भाषा भाषा-मात्र की—शुद्ध संस्कृत तक की—जननी है।" यह कह कर उन्होंने प्राकृत भाषा का गुणानुवाद किया है। इतना ही नहीं वरन् उन्होंने इस भाषा में सेतुबंध, कर्पूरमंजरी जैसे ग्रन्थों की रचना करके प्राकृत भाषा के उत्कर्ष को ही दिखलाया है।

यह कहने की आवश्यकता नहीं कि मागधी और शौरसेनी शब्द प्रदेश-विशेष की भाषा के बोधक हैं और पैशाची शब्द जाति-विशेष की भाषा का ज्ञापक है। 'अपभ्रंश' शब्द का प्रयोग देश-विशेष या जाति-विशेष की भाषा के लिए नहीं हुआ, बल्कि वैदिक और लौकिक संस्कृत का भ्रष्ट रूप, आर्ष प्राकृत या साधारण प्राकृत का भ्रष्ट रूप, मागधी का भ्रष्ट रूप, शौरसेनी का भ्रष्ट रूप अथवा भाषाओं का भ्रष्ट रूप—अपभ्रंश के भाव में समाविष्ट हो जाता है।

जिस प्रकार प्राकृत भाषा का व्यापक अर्थ है, उसी प्रकार अपभ्रंश शब्द का भाव व्यापक है। यह एक विशिष्ट भाषा के अर्थ का द्योतक है। जिस भाषा की सूचना अपभ्रंश शब्द देता है। वह कब उत्पन्न हुई थी, यह कहना दुष्कर है।

भाषा-विज्ञान की दृष्टि से देखने से अपभ्रंश भाषा अपना जन्म सम्बन्ध वैदिक युग की आदिम प्राकृत के साथ रखती है। वैदिक युग में जो भाषा बोल-चाल में प्रचलित थी, वह आदिम प्राकृत के नाम से प्रसिद्ध है। आदिम प्राकृत के बोलने वाले आर्यों अथवा उनके सम्पर्क में आने वाले आदि लोक का उच्चारण एक-सरीखा नहीं था। आशय यह है कि उच्चार्यमाण आदिम प्राकृत का जो उच्चारण-विशेष भ्रंश को प्राप्त हुआ उसका ए समग्र नाम अपभ्रंश नाम से अभिहित किया जा सकता है। याद रखने की बात है कि आदिम प्राकृत के भ्रष्ट उच्चारण का सूचक अपभ्रंश शब्द भाषा विशेष का सूचक न था। फिर भी विशेष भाषा-रूप अपभ्रंश का बीज उ भ्रष्ट उच्चारण में निहित है, इसमें संदेह नहीं है।

अपभ्रंश शब्द का सबसे पहला उपलभ्य प्रयोग पतंजलि के 'महाभाष्य में मिलता है। वहाँ अपभ्रंश शब्द केवल अशुद्ध या विकृत उच्चारण का सूच है। वे कहते हैं कि अशक्ति से किसी प्रकार ब्राह्मणी द्वारा 'ऋतक' के स्था पर 'लृतक' प्रयुक्त हुआ। ब्राह्मणी का यह 'लृतक' उच्चारण भ्रष्ट है। इ प्रकार उनके समीप गँवारों (ग्राम्य-जनों) के उच्चारण—असामर्थ्य के कार बिगड़े हुए संस्कृत शब्द ही अपभ्रंश हैं। वे कहते हैं कि प्रत्येक शब्द के अने विकृत रूप हो गये हैं; जैसे—'गो' के 'गऊ' 'गवी' गोता, 'गोपोतलिका' गो आदि हो गये हैं। इस दृष्टि से अपभ्रंश का अर्थ केवल विकार, विभ्रंश विभ्रष्ट होता है जो भरत ने भी माना है।

अपभ्रंश का विशेष अर्थ—धीरे-धीरे किसी एक भाषा के प्राबल्य के व से वही भाषा सर्वसाधारण की लोक-भाषा बन गयी। वैदिक या लौकिक संस् में पहले पहल 'अपभ्रंश' का प्रयोग साधारण या यौगिक अर्थ में ही होता थ रूढ़ प्रयोग तो बहुत बाद में हुआ है।

विशेष भाषा के अर्थ में 'अपभ्रंश' का प्रयोग

(१) भरत के नाट्यशास्त्र में जिसकी रचना विक्रम की छठी श से पूर्व मानी जाती है, १७ वें अध्याय में अतिभाषा, आर्यभाषा, जातिभा योन्यन्तरी भाषा, भाषा, विभाषा आदि अनेक सामान्य पदों द्वारा अने भाषाओं की महिमा प्रतिष्ठित की गई है। इसके उपरान्त मागधी, अवन्तिः प्राच्यभाषा—शौरसेनी, अर्द्धमागधी, बाह्लीका और दाक्षिणात्या इन स भाषाओं को भाषा नाम से अभिहित किया गया है तथा वनेचरी भाषा विभाषा के नाम से अभिहित किया गया है। शकार, आभीर, चाण्डाल, शब द्रमिल, आन्ध्र आदि की भाषाओं को (शकारी, चाण्डाली, आभीरी, शाब द्राविड़ी या द्रामिडी तथा आन्ध्र) विभाषाओं में गिनाया गया है।

भरत मुनि से सम्बन्धित उपर्युक्त विवेचन के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है:—

१—उनके समय में देशभाषा का प्रचलन था, जो संस्कृत और प्राकृत से भिन्न केवल प्रांतों की बोलचाल की भाषा थी।

२—उनके समय में सात भाषाएँ मानी जाती थीं—मागधी, अवन्तिजा, प्राच्या, शौरसेनी, अर्द्धमागधी, वाह्लीका, दाक्षिणात्या। ये उस समय की साहित्यिक भाषाएँ थीं और बोलचाल की भाषाओं को विभाषा कहते थे जिनमें शकारी, आभीरी, चाण्डाली, शाबरी, द्रामिल या द्राविड प्रमुख थीं। ये भाषाएँ हीन वर्ग या चरवाहा जाति के लोगों की बोलियाँ थीं।

३—चरवाहा आदि जातियों की भाषा का नाम आभीरी पड़ा और धीरे-धीरे उसने विशेष नाम तथा प्राकृत की साहित्यिक भाषाओं में विशेष स्थान प्राप्त कर लिया।

४—भरत के समय में अपभ्रंश को लोग जानने लग गये थे, यद्यपि यह उस समय अपनी प्रारम्भिक तथा विकासात्मक अवस्था में ही थी।

५—भरत ने 'उकार' को अपभ्रंश की मुख्य व्यापक विशेषता बतलाया है और उसने उसका प्रचार सिंध, सौवीर और पंजाब में बतलाया है। यही वह देश था जहाँ अपने गाय, घोड़े, ऊँट आदि पशुओं को लेकर ग्वाले लोग पहले-पहल आकर बसे थे। विशेषत: ऊँट वालों के लिए सिंधु नदी की बालुकाकीर्ण भूमि से अच्छा स्थान और कोई न था।

६—भरत ने आभीरी के लिए अपभ्रंश का प्रयोग कहीं भी नहीं किया है। इससे पता चलता है कि यह भाषा भरत के समय में अपने प्रारम्भिक विकास की अवस्था में थी और आभीरोक्ति के नाम से प्रसिद्ध थी। इसके बोलने वालों का स्थान पंजाब और ऊपरी सिंध में था। इस बोली का क्षेत्र संकुचित होने से—केवल पशुपालकों की भाषा होने के कारण—इसका साहित्य नहीं बनने लगा था। शनैः शनैः ये लोग दक्षिण तथा उत्तर की ओर बढ़े, आर्य जनता में इन्होंने अपने को मिला दिया और इन्हीं की वाणी के योग से प्राकृत को अपभ्रंश का रूप मिला।

२—चण्ड ने अपने प्राकृत-व्याकरण (वि० छठी शती) में "नलोपोऽपभ्रंशेऽधोरेफस्य"* सूत्र में विशेष भाषावाचक रूढ़ 'अपभ्रंश' पद का उपयोग किया है।

३—वलभी के राजा धरसेन द्वितीय के एक शिलालेख से जिसमें 'अपभ्रंश-प्रबन्ध' पद का प्रयोग हुआ है, अपभ्रंश पद के रूढ़ प्रयोग का

* देखिए, चण्ड का प्राकृत लक्षण, पृष्ठ २४, सूत्र ३७ (सत्य०)

साहित्यिक अपभ्रंश-काल पर पर्याप्त प्रकाश पड़ता है। शिलालेख की वह पंक्ति जिसमें रूढ़ अपभ्रंश पद का प्रयोग है—

"संस्कृतप्राकृताभ्रंशभाषात्रयप्रतिबद्धप्रबन्धरचनानिपुणः"

धरसेन का पिता गृहसेन जिसके विषय में यह शिलालेख लगवाया गया था, ५५९ और ५६९ ई० से सम्बद्ध किया गया है। इससे पता चलता है कि ईसा की छठी शताब्दी के मध्य में अपभ्रंश में साहित्यिक रचना होने लगी थी, यद्यपि अभी तक उस समय का कोई ग्रंथ उपलब्ध नहीं हुआ है।

४—भामह भी अपभ्रंश से परिचित थे। ये छठी शताब्दी के अन्त में वर्तमान थे। इन्होंने अपने 'काव्य' में लिखा है:—

"शब्दार्थौ सहितौ काव्यम् गद्यंपद्यं च तद् द्विधा।
संस्कृतं प्राकृतं चान्यदपभ्रंश इति त्रिधा ॥"

भामह के इस उल्लेख के आधार पर यह कहा जा सकता है कि छठी शताब्दी के अन्त तक अपभ्रंश भी काव्य-भाषा मानी जाने लगी थी, परन्तु इससे यह नहीं पता चलता कि यह भाषा किन लोगों द्वारा बोली जाती थी।

५—महाकवि दण्डी (वि० आठवीं शती) ने अपने समय की साहित्यिक भाषाओं में अपभ्रंश का भी नाम गिनाया है—

**"आभीरादिगिरः काव्येष्वपभ्रंश इति स्मृताः।
शास्त्रे तु, संस्कृतादन्यद् अपभ्रंशतयोदितम् ॥"**

(काव्यादर्श १ परि० श्लोक ३६)

दण्डी के इस श्लोक के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है—

१—आभीरादि की गिरा ही अपभ्रंश थी।

२—काव्य में अपभ्रंश का प्रयोग प्रतिष्ठित हो गया था।

६—'कुवलयमाला' कथा के कर्त्ता दाक्षिण्य चिह्न वा उद्योतनसूरि (वि० नवीं शती) ने अपनी कथा में अपभ्रंश पद का प्रयोग विशेष भाषा के अर्थ में किया है—

"किं चि अवब्भंसकया का वि य पेसायभासिल्ला"

(कुवलयमाला प्रारम्भ, हस्तलिखित अ०पा०)

७—रुद्रट ने (वि० नवीं शती) अपने काव्यालंकार में भाषाओं के ६ भेद किए हैं:—१. संस्कृत २ प्राकृत ३. मागध ४. पैशाची ५. शौरसेनी ६. अपभ्रंश, जिसके देश-भेद के कारण कई भेद हो गये थे—

**"प्राकृतसंस्कृतमागधपिशाचभाषाश्च शौरसेनी च।
षष्ठोऽत्र भूरिभेदो देशविशेषादपभ्रंश ॥"** २.१२

इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि मागधी आदि प्रांतीय भाषाओं के अतिरिक्त उन प्रांतों में अपभ्रंश भी कुछ भेद के साथ प्रचलित थी। यह उनकी तरह केवल एकदेशीय होकर नहीं रह गई थी।

८—**राजशेखर**—इनका समय भी नवीं शताब्दी है। राजशेखर ने बड़े कौशल से न केवल राजसभा में स्थित कवियों के स्थान का निर्देश किया है, वरन् संस्कृत आदि भाषाओं के प्रचार-स्थानों का उल्लेख भी कर दिया है। देखिए—

"तस्य चोत्तरतः संस्कृताः कवयो निविशेरन् ।
पूर्वेण प्राकृताः कवयो…………
पश्चिमेनापभ्रंशिनः कवयः
दक्षिणतो भूतभाषाकवयः

(काव्यमीमांसा पृ० ५४)

इससे स्पष्ट है कि अपभ्रंश के कवियों का स्थान राजशेखर ने पश्चिम माना है। इसी भाव को राजशेखर ने कुछ अधिक विस्तार देकर इस प्रकार व्यक्त किया है—

**"गौडाद्याः संस्कृतस्थाः परिचितरुचयः प्राकृते लाटदेशाः
सापभ्रंशप्रयोगाः सकलमरुभुवष्टक्कभादानकाश्च ।
आवन्त्याः पारियात्राः सहदशपुरजैर्भूतभाषां भजन्ते
यो मध्ये मध्यदेशं निवसति स कविः सर्वभाषानिषण्णः ।।**

इस प्रकार राजशेखर यह प्रकट कर देता है कि उसके समय में अपभ्रंश का प्रचार सारे मरु प्रदेश तक और भादानक प्रदेश में था। इससे हम यह नहीं कह सकते कि अपभ्रंश भाषा केवल उन्हीं प्रदेशों में बोली जाती थी, इसका तात्पर्य केवल यही है कि उस समय उन प्रदेशों के साहित्य में अपभ्रंश का प्रचलन था। राजशेखर यह भी लिखता है कि राजा के नौकरों को अपभ्रंश भाषा में प्रवीण होना चाहिये क्योंकि नौकरों के द्वारा ही राजा साधारण लोगों के दुःखों को जान सकता है। सम्भवतः राजशेखर ने इसी विचार से राजा के नौकरों के निमित्त यह नियम रखा है। एक अन्य श्लोक में राजशेखर ने एक और मार्के की बात कह दी है: वह यह कि सुराष्ट्र, चवण आदि स्थानों के कवि संस्कृत में रुचि रखते थे, परन्तु उसमें अपभ्रंश का पुट सदैव रहता था। श्लोक इस प्रकार है—

**"सुराष्ट्रचवणाद्या ये पठन्त्यर्पितसौष्ठवम् ।
अपभ्रंशवदंशानि ते संस्कृतवचांस्यपि"।।**

इस प्रकार मरु, टक्क और भादानक के साथ चवण और सुराष्ट्र ने भी साहित्यिक अपभ्रंश की वृद्धि में अपना योग दिया।

राजशेखर की काव्य-मीमांसा में अपभ्रंश से सम्बन्धित ये सूचनाएं मिलती हैं—

१—नाटकों में भृत्य पात्रों की भाषा अपभ्रंश होती थी।

२—राजकर्मचारी अपभ्रंश-भाषण-प्रवण होते थे।

३—संस्कृत के साथ लालित्य की वृद्धि के लिए काव्य में अपभ्रंश का प्रयोग भी प्रचलित हो गया था।

४—राजशेखर के समय अपभ्रंश भाषा साहित्यिक भाषा नहीं थी, अपितु बोलचाल की भाषा भी थी। साहित्य और बोलचाल की भाषाएँ एक दूसरे से बहुत सम्बन्धित थीं और दोनों जीवित भाषाएँ थीं। अन्य पुरानी प्राकृतों की भाँति अपभ्रंश अभी मृत भाषा नहीं हुई थी।

नमिसाधु की कुछ उक्तियों से भी अपभ्रंश की स्थिति पर काफी प्रकाश पड़ता है। काव्यालंकार की टीका में वे लिखते हैं—

"प्राकृतेवापभ्रंशः। सचान्यैरूपनागराभीरग्राम्यादभेदेन त्रिधोक्तस्तान्निरसायमुक्तं भूरिभेद इति कुतो देशविशेषात्। तस्यच लक्षणं लोकादेव सम्यगवसेयम्॥"

नमिसाधु की उक्तियों से यह बात प्रकाश में आती है कि "अपभ्रंश का प्रसार मगध तक था।" भारत के समय के अपभ्रंश के बीज (आभीरी) ने उगकर अपना प्रसार सिंध, मुलतान और उत्तर पंजाब तक कर लिया और धीरे-धीरे नमिसाधु के समय (वि० ११२५) तक उसकी शाखाएँ मगध तक फैल चुकी थीं।

यहाँ हम सरस्वती-कण्ठाभरण के रचयिता भोज और वाग्भटालंकार के रचयिता वाग्भट को भी अपभ्रंश के सम्बन्ध से भुला नहीं सकते क्योंकि अपभ्रंश की स्थिति पर रचना के उद्धरणों से पर्याप्त प्रकाश पड़ सकता है। भोज कहते हैं कि गुर्जर लोग अपने अपभ्रंश से ही तुष्ट होते हैं, उत्तर भाषाओं से नहीं:—"अपभ्रंशेन तुष्यन्ति नान्येन गुर्जरा।"

(सरस्वती-कण्ठाभरण, पृ० २ श्लोक १३)

और वाग्भट ने काव्य की काया के निर्माणार्थ चार भाषाओं का उल्लेख किया:—संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश और भूत-भाषित:—

"संस्कृतं प्राकृतं तस्य अपभ्रंशो भूतभाषितम्,
इति भाषाश्चतस्रोऽपि यान्ति काव्यस्य-कायताम्।"

(वाग्भटालंकार, पृ० २.१)

वाग्भट ने 'शुद्ध अपभ्रंश' की बात कह कर उसके विकार या भ्रंश की ओर भी इंगित किया है:—

"अपभ्रंशस्तु यच्च तद्शुद्धं देशेषु भाषितम्।"

(वाग्भटा० श्लोक ३)

उक्त विवेचन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि साहित्यिक अपभ्रंश का अस्तित्व विक्रम की छठी शती के आस-पास का है, किन्तु भरत द्वारा किया हुआ 'आभीरोक्ति' शब्द का प्रयोग और उसके उदाहरणस्वरूप प्रस्तुत किये गये अपभ्रंश पद्य साहित्यिक अपभ्रंश को विक्रम की छठी शती से भी पूर्व पहुँचा देते हैं।

बात यह है कि किसी भाषा में साहित्यिक रचना एक साथ ही नहीं फूट निकलती। जो भाषा लोक-भाषा के रूप में स्थिर हो जाती है, जिसके प्रयोग स्थिर हो जाते हैं, कवि उसी भाषा में अपने सब भावों को व्यक्त कर सकता है, किन्तु लोक-भाषा को साहित्यिक भाषा का रूप प्राप्त करने में समय तो लगता ही है। अतएव भरत मुनि द्वारा दिये हुए अपभ्रंश-पद्यों के आधार पर यह कहना अनुचित नहीं है कि इन साहित्यिक पद्यों की भाषा को उनके स्तर तक आने के लिए एक-डेढ़ शती का समय तो लग ही गया होगा। अतएव भाषा के रूप में अपभ्रंश का प्रचलन विक्रम की चौथी-पाँचवी शती तक पहुँच जाता है।

महायान पंथ के ललितविस्तर आदि ग्रन्थों के अपभ्रंश पद्य—तुलनात्मक भाषा विज्ञान की दृष्टि से देखने पर उक्त ग्रन्थों में आनेवाले अनेक पद्यों की भाषा चोखी अपभ्रंश है। बौद्धमहायान-परंपरा के ललितविस्तर, लंकावतार-सूत्र, सद्धर्मपुण्डरीक आदि-आदि अनेक ग्रन्थों में जो आज उपलब्ध हैं ऐसे अनेक पद्य मिलते हैं जो न तो संस्कृत के हैं न रूढ़ प्राकृत के; किन्तु उन पद्यों में आये हुए विभक्त्यन्त पदों को देखकर अपभ्रंश का कोई भी विद्वान् उनमें विकसित अपभ्रंश रूप को पा सकता है।

जैन ग्रन्थ वसुदेवहिंडि आदि में अपभ्रंश पद्य और गद्य—इसके उपरान्त जैन-ग्रन्थ वसुदेवहिंडि आवश्यक चूर्णि, कुवलयमाला आदि ग्रन्थों में स्पष्ट अपभ्रंश-पद्य विद्यमान हैं।

उक्त बौद्ध एवं जैन ग्रन्थों का समय—कुवलयमाला में ही सुन्दर संदर्भवाला गद्य अपभ्रंश मिलता है। कुवलयमाला का समय वि० की नवीं शती माना जाता है। आवश्यकचूर्णि का समय विक्रम की ८वीं शती है। जैनों का एक ग्रंथ 'विशेषणवती' है। उसका समय ७वीं शती है। इसी ग्रन्थ में 'वसुदेवहिंडि' ग्रन्थ का परिचय दिया हुआ है, जिसका समय ५वीं-६ठी शती के बीच में माना जाता है। इन जैन ग्रन्थों के आधार पर ही साहित्यिक अपभ्रंश का समय विक्रम की पाँचवीं शती के उत्तरार्ध में पहुँच जाता है।

बौद्ध ग्रन्थों का समय इनसे भी पूर्व जा पहुंचता है। ललितविस्तर का समय विक्रम की चौथी शताब्दी माना जाता है। इससे साहित्यिक अपभ्रंश

किसी चालू भाषा को साहित्यिक पद पर पहुँचते-पहुँचते एकाध शताब्दी का समय तो लग ही सकता है।

बोलचाल की अपभ्रंश तथा साहित्यिक अपभ्रंश का समय—इस प्रकार देखने पर बोलचाल का अपभ्रंश पाली, आर्षप्राकृत या अर्धमागधी का निकटवर्ती है और बोलचाल के अपभ्रंश के पीछे ही साहित्यिक अपभ्रंश का आविर्भाव घटित प्रतीत होता है। समय की दृष्टि से साहित्यिक अपभ्रंश का शैशवकाल विक्रम की तीसरी शताब्दी, किशोरकाल चौथी शताब्दी, और पाँचवीं शताब्दी के पीछे इसका यौवन काल माना जा सकता है।

'अपभ्रंश प्रबन्ध' के सूचक उक्त शिलालेख तथा पाँचवीं-छठी शती के वसुदेवहिंडि ग्रन्थ में आने वाले अपभ्रंश-पद्य साहित्यिक अपभ्रंश के जिस समय की सूचना देते हैं और उक्त ललितविस्तर के पद्यों से साहित्यिक अपभ्रंश के जिस विकासमान यौवनकाल का अनुमान कराया गया है, उनके बीच में विशेष अन्तर नहीं है। इसलिए साधारण रीति से साहित्यिक अपभ्रंश का समय पाँचवीं शती कहना अनुचित नहीं है।

अपभ्रंश का साहित्य—साहित्य की दृष्टि से देखने पर अपभ्रंश का साहित्य विपुल है। महाकवि चतुर्मुख, स्वयंभू, त्रिभुवन, तिलकमंजरीकार धनपाल, 'भविसयत्तकहा' का रचयिता द्वितीय धनपाल, पुष्पदंत, कनकामर और जोइंदु आदि कवियों का अपभ्रंश के विकास में बहुत बड़ा योग है।

अवहट्ट और अपभ्रंश—कुछ कवियों ने अपभ्रंश भाषा को 'अवहट्ट' (अपभ्रष्ट) शब्द से अभिहित किया है। अवहट्ट* और अपभ्रंश, इन दो पदों के अर्थ में विशेष अन्तर नहीं जान पड़ता।

अपभ्रंश का वैविध्य—जैन और बौद्ध कवियों ने अपभ्रंश भाषा में समान रूप से रुचि दिखलायी है। देशभेद और कालभेद में अपभ्रंश में एक तारतम्य मिलता है। भेददृष्टि से अपभ्रंश के शौरसेन, मागध, पैशाच आदि प्रान्तिक भेद किये गये हैं। जिस प्रकार एक सर्वसाधारण 'प्राकृत' के प्रान्तिक भेद शौरसेन प्राकृत, मागध प्राकृत आदि कहलाये, उसी प्रकार एक सर्वसाधारण अपभ्रंश के 'शौरसेन अपभ्रंश' आदि भेद हुए। इस संबंध में यह बात याद रखनी चाहिये कि मूल अपभ्रंश और प्रान्तिक अपभ्रंश में असाधारण अन्तर नहीं रहा था।

---

* संदेशरासक में भाषाओं की गणना में अपभ्रंश के लिये अवहट्ट (अपभ्रंशक) शब्द मिलता है—"अवहट्टय-सक्कय-पाइयंमि पेसाइयंमि भासाए।" गाथा—६

अर्थात् अवहट्टय (अपभ्रष्टक), संस्कृत, प्राकृत और पैशाचिक भाषाओं के नाम लिये गये हैं।

राजशेखर और मार्कण्डेय द्वारा किये हुए अपभ्रंश-भेद—राजशेखर के काव्यमीमांसा आदि अलंकार ग्रन्थों में अपभ्रंश के नागर, टक्क, व्राचड आदि भेद किये गये हैं। इस भेद-गणना की प्राचीन परंपरा का अनुसरण करके मार्कण्डेय ने अपभ्रंश के अनेक भेद किये हैं। मार्कण्डेय अपभ्रंश के नागर, व्राचड और उपनागर–इन तीन भेदों को प्रधान समझता है। इसके पश्चात् लाट, वैदर्भ, बार्बर, आवन्त्य, पांचाल, टाक्क, मालव, कैकय, गौड़, औढ्र, पाश्चात्य, पांड्य, कौन्तल, सैंहल, कालिंग्य, प्राच्य, कार्णाटिक, द्राविड़, गौर्जर, आभीर, मध्यदेशीय, वैतालिकी आदि सत्ताईस[1] भेदों की सूचना देता है।

विकास की दृष्टि से अपभ्रंश ने गद्य और पद्य दोनों शैलियों में विकास किया। ललितविस्तर महापुराण का गद्य-भाग सरल संस्कृत में है और पद्य-भाग अपभ्रंश भाषा में है। जिस प्रकार लोक-भाषा के ग्रन्थों में संस्कृत व असंस्कृत जैसी शैली विशेष शोभा देती है, उसी प्रकार ललितविस्तर की प्रांजल संस्कृत में लोक-भाषा की रचना से विशेष सौष्ठव आता है। प्रबन्ध-चिन्तामणि आदि प्रबन्ध-ग्रन्थों की एवं इसी प्रकार के अन्य कथा-ग्रन्थों की रचना-शैली देखकर तथ्य सामने आ सकता है।

लोकभाषामय रास आदि में संस्कृत-शैली जिस प्रकार भली प्रतीत होती है, उसका नमूना पृथ्वीराज-रासो तथा तुलसी-कृत रामचरितमानस में मिल सकता है:—

१. आदी देव प्रणम्य नम्य गुरयम् वानीय वन्दे पयं।
सिष्टं धारन धारयम वसुमती लच्छीस चर्नाश्रयम्।
(पृथ्वीराज रासो, पृष्ठ १)

२. अतुलितबलधामं स्वर्णशैलाभदेहं
दनुजवनकृशानुं ज्ञानिनामग्रगण्यम्।
सकलगुणनिधानं वानराणामधीशम्
रघुपतिवरदूतं वातजातं नमामि।
(रामचरितमानस, सुन्दर काण्ड : ३)

अपभ्रंश भाषा की विशेषताएँ

(१) संस्कृत तथा प्राकृत भाषाओं से प्राप्त अन्तिम स्वर का ह्रास हो जाता है।

(२) अन्तिम स्वर के पूर्व स्वर की मात्रा वैसी ही रहती है।

(३) द्वित्व व्यंजनों का अभाव और प्रथम अक्षर का दीर्घीकरण हो जाता है।

---

[1] दे. मार्कण्डेय प्राकृत स० पृष्ठ २ विभाग

(४) समीप में स्थित स्वरों का संकोच हो गया।
(५) अकारान्त पुल्लिंग शब्द के रूपों की प्रधानता हो गयी।
(६) लिंग-भेद समाप्तप्राय हो गया।
(७) तृतीया तथा सप्तमी और चतुर्थी-पंचमी-षष्ठी के रूपों का समन्वय तथा परसर्गों का प्रयोग हुआ।
(८) पुरुषवाचक सर्वनामों के रूपों में कमी हो गयी।
(९) विशेषणमूलक सर्वनामों के रूप नामों के समान होने लगे।
(१०) धातुओं के कालों में न्यूनता होगयी।
(११) कृदन्त रूपों का अधिक मात्रा में प्रयोग हुआ।
(१२) स्वर ध्वनियाँ अ, इ, उ,—ये ह्रस्व तथा आ, ई, ऊ, ए, ओ—ये दीर्घ मिलती हैं।
(१३) व्यंजनों में ङ और ञ को छोड़ कर सभी ध्वनियाँ मिलती हैं।
(१४) अन्त्य स्वर का लोप तथा ह्रस्व करने की प्रवृत्ति मिलती है जैसे—प्रिया 7 पिय, सन्ध्या 7 सांझ, क्षेत्रित 7 खेती।
(१५) उपधा (अन्त्याक्षर से पूर्व अक्षर) की सुरक्षा हुई है, जैसे—गोरोचन 7 गोरोअण, पुष्कर 7 पोक्खर।
(१६) कहीं-कहीं अन्त्याक्षर में व्यजन-ध्वनि के लोप हो जाने पर उपधा तथा अन्त्य स्वर का संकोच भी हो जाता है, जैसे—पोट्टलिका 7 पोट्टलि, परकीया 7 पराई।
(१७) आदि अक्षर के स्वर को सुरक्षित रखने की प्रवृत्ति है, जैसे—गभीर 7 गहिर, तडाग 7 तलाउ, ग्राम 7 गाम।
(१८) आदि व्यंजन को सुरक्षित रखने की प्रवृत्ति है। आदि का 'य' 'ज' में वदल जाता है, जैसे—याति 7 जाइ।
(१९) मध्यम व्यंजनों का लोप हो गया है, जैसे—परकीय 7 पराई, योगिन् 7 जोई। महाप्राण व्यंजनों के स्थान पर 'ह' हो गया है—यथा, मुक्ताफल 7 मुक्ताहल, शोभा 7 सोहा।
(२०) म का वँ हो गया है जैसे—भ्रमर से भँवर, कमल से कवँल।
(२१) अन्तिम व्यंजन का लोप हो जाता है, जैसे—जगत् 7 जग, आत्मन् 7 अप्पा (आप)।
(२२) नपुंसक लिंग तथा द्विवचन समाप्त हो गये।
(२३) कारकों में परसर्गों तथा कृदन्तों का प्रयोग होने लगा।
(२४) सर्वनामों में परिवर्तन हो गया, यत् का 'जो' तथा 'जे' रूप आ गया। किम् के स्थान पर क, कि, कवण (कौन) हो गये।

(२५) आत्मनेपद सर्वथा लुप्त हो गया। धातु-रूप भ्वादि-गण के समान ही चलने लगे।

(२६) शब्द-रूपों तथा धातु-रूपों में सरलता आ गई।

प्राकृत तथा अपभ्रंश भाषाओं में ऐसे बहुत से शब्द आ गये थे जिनकी सिद्धि संस्कृत धातुओं से नहीं होती थी और न वे तत्सम या तद्भव ही थे। ऐसे शब्दों को देशी कहा जाने लगा और जब ये शब्द अधिक मात्रा में आ गये तो वे देशी भाषा के नाम से अभिहित होने लगे।

इस समग्र विवेचन का निष्कर्ष यह है कि—

(१) अपभ्रंश दूसरी शती में आभीरोक्ति के नाम से पुकारी जाती थी और सिंध, मुलतान तथा उत्तर पंजाब में आभीर आदि पशु-पालक जातियों द्वारा, जो इन प्रांतों में आकर बस गई थीं, बोली जाती थी।

(२) छठी शताब्दी तक अपभ्रंश जो आभीरों की बोली कहलाती थी अपभ्रंश नाम से पुकारी जाने लगी और उसने अपना साहित्य भी बना लिया था। इसे भामह, दण्डी आदि काव्यशास्त्रियों ने भी स्वीकार किया है।

(३) नवीं शताब्दी में अपभ्रंश का आभीरों की बोली कहलाना बन्द हो गया और व्यवसायी व्यक्तियों की भाषा के रूप में वह पहचानी जाने लगी। अस्तु, नवीं शताब्दी तक यह जनसाधारण की भाषा हो चली थी और उसका प्रचार दक्षिण में सुराष्ट्र और पूर्व में मगध तक था।

(४) ग्यारहवीं शती के मध्य तक अपभ्रंश के कई भेद हो गये। उनमें से एक ने साहित्यिक भाषा के महत्त्व को प्राप्त किया। इस शती के पूर्वार्द्ध तक देश भाषाओं का प्रादुर्भाव प्रारंभ हो जाने पर भी अपभ्रंश की प्रधानता थी। देश-भाषाओं का प्रारम्भ तो प्रायः सातवीं शताब्दी से ही हो गया था, परन्तु उन्होंने वर्तमान रूप धारण करना बारहवीं शती के अन्त के आस-पास आरम किया था। चन्द कवि १३वीं शती के आरंभ में हुए थे। भाषा का वह आरम्भिक रूप चौहान राजा हमीर के समय (१२८३-१३०१ ई०) तक रहा था।

(५) अपभ्रंश के उपर्युक्त इतिहास का श्रेय भारत में आने वाले आभीरों* को ही है, जिन्होंने देश की भाषा में इतना बड़ा परिवर्तन कर दिया।

---

*आभीर जाति का उल्लेख महाभारत में मिलता है। जब अर्जुन कृष्ण की विधवाओं को लेकर लौट रहे थे, उस समय आभीरों ने ही उन पर पंचनद में आक्रमण किया था। आभीरों को मनुस्मृति में ब्राह्मण पिता और अम्बष्ठ माता से उत्पन्न माना है—"ब्राह्मणात् × × × आभीरोम्बष्ठकन्यायाम्"—(अध्याय १० १५) जान पड़ता है कि आभीर ईसवी शती के आरंभ में पंचनद में बसते थे। उनका काम गाय, ऊँट, घोड़े, आदि इधर-उधर

(६) अपभ्रंश आभीरों की निजी भाषा न थी, वरन् उनके उच्चारण से स्थानीय प्राकृत का जो परिवर्तित रूप हुआ, वह पीछे से अपभ्रंश कहलाया। आभीर पीछे के आये हुए विदेशीय थे। आर्यावर्त में बस जाने पर उन्होंने स्थानीय प्राकृतों को बोलना आरम्भ किया, परन्तु वे नवीन भाषा का उच्चारण ठीक-ठीक नहीं कर सकते थे। अतः आभीरों द्वारा प्राकृत का एक नवीन अपभ्रंश रूप प्रकट हुआ, जो कालान्तर में अपभ्रंश के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

(७) आभीर जाति ज्यों-ज्यों पूर्व दक्षिण की ओर बढ़ती गई, त्यों-त्यों वहां की प्रचलित प्राकृतों को बोलने लगी। यही कारण है कि पीछे के वैयाकरणों ने अपभ्रंश के कई भेद लिखे हैं।

(८) राजशेखर (९वीं शताब्दी ई०) के समय में अपभ्रंश का बहुल प्रयोग मारवाड़, टक्क, (पूर्व पंजाब) और भदानक प्रदेशों में होता था। सुराष्ट्र और त्रवण (पश्चिमीय राजपूताना) के लोग संस्कृत पढ़ सकते हैं, उसमें अपभ्रंश का मिश्रण रहता है—

सुराष्ट्रत्रवणाद्या: ये पठन्त्यर्पितसौष्ठवम्।
अपभ्रंशावदंशानि ते संस्कृतवचांस्यपि॥

(काव्यमीमांसा पृ० ३४)

(९) पीछे अपभ्रंश का साहित्य बढ़ता गया और ग्यारहवीं शताब्दी में इसमें साहित्य-रचना प्रचुरता से होने लगी। यों तो अपभ्रंश की रचनाएँ १४वीं शती के अन्त और १५वीं के आरम्भ तक भी हुईं, किन्तु ग्यारहवीं

चराते फिरना था। इसके लिए पंजाब की विस्तृत उर्वरा भूमि अत्यन्त उपयुक्त थी।

आभीर जाति क्रमशः प्रभुता प्राप्त करती गई। ईसवी सन् १८१ में क्षत्रप रुद्रसिंह के समय में उसके सेनापति के आभीर होने का उल्लेख मिलता है। सन् ३०० में में शिवदत्त का पुत्र ईश्वरसेन, जो नासिक का शासक था, आभीर था। इलाहाबाद के स्तंम्भ पर खुदे हुए समुद्रगुप्त के लेख (ई० सन् ३६०) से पता चलता है कि आभीर और मालव जाति राजस्थान, मालवा, और गुप्त साम्राज्य के दक्षिण-पश्चिम की सीमा पर शासन करती थी। इस प्रकार क्रमशः प्रबल होती हुई आभीर जाति पूर्व और दक्षिण की ओर विस्तार करती चली गई। आठवीं शताब्दी में जब 'काठी' लोगों ने सौराष्ट्र पर आक्रमण किया, उस समय वह देश आभीरों के अधिकार में था। 'फरिश्ता' ने तो खानदेश के प्रसिद्ध दुर्ग असीरगढ़ को आसा नामक अहीर का बनवाया हुआ बतलाया है।

शती का अंत होते-न-होते आधुनिक भाषाओं का जोर बढ़ा और उन्हीं में साहित्य की रचना होने लगी।

(१०) अपभ्रंश के विकास को ध्यान में रखकर उसके चार भेद किये जा सकते हैं—(i) आभीरी, (ii) ग्राम्य, (iii) उपनागर तथा (vi) नागर। नागर के तीन भेद हैं—(i) आदि रूप महाराष्ट्री, (ii) हेमचन्द्र द्वारा उल्लिखित तथा (iii) पुरानी हिन्दी।

(११) प्रमुख रूप से तो नागर, उपनागर और व्राचड—ये तीन भेद ही माने गये हैं।

एक हजार ई० के बाद मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषा के अंतिम रूप अपभ्रंश भाषाओं ने शनैः शनैः अपना रूप बदल दिया और उनमें से आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं का रूप आविर्भूत हुआ। हिन्दी के विकास में सबसे अधिक योग शौरसेनी और अर्द्धमागधी अपभ्रंशों का है।

हिन्दी भाषा के विकास का इतिहास सामान्यतया तीन मुख्य कालों में विभाजित किया जाता है: प्राचीनकाल, मध्यकाल और आधुनिककाल। प्राचीनकाल की सीमा १४०० ई० तक मानी गयी है। मध्यकाल १८५० तक रहता है और इसके बाद आधुनिक काल का पदार्पण माना जाता है।

वह समय, जबसे हम हिन्दी भाषा के इतिहास का प्रारम्भ मानते हैं, बड़ी उथल-पुथल का युग था। हिन्दी-प्रदेश उस समय तीन राज्यों में विभक्त था। पश्चिम के भाग में चौहानों का राज्य था जिसकी राजधानी दिल्ली थी। पृथ्वीराज के समय में अजमेर का राज्य भी इसमें मिल गया था। दिल्ली राज्य की सीमाएँ पश्चिम में पंजाब के मुसलमानी राज्य में मिली हुई थीं। दक्षिण पश्चिम में राजस्थान के राजपूत राज्य थे और यहाँ के राजाओं से चौहान राजाओं की घनिष्ठता थी, किन्तु पूर्वी सीमा प्रायः कलहाक्रान्त थी। वहाँ प्रायः घरेलू युद्ध होते रहते थे। चौहान राज्य के पूर्व में राठौर राज्य था जिसकी राजधानी कन्नौज थी। इसका विस्तार अयोध्या और काशी तक था। चौहान और राठौर दरबारों में साहित्य-चर्चा की प्रधानता थी। नरपतिनाल्ह का सम्बन्ध अजमेर से और चंद का दिल्ली से था। इधर राठौरवंशीय जयचद का दरबार भाषा-साहित्य-चर्चा का प्रधान केन्द्र था। राठौर और चौहान राज्यों के दक्षिण में महोबा का प्रसिद्ध राज्य था। प्रसिद्ध कवि जगनिक इसी राज-दरबार से सम्बन्धित थे।

यह हिन्दी-प्रधान देश सामान्यतया मध्य देश के नाम से अभिहित है। इससे सम्बन्धित उक्त तीनों राज्य सन् ११९१ ई० के बाद लगभग एक दशक के भीतर ही नष्ट हो गये। इस समय पृथ्वीराज पानीपत के निकट गोरी से हारा। अगले वर्ष जयचंद इटावा के पास विजित हुआ। इस प्रकार दो-तीन

वर्ष के भीतर ही मुसलमानों ने दिल्ली राज्य के अतिरिक्त कन्नौज से काशी तक के प्रदेश पर अधिकार कर लिया। थोड़े ही समय में महोबा भी उनके हाथों में आगया। इस प्रकार समस्त हिन्दी-भाषी प्रदेश विदेशी शासकों के अधिकार में आगया। नयी भाषा के विकास को यह बड़ा भारी धक्का था और इसका प्रतिफल हिन्दी को आज तक भोगना पड़ रहा है।

हिन्दी भाषा के इतिहास के समग्र प्राचीन युग में मध्य देश पर ही नहीं, शेष उत्तर भारत पर भी मुसलमानों का साम्राज्य कायम रहा। शासकों की भाषा तुर्की और उनके दरबारों की भाषा फारसी थी। इससे हिन्दी के विकास को एक भीषण धक्का लगा। इसका एक कारण यह भी था कि शासकों की रुचि भी जनभाषा या जन-संस्कृति के मूल स्रोतों के अध्ययन की ओर नहीं थी। साहित्यिक रुचि के जो लोग शासकों के सम्पर्क में रहते थे वे भी हिन्दी के प्रति विशेष रुचि नहीं दिखला सकते थे। परिणाम यह हुआ कि इस शासन के तीन सौ वर्षों के युग में हिन्दी भाषा की उन्नति में कोई सहायता नहीं मिली। अमीर खुसरो जैसे लोग बहुत कम ही हुए, जिन्होंने, भले ही मनोरंजन के लिए ही सही, हिन्दी भाषा से प्रेम दिखलाया। इन्हीं दिनों में पूर्वी भारत में धार्मिक आन्दोलनों का आविर्भाव हुआ। उनके कारण भाषा का कुछ विकास हुआ, किन्तु राज्य ने भाषा के विकास में योग देने के स्थान पर बाधा ही प्रस्तुत की। उन आंदोलनों में गोरखनाथ, रामानन्द, कबीर आदि का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

हिन्दी भाषा के प्राचीन युग की सामग्री इन स्रोतों से उपलब्ध होती है:—

(१) शिलालेख, ताम्रपत्र एवं प्राचीन पत्र आदि
(२) अपभ्रंश काव्य
(३) धार्मिक हस्तलिखित प्रतियां
(४) चरण काव्य
(५) अन्य काव्य ग्रंथ
(६) पुरानी खड़ी बोली का काव्य।

इस युग के भाषा-शिलालेख मिलते हैं किन्तु बहुत कम। राजस्थान के अतिरिक्त अन्य प्रदेशों में भी तत्कालीन शिलालेख मिलते तो हैं, किन्तु कम। इस सामग्री की ओर बहुत कम लोगों का ध्यान गया है। श्री हीरालाल जैसे कम ही गवेषकों ने हिन्दी-शिलालेखों और ताम्रपत्रों पर दृक्पात किया है। कभी यह अनुमान था कि हिन्दी के प्राचीनतम नमूने पृथ्वीराज तथा समरसिंह के दरबारों से सम्बन्ध रखने वाले पत्रों के रूप में उपलब्ध हैं, किन्तु वे अप्रामाणिक सिद्ध हुए।

'गोरखबानी' और 'पुरातत्त्व निबन्धावली' के प्रकाशन से हिन्दी गवेषकों का ध्यान गोरखनाथ और वज्रयानी सिद्धों की साहित्य-सेवा की ओर भी गया। इन रचनाओं के विद्वान् संपादकों की लेखनी से बहुत-सी नवीन सामग्री भी प्रकाश में आयी। जिन कवियों का सम्बन्ध उक्त रचनाओं से जोड़ा जाता है उनका समय ७०० ई० से १३०० ई० के बीच माना जाता है, किन्तु इन रचनाओं की भाषा की अभी समुचित परीक्षा होनी है। सिद्धों की भाषा (प्रमुखतया प्रारम्भिक सिद्धों की) अपभ्रंश स्वीकार की गयी है, किन्तु ध्यान से देखने पर प्राचीन हिन्दी के स्वरूप का बीजपात भी इन्हीं में देखने को मिल जाता है। महामहोपाध्याय हरप्रसाद शास्त्री के 'बौद्धगान ओ दोहा' के प्रकाशन से विद्वानों को इस साहित्यिक धारा का प्रथम परिचय प्राप्त हुआ।

इसके अतिरिक्त पुरानी हिन्दी के कुछ नमूने पण्डित चन्द्रधर शर्मा गुलेरी के 'पुरानी हिन्दी' शीर्षक लेख में मिलते हैं। इनमें हिन्दी के प्राचीन रूप कम ही मिलते हैं क्योंकि जिन ग्रन्थों का सदर्भ इस लेख में मिलता है वे गंगा की घाटी के बाहर के प्रदेशों में बने थे। अधिकांश उदाहरणों में प्राचीन राजस्थानी के नमूने ही मिलते हैं। इन उदाहरणों की भाषा में अपभ्रंश का इतना अतिरेक है कि उन्हें हिन्दी के अन्तर्गत न रख कर तत्कालीन अपभ्रंश के अन्तर्गत रखना ही अधिक उचित होगा। फिर भी इनसे हिन्दी भाषा की पुरानी परिस्थितियों का अनुमान तो लगाया ही जा सकता है।

इस युग की भाषा के बहुत से नमूने चारण काव्य, धार्मिक काव्य तथा लौकिक काव्य में मिलते हैं, किन्तु भाषा-शास्त्र की कसौटी पर ये संदिग्ध प्रतीत होते हैं क्योंकि ये प्रामाणिक हस्तलिखित प्रतियों से नहीं दिये गये।

इस काल की भाषा के अध्ययन में अधिक सहायता हमें या तो पुराने लेखों से मिल सकती है या हस्तलिखित प्रतियों से जो १४०० ई० के आसपास की हैं या पहले की हैं।

हिन्दी भाषा के विकास के अध्ययन के लिए हिंदवी या दखिनी हिन्दी का अध्ययन भी आवश्यक है। दखिनी हिन्दी का साहित्य मोहम्मद तुग़लक के दक्षिण पर आक्रमण के बाद सन् १३२६ के आसपास ही निर्मित होने लगा था। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि दखिनी हिन्दी के प्रादुर्भाव में मुसलमान सूफी फकीरों का विशेष योग रहा है। उनकी रचनाओं का लक्ष्य धर्म-प्रचार था। इन रचनाओं की भाषा पुरानी खड़ीबोली है। इन लेखकों में ख्वाजा बन्दानवाज़ का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। बंदानवाज़ का समय १३२१-१४५२ ई० माना जाता है।

हिन्दी भाषा का मध्यकाल १४०० ई० से १८५० ई० तक फैला हुआ है। इस काल के प्रारम्भिक दिनों में देश की परिस्थितियों में भारी मोड़ आये। इसी युग में देश की बागडोर तुर्कों के हाथ से सूरों तथा मुगलों के हाथ में गई। ये सम्राट जनता को समझने-समझाने का प्रयत्न करने लगे। शासन की ओर से शांति के प्रयत्न बढ़ जाने से लोगों का हौसला साहित्यिक चर्चा की ओर भी हुआ। इस युग में साहित्यिक विकास के साथ भाषा भी प्रौढ़ता की दिशा पकड़ती गयी।

इस युग में हिन्दी प्रदेश में भाषा के तीन रूप सामने आते हैं—खड़ी बोली, ब्रजभाषा तथा अवधी। इनके मिले-जुले नमूने कबीर ग्रन्थावली की भाषा में मिल जाते हैं। खड़ीबोली ने मुसलमानों के घरों की ओर अधिक तेजी से चलना प्रारम्भ किया तो ब्रजभाषा ने देश-व्यापी वैष्णव आन्दोलन के माध्यम से कृष्ण काव्य में आविर्भाव का मार्ग खोजा। अवधी सूफीकाव्य के माध्यम से प्रगति-मार्ग पर आयी और कुछ पूर्वी प्रदेशों के रामकाव्य रचयिताओं के प्रयत्नों से भी आगे बढ़ी, किन्तु ब्रजभाषा ने उसकी स्पर्धा को सफल न होने दिया; अतएव रामचरितमानस में अपनी चरमोन्नति दिखाकर अवधी ठण्डी पड़ गई। हाँ, सूफीकाव्य में इसको कुछ प्रोत्साहन मिलता रहा, किन्तु नगण्य सा। अवधी में पदमावत, मधुमालती और रामचरितमानस जैसी रचनाएं बहुत कम ही आयीं और जो आयीं उनका साहित्यिक मूल्य इतना नहीं है। विकास की दृष्टि से भाषा का भी विशेष मूल्य नहीं है।

इधर ब्रजभाषा ने अपने विकास का इतिहास बनाना प्रारम्भ कर दिया। कहा जा चुका है कि ब्रजभाषा को वैष्णव सम्प्रदायों का बड़ा भारी सहयोग मिला। वल्लभाचार्य के प्रोत्साहन से सोलहवीं शती के पूर्वार्द्ध में ब्रजभाषा का साहित्यिक विकास हुआ। इस सम्बन्ध से ब्रजभाषा की जो साहित्यिक धारा प्रवाहित हुई उसका केन्द्र मध्य देश का पश्चिमी भाग था, इसलिए ब्रजभाषा साहित्य को धर्म के साथ देशी-विदेशी राजाओं का संरक्षण भी मिला। एकबारगी ब्रजभाषा देश के कोने-कोने में धर्म-मार्ग से जा पहुँची। इतना ही नहीं, कुछ साहित्यकार तो इसके माधुर्य आदि गुणों से ही इसकी ओर आकृष्ट हुए। परिणामतः बंगाल, आसाम, बिहार, मध्य देश, राजस्थान, गुजरात आदि प्रदेशों में ब्रजभाषा की साहित्यिक दुंदुभी बज उठी। बंगाल में 'ब्रजबुली' तथा राजस्थान में 'पिंगल' ने ब्रजभाषा के आधिपत्य को शिरसा स्वीकार किया। गुजरात के कृष्णभक्त कवि भी १५वीं शती के अन्त तक ब्रजभाषा को धर्म की भूमिका पर साहित्यिक सम्मान देते रहे। इसलिए एक ओर जहाँ अष्टछाप के कवियों तथा तुलसी आदि की रचनाओं ने ब्रजभाषा का सम्मान बढ़ाया तो दूसरी ओर नरसी मेहता तथा ब्रजबुली के कृष्ण भक्त

गायकों ने उसको सम्यक् प्रतिष्ठा प्रदान की। ब्रजभाषा का सम्मान यहाँ तक बढ़ा कि सत्रहवीं शती का समग्र हिन्दी साहित्य ब्रजभाषा में ही रचा गया। ब्रजभाषा को एक ओर साहित्यिक और धार्मिक प्रतिष्ठा मिली तो दूसरी ओर रूप को परिष्कार की गरिमा भी प्राप्त हुई। इधर अन्य प्रादेशिक भाषाओं के सम्पर्क से ब्रजभाषा ने अपने शब्द-कोश का विकास भी किया। बुन्देलखंडी, राजस्थानी, गुजराती आदि अनेक भाषाओं के शब्द-संगम से भाषा की गरिमा वृद्धि को प्राप्त हुई।

प्राचीन और मध्यकालीन हिन्दी के ग्रन्थों में कहीं-कहीं खड़ीबोली का रूप बिखरा मिलता है। रासो से लेकर भूषण तक की भाषा में खड़ी-बोली के प्रयोग विद्यमान हैं। इधर कबीर प्राचीन हिन्दी और मध्यकालीन हिन्दी के स्वरूप के जोड़ने में एक संयोजक का काम करते हैं। यह तो पहले ही कहा जा चुका है कि कबीर की भाषा खड़ीबोली के प्रयोगों से ओतप्रोत है, किन्तु उसे स्वतंत्र रूप से खड़ी हुई बोली की अभिधा देना संभव नहीं है क्योंकि वह स्थान-स्थान पर अपनी स्वतंत्रता में लड़खड़ाती हुई ब्रज, अवधी आदि की सहायता के लिए झुक जाती है।

इस विवेचन से यह स्पष्ट है कि खड़ीबोली का अस्तित्व तो प्राचीन काल से ही था; हाँ, हिन्दू कवियों और लेखकों के साहित्य में इस बोली का प्रयोग अधिकता से नहीं होता था। उस समय बहुत संभव है कि खड़ीबोली मुसलमानी बोली समझी जाती रही हो। इसका प्रमाण कबीर की भाषा से उतना नहीं मिलता जितना खुसरो, बन्दानवाज़ आदि की भाषा से मिलता है। १८वीं शताब्दी में तो खड़ीबोली को मुसलमान शासकों का संरक्षण ही मिल गया और साहित्यिक सम्मान भी मिलने लगा। १८५० ई० के आसपास तो हिन्दू लेखक और कवि भी इस बोली की ओर झुक आये। १८वीं शती के पूर्व मुसलमान कवि यदि भाषा में साहित्यिक रचना प्रस्तुत करते थे तो वे प्रायः ब्रजभाषा या अवधी का प्रयोग करते थे। खड़ीबोली उर्दू के प्रथम कवि के रूप में हैदराबाद (दक्खिन) के वली का नाम उल्लेखनीय है। इनका कविता-काल अठारहवीं शती का प्रारम्भ माना जाता है। अठारहवीं और उन्नीसवीं शती में खड़ी बोली ने अनेक मुसलमान कवियों का आदर प्राप्त किया और उसका स्वरूप अधिकाधिक मार्जित होता चला गया। खड़ीबोली के विकास की दृष्टि से मीर, सौदा, इन्शा, गालिब, ज़ौक और दाग़ का नाम उल्लेखनीय है।

अठारहवीं शती का अन्त होते-न-होते परिवर्तन के झोंके प्रतीत होने लग गये। राजनीतिक उथल-पुथल ने मध्य देश की भाषा हिन्दी को भी प्रभावित किया। ...

क्षीण होने लगी थी और मुसलमानों में खड़ीबोली दिन-दिन जोर पकड़ती जा रही थी। उन्नीसवीं शती में राजनयिक कारणों ने खड़ीबोली को कुछ और बल दिया। फोर्टविलियम कालेज के अधिकारियों के प्रयत्न, इस संबंध में, प्रमुखता से उल्लेखनीय हैं। प्रेमसागर और नासिकेतोपाख्यान की रचनाएँ हिन्दी के प्रचार में सहयोगिनी सिद्ध हुईं।

प्रारम्भ में खड़ीबोली के ग्रंथों पर ब्रजभाषा का प्रभाव दिखायी पड़ता है जो स्वाभाविक भी था। बाद में खड़ीबोली का गद्य भी साकार होने लगा। उन्नीसवीं शती के उत्तरार्द्ध में खड़ीबोली का गद्य प्रचार को प्राप्त हुआ। इस समय धर्म और साहित्य दोनों ने खड़ीबोली की सेवा में अपने को जुटा दिया। महर्षि दयानन्द और भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र के प्रयत्न इस दिशा में सराहनीय हैं। अङ्गरेजों के सम्पर्क से भारत की राजनीतिक और सामाजिक विचार-धाराओं ने अँगड़ाइयाँ लीं और मुद्रण-यंत्रों का सहयोग पाकर वे आत्माभिव्यंजन के साथ-साथ खड़ीबोली के उत्थान में भी बड़ी सहायक सिद्ध हुईं। बीसवीं शती में खड़ीबोली को गद्य और पद्य दोनों के लिए समादृत कर दिया गया। वह दोनों शैलियों की एकमात्र साहित्यिक भाषा होगयी। ब्रजभाषा में कविता करने की शैली अभी तक पूर्ण रूप से लुप्त नहीं हुई है। मथुरा, भरतपुर, अलीगढ़ और आगरा के कुछ पुरानी पद्धति के कवि अब भी पुराने छंदों के लिए ब्रजभाषा को ही सँभाल लेते हैं, यद्यपि वे शिष्ट बोलचाल की बोली के रूप में खड़ीबोली का ही उपयोग करते हैं।

खड़ीबोली की प्रारंभिक कविताओं में ब्रजभाषा का पुट भी मिलता है, बिल्कुल उसी प्रकार जिस प्रकार लल्लूलाल आदि के खड़ीबोली-गद्य में ब्रजभाषा का। श्रीधर पाठक की खड़ीबोली कविता के माधुर्य में ब्रजभाषा के पुट का भी योग है। आज खड़ीबोली परिवर्तन-पथ का विसर्जन करके स्थैर्य को प्राप्त हो गयी है। इस युग को खड़ीबोली का वैभव-काल कह सकते हैं। यद्यपि अभी इसके महत्त्व को राजनीतिक भूकंपों के झटकों का सामना करना पड़ रहा है, किन्तु इनके दिन इनेगिने हैं।

विगत दो सौ वर्षों से मेरठ-बिजनौर की जनता की पड़ी बोली ने खड़ी होने के लिए अनेक सहारे खोजे और धीरे-धीरे वह इतनी स्वतंत्र और व्यापक हो गयी है कि दक्षिण और पूर्व के लोग भी उसके अध्ययन में जुट गये हैं। उसके अध्ययन के लिए जहाँ उसके साहित्यिक विकास को विस्मृत नहीं किया जा सकता उसी प्रकार उसके शब्द-विकास को भी विस्मृत नहीं किया जा सकता। इस कृति में अधिकांशतः हिन्दी के तद्भव शब्दों के विकास पर ही विचार किया गया है। कहीं-कहीं प्रयोजनवश कुछ ऐसे देशी शब्दों को भी

प्रस्तुत किया गया है जिनके संबंध में लोगों की कुछ भ्रांतियां बनी हुई हैं। जिस प्रकार अनेक देशी, विदेशी शब्द खड़ीबोली की सम्पत्ति बन गये हैं उसी प्रकार कुछ नये शब्दों का निर्माण अब भी होता जा रहा है; अतएव हिन्दी भाषा का शब्द-समूह भाषा की उस स्थिति की सूचना देता है जिसमें उसकी पाचन-शक्ति बहुत बढ़ जाती है। वास्तव में यह शक्ति ही भाषा की सम्पन्नता है। आज अंग्रेजी ने जो लोकप्रियता प्राप्त कर रखी है उसका एक कारण उसकी पाचन शक्ति की वृद्धि अर्थात् उसकी आग्रहण क्षमता भी है।

कहने की आवश्यकता नहीं कि नये सम्पर्कों और नयी आवश्यकताओं से भाषा का भंडार बढ़ता है। यह भंडार उतना बढ़ाने से नहीं बढ़ता जितना सहज रूप में बढ़ता है क्योंकि सहज व्यवहार में आकर अनेक शब्द, चाहे वे बाहर के ही हों, भाषा के अपने हो जाते हैं और वे नूतनार्थ की अभिव्यक्ति में सहज समुचित योगदान प्रदान करते हैं। इस दृष्टि से हिन्दी भाषियों का यह दृष्टिकोण अनुचित नहीं है कि वे व्यावहारिक भाषा में इतर भाषाओं के शब्दों का अनादर नहीं करते। यह हो सकता है कि साहित्यिक रचनाओं में ऐसे शब्दों की भर्ती न की जाये; किन्तु जो शब्द हिन्दी के व्यावहारिक सेवक होकर सेवा-प्रवृत्त होना चाहते हैं उनको भी उचित सम्मान मिलना चाहिये। इससे हिन्दी की शक्ति बढ़ेगी, वह व्यापक लोकप्रियता प्राप्त करेगी और देश में भावात्मक एकता की प्रतिष्ठा में अपना समुचित योगदान देगी।

हिन्दी का शब्द-भण्डार काफी बढ़ चुका है और बढ़ता जा रहा है, किन्तु उससे हमारा सम्यक् परिचय नहीं है। बहुत से शब्दों से हमारा परिचय न होने का एक कारण यह भी है कि वे विदेशी होते हुए भी हमारी भाषा में दूध में पानी की तरह समाविष्ट हो गये हैं, किन्तु बहुत से ऐसे शब्द भी हैं जो भारतीय आर्य भाषा परिवार के हैं और उनसे हमारा परिचय नहीं है। निःस्सन्देह इन शब्दों का स्रोत हम मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाओं में और फिर प्राचीन भारतीय आर्य भाषाओं में खोज सकते हैं। इस परिचय के लिए आवश्यक है कि हम हिन्दी में प्रचलित शब्द को प्राकृत शब्द-समूह में देखें और संस्कृत शब्दसमूह में भी उसकी गवेषणा करें। लेखक की इसी खोज का परिणाम प्रस्तुत तद्भव शब्दावली है। संस्कृत को प्राचीन भारतीय आर्य भाषा का प्रतिनिधि मानकर शब्द-विशेष को वहीं से देखना प्रारम्भ किया गया है। इसके बाद उसने मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषा में अर्थात् प्राकृत या अपभ्रंश में क्या स्वरूप ग्रहण किया है, यह देखने का प्रयत्न भी किया गया है। आज हिन्दी में उसका क्या स्वरूप हो गया है और उसका व्यवहार प्रमुखतः किस अर्थ में होता है, इस पर भी विचार किया गया है।

यह कहने की आवश्यकता नहीं कि हिन्दी शब्द समूह में विकास की दृष्टि से तद्भव शब्दों का प्रमुख स्थान है क्योंकि यह एक ऐसा शब्द-समूह है

जिसके मूल के परिचय के बिना कई बार अर्थ-ग्रहण में भ्रान्ति हो जाती है। प्राचीन और मध्यकालीन हिन्दी के अनेक शब्द प्रत्यक्षत: हमें एक अर्थ से अवगत कराते हैं किन्तु वस्तुतः उनका प्रयोग किसी दूसरे अर्थ में ही होता है। अभीष्ट अर्थ तक पहुँचने के लिए हमें शब्द के विकास के इतिहास का ज्ञान भी होना चाहिये। यह काम सामान्य व्यक्ति का नहीं है, केवल भाषा-विज्ञान का विद्यार्थी ही इस दृष्टि को प्राप्त कर सकता है और उसी विद्यार्थी के लिए प्रस्तुत तद्भव शब्दावली की रचना की गयी है।

यह ठीक है कि सामान्यत: हिन्दी का कोई भी तद्भव दो श्रेणियों को पार करके तीसरी पर हमें मिला है किन्तु उन श्रेणियों का समुचित ज्ञान भाषा-विज्ञान के विद्यार्थी को अवश्य होना चाहिये जो अध्ययन और अभ्यास से ही सम्भव है। भाषा-विज्ञान के विद्यार्थी को इन शब्दों के विकास का परिचय प्राप्त करने के लिए ध्वनि-परिवर्तन के अनेक प्रकारों और कारणों से भी अवगत होना चाहिये क्योंकि जब तक वह यह नहीं जानता कि अमुक ध्वनि ने अमुक स्तर पर अमुक रूप धारण किया है तब तक वह शब्द के मर्म से, साथ ही अर्थ के मर्म से भी, वंचित रहता है। किस प्रकार का ध्वनि परिवर्तन हुआ और क्यों हुआ, यह जानकर ही साहित्य का विद्यार्थी शब्द की आत्मा में प्रवेश कर सकता है और वह साहित्य-मर्मज्ञ के लिए अत्यावश्यक है।

ध्वनियाँ और उनका वर्गीकरण

आर्य भाषा में प्राचीनकाल से ही दो प्रकार की ध्वनियों का प्रयोग होता रहा है। वे हैं स्वर और व्यंजन। स्वर वे ध्वनियाँ हैं जिनके उच्चारण में उच्चारण अवयवों का स्पर्श नहीं होता, वायु मुख-विवर के बीच से ही निकल जाती है। व्यंजन वे ध्वनियाँ हैं जिनके उच्चारण में वायु उच्चारण-अवयवों को स्पर्श या घर्ष करती है। स्वर और व्यंजन, दोनों के उच्चारण में प्रयत्न और उच्चारण-स्थान दोनों ही आवश्यक हैं। इसलिए ध्वनि-वर्गीकरण के दो प्रधान आधार हैं—प्रयत्न और उच्चारण-स्थान।

वाह्य और आभ्यन्तर के भेद से प्रयत्न भी दो प्रकार के होते हैं। मुख-विवर से बाहर होने वाले प्रयत्न को वाह्य तथा भीतर होने वाले प्रयत्न को आभ्यन्तर कहते हैं। मुख-विवर का आरम्भ कंठ-पिटक से होता है। इसके पूर्व स्वर-तंत्री होती है, जो ध्वनियों के उच्चारण में काम करती है। इसी के प्रयत्न के अनुसार ध्वनियाँ प्रभावित होती हैं। वाह्य प्रयत्न के अनुसार ध्वनियों के दो रूप मिलते हैं: घोष और अघोष। घोष ध्वनियों के उच्चारण में स्वर-तंत्री में कंपन पैदा हो जाता है। समस्त स्वर तथा वर्गों के तृतीय, चतुर्थ और

पंचम वर्ण य, र, ल, व और ह घोष ध्वनियाँ हैं। शेष ध्वनियाँ अर्थात् वर्गों के प्रथम, द्वितीय वर्ण श, ष और स अघोष हैं।

आभ्यन्तर प्रयत्न के अनुसार स्वरों के चार भेद हैं—संवृत, अर्द्ध संवृत और विवृत तथा अग्र, मध्य, पश्च एवं व्यंजनों के आठ भेद—स्पर्श, स्पर्श-संघर्षी, संघर्षी, अनुनासिक, पार्श्विक, लुंठित, उत्क्षिप्त और अर्द्ध स्वर हैं। इनका परिचय इस प्रकार है:—

१. **संवृत स्वर**—इनके उच्चारण में मुख-द्वार बहुत संकरा हो जाता है, किन्तु इतना संकरा नहीं होता कि किसी प्रकार का स्पर्श हो—इ, ई और उ, ऊ सवृत स्वर हैं।

२. **अर्द्ध संवृत**—इनके उच्चारण में मुख-द्वार आधा सँकरा होता है। ए और ओ इसी प्रकार के स्वर हैं।

३. **अर्द्ध विवृत**—इनके उच्चारण में मुख-द्वार अधखुला रहता है। ऍ तथा ऑ इसी प्रकार के स्वर हैं।

४. **विवृत**—इनके उच्चारण में मुख-द्वार पूरा खुल जाता है, जैसे अ, आ।

५. स्वरों के उच्चारण में कभी जीभ का अग्र भाग उठता है, कभी मध्य भाग और कभी पश्च भाग। ई, ए और ऍ अग्र स्वर हैं, अ मध्य स्वर तथा आ, ऊ और ओ पश्च स्वर हैं।

६. **स्पर्श व्यंजन**—इनके उच्चारण में मुख-द्वार बंद होकर फिर खुलता है जिससे उच्चारण-अवयव एक-दूसरे का पूर्णतः स्पर्श करते हैं। पहले वायु मुख में बिल्कुल रुक जाती है और फिर एक झोंके से धक्का देकर बाहर निकलती है। इससे एक स्फोट की ध्वनि होती है। इस कारण इनको स्फोट वर्ण भी कहते हैं। इस वर्ग के व्यंजनों में क से लेकर म तक के व्यंजन सम्मिलित हैं।

७ **स्पर्श संघर्षी**—इनके उच्चारण में उच्चारण-अवयवों में स्पर्श की प्रतीति के साथ-साथ उनसे हवा थोड़ी रगड़ खाकर निकलती है जिससे थोड़ी ऊष्म ध्वनि भी सुन पड़ती है। इस कारण इनको स्पर्श-संघर्षी या स्पर्श-घर्ष कहते हैं। हिन्दी के च, छ, ज और झ वर्ण इसी कोटि के हैं।

८. **संघर्षी या घर्ष वर्ण**—इनके उच्चारण में वायु-मार्ग किसी एक स्थान पर इतना सँकरा हो जाता है कि वायु के बाहर निकलने में सर्प की जैसी शीत्कार ध्वनि अथवा ऊष्म ध्वनि होती है। इनके उच्चारण में जिह्वा और दंतमूल अथवा वर्त्स के बीच का मार्ग खुला रहता है, बिल्कुल बन्द नहीं हो जाता। इससे वायु रगड़ खाकर निकलती है। इन्हें घर्ष अथवा विवृत व्यंजन कहते हैं। इनके उच्चारण में वायु कहीं रुकती नहीं है। इससे इन वर्णों

को सप्रवाह, अव्याहत अथवा अनवरुद्ध भी कहते हैं। स, श, ष और ज़ ऐसे ही घर्ष वर्ण हैं। कुछ विद्वान् इन ध्वनियों में फ़, व़, ख़ और ग़ को भी सम्मिलित कर लेते हैं।

९. **अनुनासिक**—जिस वर्ण के उच्चारण में मुख किसी एक स्थान पर बन्द हो जाता है और कोमल तालु (कंठस्थान) इतना झुक जाता है कि वायु नासिका में से निकल जाती है अर्थात् जिसके उच्चारण मे दोनों होंठ, जीभ-दाँत, जीभ-मूर्द्धा या जीभ-पश्च और कोमल तालु आदि का स्पर्श होता है और वायु मुख में गूँजती नासिका-मार्ग से निकलती है, वह अनुनासिक अथवा नासिक्य-ध्वनि कहलाती है।

१०. **पार्श्विक**—इस ध्वनि के उच्चारण में वायु मुख के मध्य में रुक जाती है और जीभ के अगल-बगल से बाहर निकलती है। यह भी सप्रवाह व्यंजन है। हिन्दी 'ल' इसी वर्ग की ध्वनि है।

११. **लुंठित**—इसके उच्चारण में मुख-द्वार जीभ की नोंक से बहुत जल्दी-जल्दी बन्द होता है। जीभ बेलन की तरह लपेट खाकर तालु को छूती है। इस वर्ग की ध्वनि 'र'* है। इसका एक नाम लोंठित भी है।

१२. **उत्क्षिप्त**—उत्क्षिप्त उन ध्वनियों को कहते हैं जिनमें जीभ तालु के किसी भाग को वेग से मार कर हट जाये, जैसे—ड़ तथा ढ़। डा० कादिरी और डा० चटर्जी ने 'र' को उत्क्षिप्त बतलाया है। ड़ और ढ़ की गणना 'ताड़नजात' ध्वनियों में भी की गयी है।

१३. **अर्द्ध स्वर**—वे ध्वनियाँ हैं जो साधारणतया व्यंजनवत् व्यवहृत होती हैं, किन्तु कभी-कभी स्वर हो जाती हैं। ये श्रुति ध्वनियाँ हैं जो एक प्रकार से स्वर और व्यंजन के बीच में हैं। इनके उच्चारण का आरम्भ स्वर-स्थिति से होता है। य और व इसी प्रकार की ध्वनियाँ हैं। इन दोनों के उच्चारण में उच्चारण-अवयव क्रम से पहले इ या उ की स्थिति में आते हैं, फिर थोड़ी देर रुक कर आगामी स्वर या व्यंजन की स्थिति में चले जाते हैं। इससे ये ध्वनियाँ श्रुति हैं।

उच्चारण-स्थान के आधार पर ध्वनि-भेद:—

१. **ओष्ठ्य**—जिन ध्वनियों के उच्चारण में केवल ओठों का प्रयोग होता है वे ओष्ठ्य ध्वनियाँ कहलाती हैं जैसे—प, फ़, व़, भ्, म्, व, उ, ऊ।

२. **दन्तोष्ठ्य**—जिन ध्वनियों के उच्चारण में ऊपर के दाँत तथा नीचे का ओष्ठ का प्रयोग होता है वे दन्तोष्ठ्य कहलाती हैं, जैसे—व़ तथा फ़।

---

* यह ध्वनि जिह्वोत्कंपी भी बतायी गयी है, किन्तु इसके उच्चारण में जीभ में उत्कंपन न होकर उसका उत्क्षेप ही होता है।

३. **दन्त्य**—जिनके उच्चारण में जीभ दांत को छूती है वे दन्त्य ध्वनियां कहलाती हैं जैसे त, थ, द, ध ।

४. **वर्त्स्य**—इन ध्वनियों के उच्चारण में वर्त्स (मसूड़ा) और जिह्वाग्र का प्रयोग होता है । न, ल, र, स, ज़ और च वर्ग की ध्वनियां इसी वर्ग की हैं ।

५. **तालव्य**—इनके उच्चारण में जीभ तालु का स्पर्श करती है । च, छ, ज, झ, य, श और इ ध्वनियां इसी वर्ग के अन्तर्गत आती हैं ।

६. **मूर्द्धन्य**—जिन ध्वनियों के उच्चारण में कठोर तालु जीभ द्वारा छू जाता है, वे मूर्द्धन्य कहलाती हैं । संस्कृत की ट, ठ, ड, ढ, ण, ऋ तथा ष ध्वनियाँ मूर्द्धन्य मानी गयी थीं । हिन्दी में इनका उच्चारण बदल गया है । शायद ही कोई वक्ता इनका सही उच्चारण करता हो; अतएव मूर्द्धन्य के स्थान पर इनको तालव्य ही कहा जा सकता है ।

७. **कण्ठ्य**—जिन ध्वनियों का उच्चारण कंठ से होता है वे कण्ठ्य कहलाती हैं । क, ख, ग, घ, ङ और 'अ' इसी वर्ग की ध्वनियां हैं ।

८. **जिह्वामूलीय**—जिन ध्वनियों के उच्चारण में जिह्वामूल या जिह्वापश्च का उपयोग किया जाता है, उन्हें जिह्वामूलीय, अलिजिह्वीय या जिह्वापश्चीय कहते हैं । इनके दो स्वरूप होते हैं : एक तो स्पर्श ध्वनिका और दूसरा घर्ष या संघर्षी ध्वनि का । क़, ख़, ग़ इसी प्रकार की ध्वनियां हैं ।

९. **स्वरयंत्रमुखी**—जो ध्वनियाँ स्वर-यंत्र-मुख से उच्चरित होती हैं उन्हें स्वरयंत्रमुखी कहते हैं । इनको स्वरयंत्र स्थानीय, काकल्य अथवा उरस्य भी कहते हैं । 'ह' तथा विसर्ग ध्वनियां इसी प्रकार की हैं ।

स्वरतंत्रियों के आधार पर व्यंजन-भेद—इस आधार पर व्यंजनों के दो भेद होते हैं: घोष तथा अघोष ।

१. **घोष**—जिनके उच्चारण में बीच से निकलती हुई वायु स्वरतंत्रियों में कंपन उत्पन्न करदे वे ध्वनियां घोष कहलाती हैं। पाँचों वर्गों की अन्तिम तीन ध्वनियां तथा य, र, ल, व, ज़, ग़, ह, ड़, ढ़ आदि घोष हैं ।

२. **अघोष**—जिन ध्वनियों के उच्चारण में स्वरतंत्रियों में कोई कंपन नहीं होता । पांचों वर्गों की प्रथम दो ध्वनियाँ, क़, ख़, फ़, स, श आदि ध्वनियां हिन्दी में अघोष मानी जाती हैं ।

घोष वर्णों को नाद, कोमल या स्वनंत कहते हैं तथा अघोष वर्णों को श्वास या कठोर कहते हैं ।

प्राणत्व के आधार पर हिन्दी-ध्वनि-भेदः—

प्राण और वायु समानार्थक शब्द हैं । श्वास शब्द भी 'प्राण' के अर्थ में ही प्रयुक्त होता है । प्राण या श्वास-योग की दृष्टि से हिन्दी-ध्वनियां दो

प्रकार की कही गयी हैं—महाप्राण या सप्राण तथा अल्पप्राण या अप्राण। जिस ध्वनि के उच्चारण में प्राण या श्वास अधिकता से प्रयुक्त होता है उसे महाप्राण या सप्राण ध्वनि कहते हैं और जिसके उच्चारण में उसका कम प्रयोग होता है उसे अल्पप्राण या अप्राण कहते हैं।

हिन्दी में प्राण-ध्वनि का प्रतिनिधित्व 'ह्' ध्वनि करती है। इस कारण महाप्राण ध्वनि को ह-युक्त तथा अल्पप्राण ध्वनि को ह-रहित कहते हैं।

कुछ विद्वानों की मान्यता है कि प्राणत्व केवल स्पर्श ध्वनियों में ही होता है। मैं समझता हूँ कि संघर्षी ध्वनियों के अलावा अन्य सभी ध्वनियों में महाप्राण या अल्पप्राण की स्थिति हो सकती है। ल्ह, न्ह, ढ़, र्ह आदि ध्वनियों में इसके उदाहरण मिलते हैं। हिन्दी की महाप्राण ध्वनियाँ ये हैं—ख, घ; छ, झ; ठ, ढ; थ, ध; फ, भ; न्ह, म्ह, ल्ह, र्ह, ढ़; तथा ये ध्वनियाँ अल्पप्राण हैं :—क, ग, ङ; च, ज, ञ; ट, ड, ड़, ण; त, द, न; प, ब, म।

उच्चारण के आधार पर हिन्दी-ध्वनि-भेद—इस आधार पर तीन भेद मिलते हैं : सशक्त, अशक्त और मध्यम। जिन ध्वनियों के उच्चारण में मुँह की मांसपेशियाँ दृढ़ बनी रहें वे सशक्त ध्वनियाँ कहलाती हैं, जैसे ट्, स्,। अशक्त ध्वनियों के उच्चारण में मांसपेशियाँ ढीली रहती हैं। र्, ल् इसी प्रकार की ध्वनियाँ हैं। च्, श् आदि ध्वनियों को 'मध्यम' के अन्तर्गत गिना जाता है।

अनुनासिकता के आधार पर ध्वनि-भेद—इस आधार पर व्यंजन-ध्वनियों के तीन भेद होते हैं : १. अनुनासिक, सानुनासिक एवं अननुनासिक। ङ्, ञ्, ण्, न्, और म् अनुनासिक ध्वनियाँ हैं; कँ, जँ, तँ आदि सानुनासिक ध्वनियाँ है, तथा क, च, छ, थ, ल, ग आदि सभी ध्वनियाँ जिनका अनुनासिकता या नासिक्यता से कोई संबंध नहीं है, अननुनासिक हैं।

व्यंजन-संयोग के आधार पर भेद—हिन्दी भाषा में व्यंजनों का प्रयोग दो रूपों में होता है—एक तो संयुक्त रूप में तथा दूसरा असंयुक्त रूप में। क, ट, ग, च आदि असंयुक्त व्यंजन हैं इनमें केवल स्वर-योग होता है। दूसरे वे व्यंजन हैं जो संयुक्त होते हैं, जैसे-क्क, क्ख, क्ष (क्श), त्र (त्र), ज्ञ (ज्ञ) आदि। इनके भी दो भेद हैं—द्वित्व व्यंजन, जैसे कच्चा, इसमें दोनों मिले व्यंजन एक ही हैं। दूसरा, संयुक्त, जिसमें भिन्न व्यंजन मिलते हैं जैसे क्ष (क्श), त्न, म्न, र्म, आदि।

मात्रा की दृष्टि से वर्ण-भेद—इस दृष्टि से हिन्दी में दो प्रकार के वर्ण है, ह्रस्व और दीर्घ। जिन स्वरों या व्यंजनों के उच्चारण में कम समय लगता है उन्हें ह्रस्व तथा जिनके उच्चारण में अधिक समय लगता है उन्हें दीर्घ कहते

हैं। वेदों में एक भेद प्लुत भी था, किन्तु हिन्दी में इसका उपयोग नहीं होता। अ, इ, उ, ऋ ह्रस्व हैं। इनमें एक मात्रा मानी जाती है तथा आ, ई, ऊ में ह्रस्व के उच्चारण का दूना समय या अधिक समय लगता है, अतएव ये दीर्घ स्वर हैं। इन्हीं के संबंध से व्यंजन भी ह्रस्व और दीर्घ हो जाते हैं। संयुक्त व्यंजनों से पूर्व का ह्रस्व वर्ण भी मात्रा-काल की दृष्टि से दीर्घ हो जाता है।

संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि हिन्दी ध्वनियों के स्वर और व्यंजन, दो भेद हैं। स्वरों में अ, इ, उ तथा ऋ ह्रस्व स्वर हैं तथा आ, ई, ऊ दीर्घ। ए, ऐ, ओ और औ संयुक्त स्वर हैं। व्यजनों में २५ स्पर्श व्यंजनों के अतिरिक्त य, र, ल, व, श, ष, स और ह असंयुक्त व्यंजन हैं जिनका विवरण पीछे दिया जा चुका है तथा क्ष, त्र, ज्ञ संयुक्त व्यंजन हैं।

'अं' में अ के ऊपर के विन्दु को अनुस्वार कहते हैं। कंगाल, पंजाव, संचय, आदि में इसी अनुस्वार का उपयोग हुआ है। हिन्दी में इसके दो स्वरूप मिलते हैं: एक तो पंजाव में 'प' के ऊपर के बिन्दु की भाँति। इसे मुक्त अनुस्वार कह सकते हैं। इसका उच्चारण खुला होता है, किन्तु पाँच में 'पा' के ऊपर जो चन्द्रबिन्दु है उसका उच्चारण खुला नहीं है। इसको अननुमुक्त नासिक्य (अनुनासिक) कहते हैं। बहुत-से लेखक इन दोनों ध्वनियों में भेद नहीं करते। कुछ लोग तो लिखावट की सुविधा के लिए ऐसा करते हैं और कुछ उनमें अभेद मानकर लिखते हैं। मुद्रण-यंत्रों की सुविधा या उनके प्रमाद से भी उनमें अभेद हो जाता है।

हिन्दी-तद्भव शब्दों का जो रूप हमारे सामने आया है उसको हम यदि इनके स्रोतों को सामने रख कर देखें तो हमें रूप और अर्थ के परिवर्तन के अलावा ध्वनि-परिवर्तन विशेषता से दिखायी पड़ेगा। रूपात्मक परिवर्तनों में शब्द के लिंग और वचन का विशेष स्थान है। संस्कृत का 'पत्रम्' शब्द अपने नपुंसकत्व का परित्याग करके हिन्दी में पुंसकत्व प्राप्त कर बैठा है। इसी प्रकार 'यशस्' हिन्दी में 'यश' होकर पुल्लिग बन गया है चाहे फिर वह 'जस' ही क्यों न रह गया हो। संस्कृत 'पत्रे' और 'पत्राणि' 'पत्र' शब्द के द्विवचन और बहुवचन रूप थे, हिन्दी में 'पत्ते' बहुवचन बन गया है। यह परिवर्तन सीधा संस्कृत से हिन्दी में नहीं हो गया है, वरन् मध्य भारतीय आर्य भाषा की विशाल घाटी पार करके आया है। इस घाटी को पार करने पर 'निद्रा' का 'नींद' जैसा रूप हमें रूपात्मक प्रत्ययों की ओर भी आकृष्ट करता है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि अनेक आकारान्त स्त्री शब्द 'अकारान्त' होकर पुल्लिग वेश में भी स्त्रीत्व सँभाले हुए हैं।

तद्भवों के स्वरूप-ज्ञान के लिए ध्वनि-ज्ञान अत्यावश्यक है। ध्वनियों में परिवर्तन अनेक कारणों से होता है। प्रमुख कारण ये हैं—वाह्य कारण—

जैसे राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक; तथा आन्तरिक कारण—इनके अन्तर्गत प्रयोगाधिक्य, स्वराघात आदि उल्लेखनीय हैं। इन कारणों को देख कर हम भविष्यत् रूप के संबंध में कुछ नहीं कह सकते क्योंकि ध्वनि-परिवर्तन का कोई नियत पथ नहीं है। यदि ऐसा होता तो जिस प्रकार संस्कृत 'कर्म' प्राकृत में 'कम्म' होकर हिन्दी में 'काम' हो गया है उसी प्रकार 'धर्म' शब्द 'धम्म' होकर 'धाम' होगया होता, किन्तु उसे हम हिन्दी में 'धरम' रूप में पाते है। इससे स्पष्ट है कि ध्वनि-माया विचित्र है। ध्वनि-परिवर्तन के कारणों को हम प्रायः इस रूप में देखते हैं।

(१) **वाग्यन्त्र की भिन्नता**—किन्हीं दो व्यक्तियों का वाग्यन्त्र एक-सा न होने से उनके उच्चारण में भी भेद होता है। यही भेद थोड़ा-थोड़ा करके बढ़ता जाता है, किन्तु उस भेद की प्रतीति कुछ बाद में होती है।

(२) **श्रवणेन्द्रिय-भेद**—वाग्यन्त्र की भाँति श्रवणेन्द्रिय-भेद भी शनैः-शनैः ध्वनि-परिवर्तन में योग देता है।

उक्त दोनों कारणों में से कोई एक कारण सफल नहीं होता, दोनों मिलकर ही एक काम में—ध्वनि-परिवर्तन लाने में—सफल होते है।

(३) **अपूर्ण-अनुकरण**—जिस प्रकार बोलने और सुनने का योग ध्वनि-परिवर्तन को मिलता है उसी प्रकार इन दोनों को और अन्ततः ध्वनि-परिवर्तन को अपूर्ण अनुकरण का योग मिलता है। 'ओ३म् नमः सिद्धम्' लोक-भाषाओं में 'ओनामासीधम' कैसे होगया, इसका कारण अपूर्ण अनुकरण में ही खोजा जा सकता है। अंग्रेजी 'इंस्पेक्टर' शब्द राजस्थान के गाँवों में 'नसपेटर' इसी कारण हो गया है।

(४) **अज्ञान**—ध्वनि-परिवर्तन के कारणों में एक अज्ञान भी है। अज्ञान के कारण शब्दों का सही रूप लोगों की समझ में नहीं आता। इससे शब्द उच्चारण-नियतता को खो बैठता है। भद्र शब्द प्राकृतों में 'भद्द' होकर हिन्दी में 'भद्दा' और 'भला' में विभक्त अज्ञान के कारण ही होगया है। 'सिगनल' 'सिगल' इसी कारण बना है और 'गार्ड' भी इसी कारण 'गार्द' या 'गाड' बन गया है। बोड (गोर्ड), कानिस्टबल (कान्स्टेबुल) आदि अनेक शब्द अज्ञान के ही शिकार हैं।

(५) **भ्रामक व्युत्पत्ति**—ध्वनि-परिवर्तन का यह कारण भी अज्ञान या अशिक्षा से संबंधित है किन्तु इसके लिए दो मिलते-जुलते शब्दों की सत्ता आवश्यक है। कभी-कभी भ्रामक व्युत्पत्ति को धर्मसाम्य भी योग दे देता है। सतप्रदेश का मान्दर देस, चेम्सफोर्ड का चिलमफोड़, एडवांस का अडवांस या लडवांस, लाइब्रेरी का रायबरेली, हुकम्स देयर का हुकम सदर, मेकेंजी का मक्खनजी, लाडसाहब का लाठसाहब आदि शब्द इसी रोग से ग्रसित हुए है।

हैं। वेदों में एक भेद प्लुत भी था, किन्तु हिन्दी में इसका उपयोग नहीं होता। अ, इ, उ, ऋ ह्रस्व हैं। इनमें एक मात्रा मानी जाती है तथा आ, ई, ऊ में ह्रस्व के उच्चारण का दूना समय या अधिक समय लगता है, अतएव ये दीर्घ स्वर हैं। इन्हीं के संबंध से व्यंजन भी ह्रस्व और दीर्घ हो जाते हैं। संयुक्त व्यंजनों से पूर्व का ह्रस्व वर्ण भी मात्रा-काल की दृष्टि से दीर्घ हो जाता है।

संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि हिन्दी ध्वनियों के स्वर और व्यंजन, दो भेद हैं। स्वरों में अ, इ, उ तथा ऋ ह्रस्व स्वर हैं तथा आ, ई, ऊ दीर्घ। ए, ऐ, ओ और औ संयुक्त स्वर हैं। व्यजनों में २५ स्पर्श व्यंजनों के अतिरिक्त य, र, ल, व, श, ष, स और ह असंयुक्त व्यंजन हैं जिनका विवरण पीछे दिया जा चुका है तथा क्ष, त्र, ज्ञ संयुक्त व्यंजन हैं।

'अं' में अ के ऊपर के विन्दु को अनुस्वार कहते हैं। कंगाल, पंजाव, संचय, आदि में इसी अनुस्वार का उपयोग हुआ है। हिन्दी में इसके दो स्वरूप मिलते हैं: एक तो पंजाव में 'प' के ऊपर के बिन्दु की भाँति। इसे मुक्त अनुस्वार कह सकते हैं। इसका उच्चारण खुला होता है, किन्तु पाँच में 'पा' के ऊपर जो चन्द्रविन्दु है उसका उच्चारण खुला नहीं है। इसको अननुमुक्त नासिक्य (अनुनासिक) कहते हैं। बहुत-से लेखक इन दोनों ध्वनियों में भेद नहीं करते। कुछ लोग तो लिखावट की सुविधा के लिए ऐसा करते हैं और कुछ उनमें अभेद मानकर लिखते हैं। मुद्रण-यंत्रों की सुविधा या उनके प्रमाद से भी उनमें अभेद हो जाता है।

हिन्दी-तद्भव शब्दों का जो रूप हमारे सामने आया है उसको हम यदि इनके स्रोतों को सामने रख कर देखें तो हमें रूप और अर्थ के परिवर्तन के अलावा ध्वनि-परिवर्तन विशेषता से दिखायी पड़ेगा। रूपात्मक परिवर्तनों में शब्द के लिंग और वचन का विशेष स्थान है। संस्कृत का 'पत्रम्' शब्द अपने नपुंसकत्व का परित्याग करके हिन्दी में पुंसकत्व प्राप्त कर बैठा है। इसी प्रकार 'यशस्' हिन्दी में 'यश' होकर पुल्लिग बन गया है चाहे फिर वह 'जस' ही क्यों न रह गया हो। संस्कृत 'पत्रे' और 'पत्राणि' 'पत्र' शब्द के द्विवचन और बहुवचन रूप थे, हिन्दी में 'पत्ते' बहुवचन बन गया है। यह परिवर्तन सीधा संस्कृत से हिन्दी में नहीं हो गया है, वरन् मध्य भारतीय आर्य भाषा की विशाल घाटी पार करके आया है। इस घाटी को पार करने पर 'निद्रा' का 'नींद' जैसा रूप हमें रूपात्मक प्रत्ययों की ओर भी आकृष्ट करता है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि अनेक आकारान्त स्त्री शब्द 'अकारान्त' होकर पुल्लिग वेश में भी स्त्रीत्व सँभाले हुए हैं।

तदभवों के स्वरूप-ज्ञान के लिए ध्वनि-ज्ञान अत्यावश्यक है। ध्वनियों में परिवर्तन अनेक कारणों से होता है। प्रमुख कारण ये हैं—वाह्य कारण—

जैसे राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं भौगोलिक; तथा आन्तरिक कारण—इसके अन्तर्गत प्रयोगाधिक्य, स्वराघात आदि उल्लेखनीय हैं। इन कारणों को देख कर हम भविष्यत् रूप के संबंध में कुछ नहीं कह सकते क्योंकि ध्वनि-परिवर्तन का कोई नियत पथ नहीं है। यदि ऐसा होता तो जिस प्रकार संस्कृत 'कर्म' प्राकृत में 'कम्म' होकर हिन्दी में 'काम' हो गया है उसी प्रकार 'धर्म' शब्द 'धम्म' होकर 'धाम' होगया होता, किन्तु उसे हम हिन्दी में 'धरम' रूप में पाते हैं। इससे स्पष्ट है कि ध्वनि-माया विचित्र है। ध्वनि-परिवर्तन के कारणों को हम प्रायः इस रूप में देखते हैं।

(१) **वाग्यन्त्र की भिन्नता**—किन्हीं दो व्यक्तियों का वाग्यन्त्र एक-सा न होने से उनके उच्चारण में भी भेद होता है। यही भेद थोड़ा-थोड़ा करके बढ़ता जाता है, किन्तु उस भेद की प्रतीति कुछ बाद में होती है।

(२) **श्रवणेन्द्रिय-भेद**—वाग्यन्त्र की भाँति श्रवणेन्द्रिय-भेद भी शनैः-शनैः ध्वनि-परिवर्तन में योग देता है।

उक्त दोनों कारणों में से कोई एक कारण सफल नहीं होता, दोनों मिलकर ही एक काम में—ध्वनि-परिवर्तन लाने में—सफल होते हैं।

(३) **अपूर्ण-अनुकरण**—जिस प्रकार बोलने और सुनने का योग ध्वनि-परिवर्तन को मिलता है उसी प्रकार इन दोनों को और अन्ततः ध्वनि-परिवर्तन को अपूर्ण अनुकरण का योग मिलता है। 'ओ३म् नमः सिद्धम्' लोक-भाषाओं में 'ओनामासीधम' कैसे होगया, इसका कारण अपूर्ण अनुकरण में ही खोजा जा सकता है। अंग्रेजी 'इंस्पेक्टर' शब्द राजस्थान के गाँवों में 'नसपेटर' इसी कारण हो गया है।

(४) **अज्ञान**—ध्वनि-परिवर्तन के कारणों में एक अज्ञान भी है। अज्ञान के कारण शब्दों का सही रूप लोगों की समझ में नहीं आता। इससे शब्द उच्चारण-नियतता को खो बैठता है। भद्र शब्द प्राकृतों में 'भद्द' होकर हिन्दी में 'भद्दा' और 'भला' में विभक्त अज्ञान के कारण ही होगया है। 'सिगनल' 'सिगल' इसी कारण बना है और 'गार्ड' भी इसी कारण 'गाट' या 'गाड' बन गया है। बोड (बोर्ड), कानिस्टबल (कान्सटेबुल) आदि अनेक शब्द अज्ञान के ही शिकार हैं।

(५) **भ्रामक व्युत्पत्ति**—ध्वनि-परिवर्तन का यह कारण भी अज्ञान या अशिक्षा से संबंधित है किन्तु इसके लिए दो मिलते-जुलते शब्दों की सत्ता आवश्यक है। कभी-कभी भ्रामक व्युत्पत्ति को वर्णसाम्य भी योग दे देता है। आन्ध्रदेश का आन्दर देस, चेम्सफोर्ड का चिलमफोड़, एडवांस का अडवांस या अठवांस, लाइब्रेरी का रायबरेली, हू कम्स देयर का हुकम सदर, मेकेंजी का मक्खनजी, लार्डसाहब का लाठसाहब आदि शब्द इसी रोग से ग्रसित हुए हैं।

(६) **उच्चारण-त्वरा**—उच्चारण-शीघ्रता या त्वरा के कारण भी ध्वनि-परिवर्तन होता है। मास्टर साहब इसी कारण माट सहाब या मास्साब हुए हैं। घनश्याम का घंस्याम, उसने का उन्ने, कम्पाउण्डर का कंपोडर, टू नोट का डोंट आदि इसी त्वरा के कारण हुए हैं।

(७) **मुख-सुख या प्रयत्न-लाघव**—यह मानव-प्रवृत्ति है कि मनुष्य भाषा का दास न होकर उसे ही अपनी दासी बनाने का प्रयत्न करता है; अतएव वह कम से कम प्रयास से अपने भाव व्यक्त करने की चेष्टा करता है। जो ध्वनि उच्चारण-कर्त्ता के मुख-सुख में बाधक सिद्ध होती है, वह उसे कभी-कभी शब्द से छोड़ देता है। ब्राह्मण का बामन, गोपेन्द्र का गोविन, उपाध्याय का ओझा, वेस्टकोट का वास्कट इसी प्रयत्न के परिणाम हैं। राउल (राजकुल), देवल (देवकुल) आदि शब्द इसी कारण बने हैं।

(८) **भावुकता**—यह ध्वनि-परिवर्तन के प्रमुख कारणों में से है। डालचन्द का डल्लू, डल्ली; वेदव्रत का विद्दू; आभा का अब्भू आदि रूप इसी कारण से हुए हैं। बिटिया, ललुआ, बचुआ आदि रूपों में भी यही कारण विद्यमान है।

(९) **बनकर बोलना**—यह भी ध्वनि-परिवर्तन का एक कारण है, किन्तु अस्थायी। बहुत से बोत, बहन से वेन, आज से आज़, इच्छा से इक्षा, जाल का ज़ाल भी इसी कारण हुआ है।

(१०) **प्रमाद या असावधानी** – प्रमाद से भी ध्वनियां परिवर्तित हो जाती हैं। स्थायी का स्थाई, नान्दी का नांदी, गौरी का गोरी, पत्थर का फ़त्थर, कोढ़ का कोड़, कौड़ी का कोड़ी आदि रूप प्रमाद या असावधानी से बने हैं।

(११) **विभाषा का प्रभाव**—जब दो जातियाँ या संघ एक-दूसरे से सम्पर्क पाते हैं तो विचारों के साथ ध्वनियों में भी आदान-प्रदान होता है। ऐसा अनुमान है कि आर्य-ध्वनि-समूह में टवर्ग का आगम द्रविड़ों के सम्पर्क से हुआ है। इसी प्रकार पढ़, चढ, पड़ आदि शब्दों में ड का ड़ और ढ का ढ़ जाति या संघ-सम्पर्क के ही कारण हुआ है।

(१२) **सामाजिक एवं राजनीतिक कारण**—समाज में अनेक उथल-पुथल होती रहती हैं। कभी धर्म-क्रांति होती हैं, कभी राजनीति बदलती है और कभी सामाजिक ढांचे में कोई उत्क्रान्ति जन्म लेती है। सांस्कृतिक पुनरुत्थान भी सामाजिक परिवर्तन को जन्म देते हैं। वाराणसी से बनारस और बनारस का फिर वाराणसी इसी उथल-पुथल का परिणाम है। कलकत्ता और बंबई (कलिकाता और मुंबई से) इसी क्रान्ति के कारण अंग्रेजों की वाणी में परिवर्तित हुए थे। भद्र (बौद्धों के लिए विशेष रूप से प्रयुक्त शब्द) भद्द

(पालि) में होकर भद्दा इसी क्रान्ति के कारण बन गया। जिस प्रकार अशान्ति के समय ध्वनि-लोप की गति बढ़ जाती है उसी प्रकार शान्तिकाल में नवीन ध्वनियों का विकास भी रुक जाता है।

(१३) **भौगोलिक कारण**—भाषा वैज्ञानिकों में इस संबंध में ऐकमत्य नहीं है; फिर भी कुछ विद्वान् यह मानते हैं कि उष्ण और शीत देशों की ध्वनियों में कुछ भेद अवश्य होता है। भारत के लोगों की भाषा-ध्वनियों को योरुपीय भाषा-ध्वनियों की तुला में तोलने पर यह भेद स्पष्ट हो जाता है। पश्चिमोत्तर भारतीय ध्वनियों और पूर्वी (बँगला आदि की) ध्वनियों में भी थोड़ा-सा अन्तर मिलता ही है। मास का माश, सकल का शकल, शाक का हाक, शकट का हकड़ आदि परिवर्तन भौगोलिक कारणों से संबंधित है।

(१४) **लेखन-संबंधी कारण**—संस्कृत 'भगिनी' शब्द प्राकृतों में बहिणी या बहिण या भैंण मिलता है, किन्तु फारसी लिपि के प्रभाव से (जब्र और जे़र के अभेद से) 'बहन' भी लिखा जाता है। हिन्दी के अधिकांश उपन्यासों में (अन्यत्र भी) 'बहन' शब्द चल पड़ा है। इसी प्रकार अंग्रेजी में राम, मित्र, गुप्त, मिश्र, श्याम आदि लिखने में अन्त में ए (a) लिखने का परिणाम यह हुआ कि रामा, मित्रा, गुप्ता, मिश्रा, श्यामा आदि शब्द बोलचाल में चल पड़े हैं। कदाचित् उर्दू और गुरुमुखी लिखावट के कारण मुसलमानों और पंजाबियों में हरबिन्दर, राजिन्दर, परधान, सटेशन आदि शब्दों को जन्म मिल गया है।

(१५) **सादृश्य**—कभी-कभी एक शब्द दूसरे की होड़ में अपनी ध्वनियों को बदल बैठता है। सुख ने दुक्ख (दुःख) की होड़ से सुक्ख रूप ले लिया। इसी प्रकार स्वर्ग के सादृश्य पर नरक का नर्क हो गया। 'तुभ्यम्' से जिस प्रकार तुज्झ फिर तुझ बनता है उसी प्रकार सादृश्य की महिमा से मज्झ न बनकर मुज्झ और फिर मुझ से मह्मम् बनता है। कबीर के 'इंगला' शब्द की उत्पत्ति (इड़ा से) पिंगला के सादृश्य पर ही हुई है। इतना ही नहीं कभी-कभी तो सादृश्य बिल्कुल नये शब्दों को जन्म दे देता है। 'सुरति' के सादृश्य से ही 'निरति' को जन्म मिला है।

(१६) **संक्षेप-प्रवृत्ति**—राजस्थान यूनिवर्सिटी कालेज टीचर्स एसोशिएशन से 'रूक्टा' इसी प्रवृत्ति से प्रादुर्भूत हुआ है। पेप्सू, भारोपीय, यूनेस्को आदि शब्दों के निर्माण में इसी प्रवृत्ति ने काम किया है।

(१७) **व्यंजन-बलहीनता**—जिन शब्दों में बलहीन व्यंजन अधिक होते हैं उनमें ध्वनि-परिवर्तन अधिक शीघ्रता से होता है। बलहीन ध्वनियाँ बड़ी ध्वनियों के कारण अन्तर्हित हो जाती हैं। निवर्तते का निबटे, अर्द्ध का आध, स्थापन का 'थापन' आदि शब्दों के उद्भव में यही कारण विद्यमान है।

(१८) **स्वाभाविक विकास**—शब्द काल-चक्र पर चढ़ कर अपने आप भी घिसते रहते हैं। इससे ध्वनियाँ घिसती, मिटती रहती हैं। शब्दों का इस प्रकार का विकास सहज या स्वाभाविक होता है। 'मया' से 'मइ' और फिर 'मैं' इसी प्रकार का विकास द्योतित करता है। 'कूपक' से 'कूवअ' और 'कुआ' या 'कुआँ' भी इसी प्रकार के विकास के परिणाम हैं। 'मृग' से 'मिअ' भी ऐसी ही स्थिति का द्योतक है। अकारण अनुनासिकता भी इसी विकास का परिणाम होती है। 'साँप' और 'साँच' में अनुनासिकता भी इसी कारण से दिखायी देती है।

(१९) **बलाघात**—ध्वनि-परिवर्तन का एक कारण बलाघात भी है। बल देने के कारण श्वास किसी विशेष ध्वनि को महत्त्व देकर दूसरी को दुर्बलता के हवाले कर देती है और इस प्रकार दुर्बलताग्रस्त ध्वनियाँ लुप्त हो जाती हैं। अभ्यन्तर से भीतर और 'उपाध्याय' से 'ओझा' या 'झा' इसी का परिणाम हैं। अ, उ, प, य आदि ध्वनियाँ बलाघात के चक्कर में पिस कर लुप्त हो गयी हैं।

(२०) **अंधविश्वास**—बहुत सी ध्वनियों के परिवर्तन में यह कारण विद्यमान रहता है। राजस्थान के लोग 'रमास' को (मास) की स्थिति से 'रमास' न कह कर चौला कहते हैं। इसी प्रकार 'गोभी' में 'गो' ध्वनि के साथ गाय का अर्थ निहित रहने से पूर्वी यू० पी० के लोग उसे 'कोभी' या 'कोवी' कहते हैं। एक स्त्री के पति का नाम सीताराम है; अतएव सीताराम के पिता आदि उसे सीता या सीतिया नाम से पुकारते हैं। उसकी पत्नी अंधविश्वास के कारण 'सीता' को भी 'गीता' ही कहती है। ऐसे उदाहरणों का हिन्दी में अभाव नहीं है।

(२१) **कविता का बन्धन**—मात्रा, तुक, कोमलता आदि कविता के बन्धन हैं। अतएव इनके कारण भी कुछ ध्वनियाँ अपना ह्रस्व-दीर्घ रूप बदल देती हैं। कहीं-कहीं अनुनासिकता में घटत-बढ़त इसी कारण हो जाती है। ध्वनि-लोप या ध्वनि-आगम के बहुत से उदाहरण इसी बन्धन के कारण दृष्टिगोचर होते हैं। तुक के बन्धन में 'मर्म' शब्द कहीं-कहीं 'मरम्म' हो गया और कहीं-कहीं विकराल ने विकरार रूप धारण कर लिया। चक्का ने तुक के प्रभाव से ही 'चका' रूप स्वीकार कर लिया। 'मानस' का 'राय' इसी फेर में सफल हो गया। सत्य, किम्मति, उलज्झ, कड़क्क, समुज्झ आदि शब्द इसी कारण बन गये हैं।

(२२) **नयी ध्वनियों से सम्पर्क**—किसी इतर भाषा की नयी ध्वनियों के निरन्तर सम्पर्क से भाषा विशेष में उनका आगमन होने लगता है। कभी-कभी नयी ध्वनियाँ अपरिचित होने के कारण कुछ मिलती-जुलती ध्वनियाँ

के उद्भव में भी योग दे डालती हैं। हिन्दी में 'ऑ' अथवा क़, ख़, ग़, ज़, फ़ आदि ध्वनियाँ विदेशी भाषाओं से सम्पर्क के कारण ही आयी हैं। अंग्रेजी की ट, ड ध्वनियाँ न तो हिन्दी ट, ड के समान मूर्द्धन्य हैं और न त, द के समान दन्त्य, वरन् ये वर्त्स्य ध्वनियाँ हैं; किन्तु हिन्दी में 'रपट' और 'डेस्क' शब्दों में मूर्द्धन्य और अगस्त (August) तथा दिसम्बर (December) में दन्त्य बन गयी हैं। फारसी-अरबी के क़, ख़, ग़, ज़, और फ़ हिन्दी की चालू बोलियों में क, ख, ग, ज और फ रह गये हैं।

भारतीय आर्य भाषाओं में इन कारणों के अतिरिक्त ध्वनि-परिवर्तन का एक कारण और है : वह है संधि।

(२३) संधि—भारतीय आर्य भाषा के अनेक शब्दों का विकास संधि के कारण हुआ है। संस्कृत में भी यह प्रवृत्ति थी और बड़ी प्रखर थी। स्वर, व्यंजन और विसर्ग—संधि के ये तीनों भेद विद्यमान थे। वैयाकरणों ने उनके संबंध में कठोर नियम बना दिये थे। महोन्नति, तद्धाम, जगन्नाथ, अतएव, तच्छुल्क जैसे अनेक संधियुक्त शब्द संधि के चक्कर में आगये थे। प्राकृत में भी इस प्रवृत्ति का प्रवाह रुका नहीं, किन्तु मन्द अवश्य होगया। हिन्दी ने इस प्रवृत्ति को अपनी पूर्वजाओं से ग्रहण किया है। अन्य सन्धियों का हिन्दी में इतना महत्त्व नहीं है जितना स्वर-संधि का है क्योंकि इसके कारण शब्द कुछ के कुछ बन गये हैं। सौत∠सउत∠सपत्नी मैं∠मइ∠मया, सौ∠सउ∠शत, चौंर∠चउँर, चँवर∠चामर, नैन∠नइन∠नयन, कादौ∠कद्दँउ∠कर्दम आदि शब्द संधि-माया में पड़कर ही बने हैं।

स्वर-संधि के साथ ध्वनि-परिवर्तन में व्यंजन और विसर्ग संधि का योग भी अविस्मरणीय है क्योंकि शब्दों का आकार बदलने में इनका योग भी रहता है। उघाड़न (उद्घाटन), उजला (उज्ज्वल), नीझर (निर्झर), नीदंद (निर्द्वन्द्व) आदि शब्द कुछ तो संधि के कारण बदले हैं कुछ नये प्रयोगों के कारण। कुछेक, हरेक--जैसे शब्द भी संधि-क्षेत्र में नये रूप ले रहे हैं।

ये बातें तो रहीं ध्वनि-परिवर्तन के कारणों के संबंध में, अब विचार करना है ध्वनि-परिवर्तन की दिशाओं पर—उसके स्वरूप पर। स्वर और व्यंजन के भेद से ध्वनि-परिवर्तन को दो भागों में विभक्त किया गया है और फिर आगम, लोप, विपर्यय तथा आदि, मध्य और अन्त के संबंध से समस्त स्वर-व्यंजन ध्वनियों की विस्तार से विवेचना की गयी है।

(क) स्वरागम—आदि, मध्य और अन्त के संबंध से स्वरागम तीन प्रकार का होता है। आदि-स्वरागम में शब्द के आदि में कोई स्वर आजाता है। यह स्वर प्रायः ह्रस्व होता है। अस्नान (स्नान), अपरबल (प्रवल), अलोप (लोप), अन्हान (न्हान), अस्तुति (स्तुति), अस्पष्ट (स्पष्ट) आदि शब्द आदि-स्वरागम के उदाहरण हैं।

जहाँ शब्द के बीच में किसी स्वर का आगम हो जाता है वहाँ मध्य-स्वरागम की स्थिति होती है। यह आगम आलस्य, अज्ञान या उच्चारण-सौकर्य से होता है। पूरव (पूर्व), धरम (धर्म), करम (कर्म), परजा (प्रजा), रकत (रक्त), भगत (भक्त), जुगति (युक्ति), कीरति (कीर्ति), विसवास (विश्वास) आदि शब्दों का रूप इसी प्रकार का है।

मध्यस्वरागम से प्रायः दो सयुक्त व्यंजन वियुक्त हो जाते हैं। इससे उच्चारण सुकर बनता है। इस प्रकार के मध्य स्वरागम को 'स्वर-भक्ति' कहते हैं। विप्रकर्ष या युक्त विकर्ष भी इसीके अन्य नाम हैं। अपिनिहितिभी इसी का एक स्वरूप है, किन्तु कुछ विशेष स्थिति में। वल्ली (लता) 7बइल्लि7बइल 7वेल; वली7वइलि7वइल; अग्नि7अगिनि आदि उदाहरण इसी प्रकार के हैं। अन्त-स्वरागम वहाँ होता है जहाँ शब्द के अन्त में स्वर आजाये। प्रायः सभी कालों की भारतीय आर्य भाषाओं के शब्दों में अन्त के स्वर और व्यंजन का लोप तो पाया जाता है, किन्तु आगम नहीं पाया जाता। कुछ विद्वानों ने भद्दा और भल्ला (भद्र से) के उदाहरण अन्त–स्वरागम के संबंध में प्रस्तुत किये हैं, किन्तु यह बात अभी सर्वमान्य नहीं है। हाँ, संस्कृत के कुछ हलन्त शब्द हिन्दी–लेखन में प्रायः अकारान्त होगये हैं, जैसे महान (महान्), भगवान (भगवान्) आदि।

(ख) व्यंजनागम—आदि, मध्य और अन्त के संबंध में व्यंजनागम भी तीन प्रकार का होता है।

आदि व्यञ्जनागम के उदाहरणों में होठ (ओष्ठ), हड्डी (अस्थि), हुलास (उल्लास), आदि शब्द प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

हिन्दी में मध्य-व्यंजनागम के उदाहरण बहुत मिलते हैं। सुक्ख (सुख), सुंदरी (सुनरी), बन्दर (वानर), श्राप (शाप), प्रण (पण), इंगला (इड़ा) आदि शब्दों को देखकर इस प्रकार का अनुमान किया जा सकता है। मध्य-व्यंजनागम के उदाहरण पालि आदि भाषाओं में भी मिलते हैं।

अन्त-व्यंजनागम के उदाहरण भी हिन्दी में प्रचुरता से मिलते हैं-काल्ह (कल्य), भौंह (भ्रू), छावँ (छाया)।

(ग) अक्षरागम—जहाँ कोई अक्षर आदि में जुड़ जाता है वहाँ आदि-अक्षरागम होता है। खंगोडर (कोटर), घुंगुची (गुंजा) आदि इसी के उदाहरण हैं।

मध्य-अक्षरागम में कोई अक्षर मध्य में आ जुड़ता है; जैसे खरल (खल), आलकस (आलस) आदि।

अन्त-अक्षरागम के भी बहुत से उदाहरण मिलते हैं। इसमें अक्षर शब्द के अन्त में बढ़ जाता है। जीमड़ी (जीभ), बघूटी (वधू), आँकड़ा (आँक), देसड़ा (देस या देश), पांखड़ी (पाँख) आदि इसके उदाहरण हैं।

२. **लोप**—जहाँ शब्द से स्वर, व्यंजन या अक्षर का लोप हो जाता है वहाँ यह प्रकार होता है। उच्चारण-सुकरता, शीघ्रता या स्वराघात के कारण शब्द से कभी-कभी ध्वनि निकल जाती है। स्वर-लोप, व्यंजन-लोप तथा अक्षर-लोप के भेद से यह तीन प्रकार का होता है।

(क) स्वरलोप—

आदि-स्वर लोप—नाज (अनाज), वायन (उपायन), भीतर (अभ्यन्तर), भी (अपि), ग्यारह (एकादश), रहट (अरघट्ट), तीसी (अतीसी), पूआ या पूवा (अपूप) आदि अनेक शब्द आदि-स्वर-लोप के ही उदाहरण हैं।

मध्य-स्वर-लोप—भारतीय आर्य भाषाओं में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं। संस्कृत शब्द राज्ञा अथवा राज्ञी राजन् शब्द में 'अ' के लोप से ही बने हैं। इसी प्रकार प्राकृत शब्द 'घीदा' या 'घीआ' मध्य-स्वर-लोप से ही बने हैं। हिन्दी के बहुत से शब्द उच्चारण में मध्य-स्वर-लोप को ही प्रकट करते हैं, किन्तु वे लिखने में नहीं आते। फिर भी उदाहरणों का अभाव नहीं है। प्रघर (पर-घर), प्रमात्मा (परमात्मा), कृप्या (कृपया), बल्देव (बलदेव) आदि शब्द मध्य-स्वर-लोप को ही व्यक्त करते हैं।

अन्त-स्वर-लोप—मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषा-काल के अन्त में संस्कृत के दीर्घ स्वर—आ, ई, ऊ-प्राकृत शब्दों के अन्त में पाये जाते थे, परन्तु आधुनिककाल में आते-आते वे ह्रस्व होकर लुप्त होगये। इस प्रकार हिन्दी के अधिकांश तद्भव शब्द व्यंजनान्त होते हैं। कुछ उदाहरण नीचे प्रस्तुत हैं:—

संस्कृत		हिन्दी
भगिनी	से	बहिन्
निद्रा	से	नींद्
दूर्वा	से	दूब्
संगे	से	संग्

शब्द के अन्त में रहने वाला व्यंजन या स्वर धीरे-धीरे क्षीण होता हुआ लुप्त हो जाता है, वैदिक से लेकर हिन्दी-ध्वनियों तक के इतिहास से यही विदित होता है। हिन्दी के, तथा हिन्दी में प्रयुक्त संस्कृत के, अकारान्त शब्द

बोलचाल में प्रायः व्यंजनान्त हो गये हैं। आम्, दाम्, कमल् अमल्, काल्, चाम्, प्यार, मार आदि शब्दों में 'अ' ध्वनि की यही दशा हुई है।

(ख) **व्यंजन-लोप—**

आदि-व्यंजन-लोप—हिन्दी-तद्भव शब्दों में आदि-व्यंजन-लोप के बहुत-से उदाहरण मिलते हैं। संस्कृत के वे शब्द जिनके प्रारम्भ में केवल व्यंजन थे, वे सब हिन्दी में इसी प्रकार के हो गये हैं, जैसे—स्थान 7 थान, स्थाणु 7 थाणु, ज्वलन 7 वलन, श्मशान 7 शमशान, स्तूप 7 थुआ, स्थाली 7 थाली, स्थापना 7 थापना आदि।

हिन्दी-तद्भव-शब्दावली में मध्य-व्यंजन-लोप के भी प्रचुर उदाहरण मिलते हैं। मध्य-व्यंजन-लोप की प्रक्रिया प्राकृतों में ही प्रारम्भ हो गयी थी सायर (सागर), वअण (वचन), सुई (सूची), णअर (नगर), कवितावली (कवित्तावली), घरबार (गृहद्वार) आदि उदाहरण मध्य-व्यंजन-लोप के ही हैं। कायथ (कायस्थ), उपास (उपवास), बाम्हन (ब्राह्मण), गाभिन (गर्भिणी), कातिक (कार्तिक), उठान (उत्थान), कैथ (कपित्थ) आदि तद्भव मध्य-व्यंजन-लोप के उदाहरण हैं।

अन्त-व्यंजन-लोप—संस्कृत के प्रायः सभी हलन्त शब्द मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषा-काल में अन्त्य व्यंजनहीन हो गये थे, जैसे-पश्चा (पश्चात्), जाव (यावत्), सम्मं (सम्यक्), ताव (तावत्), भगवा (भगवान्) आदि। जो, तो आदि हिन्दी तद्भव शब्दों में अन्त-व्यंजन-लोप के उदाहरण मिलते हैं।

(ग) **अक्षर-लोप—**

स्वर-व्यंजन-लोप के छः प्रकारों के अतिरिक्त हिन्दी में अक्षर-लोप के भी अनेक उदाहरण मिलते हैं। जब एक ही शब्द में दो समान अथवा मिलते-जुलते अक्षर एक ही साथ आते हैं तो प्रायः एक अक्षर का लोप हो जाता है।

आदि-अक्षर-लोप—इस प्रकार के उदाहरणों का हिन्दी में अभाव तो नहीं है, किन्तु ऐसे कम ही मिलते हैं। झा (उपाध्याय से) इसी प्रकार का उदाहरण है।

मध्य-अक्षर-लोप—फलाहारी 7 फलारी, राजकुल्य 7 राउर, भाण्डागार 7 भण्डार, गोवूमचणक 7 गोचना, गोधूमयव 7 गाजई आदि उदाहरणों से हिन्दी-तद्भव-शब्दावली में मध्य-व्यंजन-लोप की स्थिति का अनुमान किया जा सकता है।

अन्त-अक्षर-लोप—मौक्तिक से मोती, भ्रातृजाया से भावज, विज्ञप्ति से विनती, माता से माँ, कर्तरिका से कटारी, कुंचिका से कुंजी, यज्ञोपवीत से जनेऊ आदि तद्भवों का विकास इसी प्रक्रिया से हुआ है।

उक्त तीन प्रकार के अक्षर-लोपों के अतिरिक्त एक और प्रकार भी है। उसे समाक्षर–लोप (Haplology) नाम दिया गया है। अंग्रेजी नाम प्रसिद्ध भाषा-विज्ञानी ब्लूमफील्ड का दिया हुआ है। जब किसी शब्द में एक अक्षर या अक्षर-समूह या ध्वनि दो बार आये तो एक का लोप हो जाता है। यह लोप प्रायः शब्द-मध्य में होता है। नाटकार (नाटककार), नकटा (नाक-कटा), मँझार (मध्यघार), गधमार (गर्दभ-मार) आदि उदाहरण समाक्षर-लोप के हैं।

३. विपर्यय—

इसके अन्य नाम 'वर्ण-विनिमय' और 'वर्ण-व्यत्यय' भी हैं। इसमें किसी शब्द का स्वर, व्यंजन या अक्षर एक स्थान से दूसरे स्थान पर चला जाता है और दूसरा अपना स्थान छोड़कर उसके स्थान पर आ जाता है, जैसे मतलब से मतबल, अमरूद से अरमूद, सिनेमा से सिमेना आदि।

इसको अंग्रेजी में Metathesis कहते हैं। इसके दो प्रकार हैं: 'पार्श्ववर्ती विपर्यय' तथा 'दूरवर्ती विपर्यय'। पहले में पास–पास की ध्वनियाँ स्थानान्तरित होती हैं, अन्यथा दूसरे प्रकार का विपर्यय होता है। बाम्हन < ब्राह्मण में पार्श्ववर्ती विपर्यय है तथा बनारस < वाराणसी में दूरवर्ती।

स्वर और व्यंजन के भेद से इसके प्रमुखतः ४ भेद होते हैं। नीचे के उदाहरणों से स्पष्ट हो जाता है कि हिन्दी की तद्भव-शब्दावली में ऐसे विपर्ययों की प्रचुरता है। कुछ उदाहरण अक्षर–विपर्यय के भी मिल जाते हैं, किन्तु बहुत कम जैसे टिकली < तिलक। हिन्दी के विदेशी तद्भवों में ऐसे उदाहरण बहुत मिलते हैं जैसे मतबल (मतलब), बरफ़ (ब़फ़र), अरज़क (अज़रक) आदि। बलदना (बदलना), नखलऊ (लखनऊ) आदि शब्दों में भी यही रूप है। स्वर और व्यंजन–विपर्यय के उदाहरण नीचे प्रस्तुत हैं—

(क) स्वर–विपर्यय

सं०	हिं०
उल्का	लूका
अंगुली	उंगली
एरंड	रेंडी
अम्लिका	इमली
विन्दु	बूंद
इक्षु	ऊख
श्मश्रु	मूछ
सन्धि	सेंध
श्वसुर	सुसर
अनुमान	उनमान

(ख) व्यंजन–विपर्यय

सं०	हिं०
विडाल	बिलार
लघुक	हलका
गृह	घर
परिधान	पहिरना
गरुड	गड़ुर

शब्दांश-विपर्यय—विपर्यय का एक अन्य स्वरूप शब्दांश-विपर्यय है। इसकी विशेषता यह है कि इसमें प्रायः आदि-शब्दांश का विपर्यय होता है। इसमें दो शब्द साथ-साथ आते हैं उनमें से दोनों के आदि अक्षर का विपर्यय हो जाता है, जैसे—घोड़ागाड़ी का गोड़ा-गाड़ी, दाल-चावल का चाल-दावल आदि। हिन्दी-तद्भव शब्दावली में ऐसे उदाहरण कम ही मिलते हैं। अंग्रेजी में इस विपर्यय को Spoonerism कहते हैं।

४. सावर्ण्य या समीकरण—

भाषा की साधारण प्रवृत्ति है कि ध्वनियाँ एक-दूसरी पर प्रभाव डालती हैं। जब एक ध्वनि दूसरी को प्रभावित करके सजातीय बना लेती है तब समीकरण या सावर्ण्य की स्थिति होती है, जैसे—सं० चक्र से प्रा० चक्क और हिन्दी चक्का अथवा सं० मुक्त से प्रा० मुक्क और हिन्दी मुक्क या मूक्का। इसके दो भेद हैं: पूर्व सावर्ण्य और पर-सावर्ण्य। इनके अन्य नाम पुरोगामी सावर्ण्य और पश्चगामी सावर्ण्य भी हैं। पत्र से पत्ता, चक्री से चक्की लग्न से लग या लग्गा आदि उदाहरण इसी प्रकार के हैं। मत्त, सप्प, यम्म, कम्म, दुद्ध आदि रूप पर-सावर्ण्य या पश्चगामी सावर्ण्य के हैं। नील का लील भी इसी का एक उदाहरण माना जाता है।

उपर्युक्त सभी उदाहरण व्यंजन-समीकरण के हैं। समीकरण का एक भेद स्वर-समीकरण भी होता है। इसके भी पूर्वसावर्ण्य और पर-सावर्ण्य दो भेद होते हैं। खुरपी से खुरुपी, सूरज से सुरुज आदि रूप पूर्व सावर्ण्य के उदाहरण हैं; किन्तु अंगुलि का ऊँगली, इक्षु का उक्खु आदि उदाहरण पर-सावर्ण्य के हैं।

५. असावर्ण्य या विषमीकरण—

इस परिवर्तन के अन्तर्गत दो सजातीय या एक-सी ध्वनियाँ अथवा रूप छोड़ कर भिन्न बन जाती हैं। स्वर और व्यंजन के संबंध से इसके भी प्रमुखतः दो भेद होते हैं: स्वर-असावर्ण्य तथा व्यंजन-असावर्ण्य।

(क) **स्वर-असावर्ण्य**—तिलक से टिकली, पुरुष से पुरिस आदि उदाहरण पूर्व-स्वर-असावर्ण्य के हैं तथा मुकुट से मउर, नूपुर से नेउर, मुकुल से मउर या बउर आदि उदाहरण पर-स्वर-असावर्ण्य के हैं।

(ख) **व्यंजन-असावर्ण्य**—कंकण से कगन, काक से काग, लांगूली से लंगूर आदि उदाहरण पूर्व-व्यंजन-असावर्ण्य के हैं तथा ललाट से निलाट, दारिद्रय से दलिद्दर, नवनीत से लोनी पर-व्यंजन-असावर्ण्य के स्वरूप हैं।

६. संधि और एकीभाव—

भाषा में अनेक ध्वनि-विकार संधिज होते हैं। स्वरों के बीच में जो विवृत्ति रहती है वह प्रायः संधि-द्वारा विकार उत्पन्न कर देती है। उदाहरण

के लिए 'थइर' शब्द को ले सकते हैं जो गिरनार के शिलालेख में 'स्थविर' के लिए मिलता है, किन्तु अब 'अ' और 'इ' के बीच के मिट जाने से 'थइर' का 'थेर' रूप हो गया है।

आधुनिक भारतीय भाषाओं के उदाहरणों में मध्य-व्यंजन-लोप से स्वरों की तीन दशाएं मिलती हैं : (१) स्वरों के बीच में विवृत्ति रहती है, जैसे 'हुआ' में, (२) बीच में 'य' अथवा 'उ' का आगम हो, जैसे--'गतः' से 'अ' होने पर 'गया' और 'गवा' रूप बनते हैं; अथवा (३) संधि-द्वारा दोनों-स्वरों का एकीभाव हो जाये, जैसे 'चलइ' का 'चलै', 'मइ' का 'मैं', 'सउ' का 'सौ' आदि। हिन्दी में तीसरे प्रकार के ध्वनि-विकारों का बाहुल्य दिखायी पड़ता है, जैसे—

सं०	प्रा०	हि०
खादति	खाअइ	खाइ, खाय
राजदूत	राअउत्त	राउत, रावत
चर्मकार	चम्मआर	चमार
वचन	वअण, वइन	बैन
नगर	णअर	नयरु, नइर, नेर
समर्पयति	सअप्पेइ, सवप्पेइ, सउप्पइ	सउंपे, सौंपे
अपर	अवर	और
मुकुट	मउड	मौर
मयूर	मउर	मोर
शत	सअ { सओ, सउ } { सए, सइ }	{ सौ, सै }
सपत्नी	सउत्त	सौत
नयन	णइण	नैन
चामर	चॅवर, चॅउर	चौर

७. अनुनासिकता—

हिन्दी-तद्भव शब्दावली में बहुत से ऐसे शब्द हैं जिनमें अनुनासिकता आ गयी है, किन्तु उनके मूल रूपों में नहीं थी। सांप (सर्प), साँच (सत्य), ऊँट (उष्ट्र), जूँ (यूका), कुआँ (कूप), आँसू (अश्रु), भौं (भ्रू) आदि शब्द अनुनासिकता के योग से ही बने हैं।

८. मात्रा-भेद—

असावधानी, अज्ञान या बोलने की प्रवृत्ति से बहुत से शब्दों में दीर्घ मात्रा ह्रस्व हो जाती है और ह्रस्व दीर्घ हो जाती है। वानर से बंदर,

आभीर से अहीर, आषाढ़ से असाढ़, आकाश से अकास, आश्चर्य से अचरज आदि शब्दों में दीर्घ से ह्रस्व की प्रवृत्ति काम कर रही है; किन्तु प्रिय से पीव, अक्षत से आखत, अंकुश से आँकुस, जिह्वा से जीभ, कंटक से काँटा, अद्य से आज, स्कंध से कंधा आदि में ह्रस्व मात्रा से दीर्घ मात्रा हो गयी है। हिंदी की तद्भव-शब्दावली में ऐसे शब्दों की बहुलता है।

९. महाप्राणीकरण—

अल्पप्राण ध्वनियों के महाप्राण हो जाने से भी कितने ही हिन्दी तद्भव शब्दों का निर्माण हुआ है, जैसे:—बाफ या भाप (वाष्प), पीठ (पृष्ठ), बिच्छू या बीछू (वृश्चिक), घर (गृह), ढीठ (धृष्ट), सूखा (शुष्क), हाथ (हस्त), भेष (वेष)।

१०. घोषीकरण—

जब अघोष ध्वनियाँ घोष हो जाती हैं तब इस प्रकार की स्थिति होती है। परिवर्तन के इस प्रकार में कुछ न कुछ योग उच्चारण-सुविधा का भी होता है। सगल (सकल), मगर (मकर), साग (शाक), कँगना (कंकण), काग (काक) आदि शब्दों का निर्माण घोषीकरण की स्थिति से ही हुआ है।

११. अल्पप्राणीकरण—

कुछ तद्भव शब्दों में महाप्राण का अल्पप्राण भी हो गया दिखाई पड़ता है। हिन्दी-बोलियों के दूद (दूध=दुग्ध), सूदो (सूधो=शुद्ध), मजधार (मझधार=मध्यधार), सादू (साधु) आदि शब्द इसी प्रक्रिया से बने हैं।

ध्वनि-परिवर्तन के अनेक चक्रों पर चढ़ कर भारतीय आर्य भाषा की शब्दावली घिसती चली गयी है। कहीं-कहीं परिवर्तन-प्रक्रिया में कुछ खुरदरापन आ गया है या नोकें निकल आयी हैं जिससे तद्भव शब्दों को मूल शब्दों के सामने रखने पर सहसा उनमें किसी संबंध का अनुमान नहीं किया जा सकता, किन्तु भाषाज्ञानी की दृष्टि उस पर अवश्य पहुंच जाती है। शब्द के आकार-प्रकार के विकास के साथ बहुत से शब्दों के अर्थों में भी क्रान्ति हुई है। परिवर्तन के अनेक कारणों और दिशाओं की चर्चा तो इस प्रसंग में अधिक उपयुक्त न होगी, किन्तु कुछ उदाहरणों से हिन्दी तद्भव शब्दावली के अर्थ-परिवर्तन, अर्थ-विकास और अर्थ-संकोच का अनुमान किया जा सकता है। यों तो काल-चक्र पर चढ़ कर बहुत से तत्सम शब्दों ने भी अर्थ-क्रान्ति की है, किन्तु तद्भव शब्दों में यह प्रवृत्ति कुछ अधिक व्यापकता से मिलती है। घर, बाड़ी, पाती (चिट्ठी), धन, कन, चाल, गाढ़ (कोली या जुलाहे की गाढ़), मद्दा, चाक, चाकी, पहिरन, अखाड़ा, खाजा (खाना विशेष), भोला, सद (ताजा), भजना (भागना), थापा, टप्पा आदि तद्भवों के मूल के अर्थों से अलगाव, विकास या संकोच की स्थिति दिखायी दे सकती है।

घर—गृह (सं.) से विकसित यह शब्द कभी मकान के अर्थ में प्रयुक्त होता था। आज रसोईघर, पेशाबघर आदि शब्दों में यह कमरे का अर्थ भी देता है।

बाड़ी—(सं० वाटिका) इसके मूल 'वाटिका' का प्रयोग लघु उद्यान के अर्थ में होता था। आज इसका संबंध 'खेती-बाड़ी' या 'चाटुर्ज्या बाड़ी' जैसे शब्दों से हो गया है। इसी प्रकार 'मालियों की बाड़ी' आदि शब्द प्रयोग में आते हैं। यहाँ बाड़ी गृह-समूह के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है।

पाती—इसका उद्भव 'पत्र' शब्द से हुआ था, किन्तु संस्कृत काल में ही उसने 'पत्रिका' (चिट्ठी) का अर्थ ग्रहण कर लिया था। आज 'पाती' शब्द प्रमुखतः चिट्ठी के अर्थ में ही प्रयुक्त होता है, यद्यपि 'फूल-पाती' के साथ यह अपने मूल अर्थ को भी अक्षुण्ण रखता है।

धान—यह शब्द अपने मूल रूप में 'धान्य' था जिससे सामान्यतः 'अन्न' का अर्थ द्योतित होता था। आज इसका संबंध प्रमुखतः चावल से हो गया है।

कन—इसका उद्भव संस्कृत 'कण' से हुआ है जिसका अर्थ 'अंश' या 'छोटा टुकड़ा' होता था। आज राजस्थान की बोलियों में इसका प्रयोग 'अन्न' के लिए ही विशेष रूप से होता है।

चाल—यह शब्द चल् धातु से बना है। इसका अर्थ गति होता है, किन्तु 'मैं आपकी चाल से परिचित हूँ'—जैसे वाक्यों में इसका अर्थ चालाकी या 'विरोधी गति-विधि' हो गया है।

इसी प्रकार 'चल्' धातु से बने हुए 'चलन' शब्द का अर्थ हिन्दी में 'रीति' या 'प्रथा' ग्रहण किया जाता है।

गाढ़—यह शब्द सं० 'गर्त' या 'गर्तक' से विकसित हुआ है जिसका सामान्य अर्थ 'गड्ढा' या 'गढ़ा' होता है, किन्तु उत्तर प्रदेश के पश्चिमी भागों में 'गाढ़' का अर्थ 'कोली या जुलाहे की शाला' होता है, जिसमें बैठकर वह अपने करघे पर कपड़ा बुनता है।

भद्दा—'भद्र' शब्द से विकसित इस शब्द ने 'शिष्ट' या 'भले' के अर्थ के विरोध में 'अशिष्ट' या 'बुरे' का अर्थ धारण कर लिया है।

चाक—सं० 'चक्र' से विकसित इस शब्द का अर्थ सामान्यतया 'पहिया' होना चाहिये था, किन्तु आज यह शब्द कुम्हार के 'चाक' के अर्थ में ही रूढ़ हो गया है।

चाकी—यह शब्द चक्रिका से व्युत्पन्न हुआ है। आज इसका अर्थ 'हाथ से आटा पीसने की चक्की' के लिए प्रायः रूढ़ हो गया है। 'चाकी' के स्थान पर आजकल एक शब्द 'चक्की' भी प्रयुक्त होता है जैसे—'पनचक्की',

'बिजली की चक्की', किन्तु जो अर्थ 'चाकी' देता है वह 'चक्की' सामान्यतया नहीं देता। 'चक्की' या 'चकिया' शब्द आजकल हलवाई लोग भी प्रयुक्त करते हैं। इससे उनका आशय 'बर्फी' से होता है।

पहिरन—'परिधान' से व्युत्पन्न यह शब्द अपने मूल अर्थ को सुरक्षित रखते हुए अर्थ-विस्तार की दिशा में चला गया है। 'वेश-भूषा' के अतिरिक्त आज यह शब्द पहिनने की एक शैली का भाव भी द्योतित करता है।

अखाड़ा—विद्वानों ने इसे 'अक्षवाट' से व्युत्पन्न माना है। इसने भी अर्थ-विस्तार के मार्ग से 'दल' या दलबन्दी का अर्थ ग्रहण करलिया है। कसरती अखाड़े या पहलवानों के अखाड़े तो प्रायः सभी ने देखे होंगे, किन्तु 'अखाड़े बाजों' की माया से बहुत कम लोग परिचित होंगे।

खाजा— 'खाद्य' से व्युत्पन्न यह शब्द अर्थ-संकोच का शिकार हो गया है। पहले यह खाने की वस्तु के लिए सामान्य रूप से प्रयुक्त होता था। मध्यकाल में यह शब्द मिठाई-विशेष के अर्थ में ही प्रयुक्त होने लगा। आज नई-नई मिठाइयों के नामों ने 'खाजा' के महत्त्व को मिटा-सा दिया है। फिर भी 'खाजा' अभी तक मध्यदेशीय गांवों में ब्याह-शादी के अवसर पर 'खजला' या 'खाजला' के रूप में अपना महत्त्व स्थापित किये हुए है।

भोला—प्राकृत ग्रन्थों में 'भ्रान्त' शब्द के लिए 'भुल्ल' शब्द का प्रयोग होता था, किन्तु उसका अर्थ आज के भोला से भिन्न था। आज 'भोला' ने भूला से पृथक् अर्थ व्यक्त करना प्रारंभ कर दिया है। इसलिए 'भुल्ल' के अर्थ को 'भूला' तो द्योतित करता है, किन्तु 'भोला' नहीं। सच तो यह है कि 'भोला' ने सपूत की भांति 'भुल्लो' के अवगुणों को छिपाकर गुणों का ही प्रकाशन किया है। इसका गुण यहाँ तक बढ़ गया कि वह शंकर का विशेषण या पर्याय बन गया है।

सद—इसका तत्सम 'सद्यः' है जो अपने अव्यय रूप में शीघ्र, हाल ही में, अभी आदि अर्थ व्यक्त करता है; किन्तु सद रोटी', सद पानी', 'सद मट्ठा' आदि शब्दों में 'सद' अव्यय रूप छोड़कर विशेषण बन गया है और 'ताज़ा' (fresh) अर्थ द्योतन करता है।

भजना—तद्भवों की पंक्ति में बैठकर बहुत से शब्द अपने पाठक या श्रोता को तत्समों में अपना 'स्रोत' खोजने की प्रेरणा देते हैं, किन्तु ऐसी दृष्टि से कभी-कभी अनर्थ हो जाता है। संस्कृत के 'भज्' शब्द से इसका कोई संबंध नहीं है। कुछ विद्वानों ने इसका 'भञ्ज्' धातु से जोड़ने का प्रयत्न किया है और भञ्जित (वि०) प्राकृत में 'भञ्जिय' होकर 'भगिया' या भागा हो गया है। इसी 'भञ्ज' धातु से 'भजना' या 'भगना' संज्ञा शब्द व्युत्पन्न हुए हैं। यह ठीक है कि 'ज' और 'ग' परस्पर बदलते रहते हैं किन्तु मैं इस शब्द

को 'देशज' समझता हूं; जो तद्भवों की पंक्ति में बैठकर तद्भव सा प्रतीत हो रहा है।

थापा—अपने मूल रूप में यह शब्द स्था' धातु का भूतकालिक कृदन्त है जो णिच् प्रत्यय से 'स्थापित' हुआ था, जिसका अर्थ था 'रखा हुआ', 'जमाया हुआ', 'अवस्थित' या 'निर्धारित'। आज इसका अर्थ किसी वस्त्र, भित्ति आदि पर रंग से बने हुए हस्त-चिह्न या हस्तांक के रूप में ग्रहण किया जाता है। इसी का दूसरा भाई 'ठप्प' है जिसका अर्थ 'हस्तांक' न होकर 'मुद्रांक' होता है।

इन उदाहरणों को देख कर हिन्दी के तद्भव शब्दों में हुए ध्वनि-परिवर्तनों की पूर्वपीठिका की ओर ध्यान चला जाता है। यों तो आज आधुनिक साहित्यिक हिन्दी में तत्सम शब्दों का प्रयोग बहुत बढ़ गया है, किन्तु ध्वनियों के इतिहास का अध्ययन केवल तद्भव-शब्दावली के अध्ययन से ही हो सकता है। वास्तव में तद्भव शब्दों में से अधिकांश हिन्दी की बोलियों की सम्पत्ति हैं, किन्तु उनमें से बहुत से साहित्यिक हिन्दी में भी चले आये हैं। हिन्दी कहानियों और उपन्यासों की लोक-प्रिय शब्दावली में ऐसे शब्दों का बाहुल्य है। यदि हम एक ओर संस्कृत शब्दों को और दूसरी ओर हिन्दी के तद्भव शब्दों को सामने रखें तो ध्वनि-सम्बन्धी कुछ सामान्य बातें दृष्टिगोचर होती हैं जिनमें से स्वर-विषयक ये हैं—

स्वर-रूप

(१) संस्कृत शब्दों के अन्तिम स्वर आ, ई, ऊ धीरे-धीरे अ, इ, उ में परिवर्तित हो गये और ए, ओ का परिवर्तन इ, उ में हो गया। इस प्रकार दीर्घ तथा संयुक्त से ह्रस्व हुए स्वरों में और मूल ह्रस्व स्वरों में कोई भेद नहीं रह सका। हिन्दी में शब्दान्त के ह्रस्व स्वर कुछ दिन रहने के बाद धीरे-धीरे लुप्त हो गये। इस समय उच्चारण की दृष्टि से हिन्दी के तद्भव शब्द बहुलता से व्यंजनान्त हैं। हां, यह परिवर्तन अभी लिखने में स्वीकृत नहीं हुआ है। हिन्दी की कुछ बोलियों में अन्त्य अ, इ आदि का उच्चारण कुछ-कुछ प्रचलित है।

(२) गुणवृद्धि परिवर्तन संस्कृत में तो होते ही हैं, हिन्दी में भी मिलते हैं। हिन्दी में संधि-पूर्व के इ तथा उ कभी-कभी, दीर्घ में न बदल कर, प्राय: ए तथा ओ में बदल जाते हैं। बेल ∠ बिल्व, सेम ∠ शिवा, कोढ़ ∠ कुष्ठ, तथा कोख ∠ कुक्षि शब्द इसी प्रक्रिया से बने हैं।

(३) हिन्दी के तद्भव शब्दों में वृद्धि स्वरों का प्रयोग बहुत कम मिलता है। केवट ∠ कैवर्त, गेरू ∠ गैरिक तथा गोरा ∠ गौर इस प्रकार के परिवर्तन की स्थिति के प्रमाण हैं।

(४) हिन्दी के तद्भव शब्दों में ऋ का परिवर्तन किसी अन्य स्वर या 'रि' में हो जाता है। रूख ∠ वृक्ष, माई ∠ भ्रातृ, किया ∠ कृतः, मुआ ∠ मृतः, नाच ∠ नृत्य, बसह ∠ वृषभ, रितु ∠ ऋतु, रिन ∠ ऋण आदि शब्दों से ऋ के विभिन्न परिवर्तनों का अनुमान किया जा सकता है।

हिन्दी की तद्भव शब्दावली के समग्र अवलोकन से हम स्वरों के परिवर्तन के सम्बन्ध में यह निष्कर्ष निकालते हैं—

(१) अ—

(i) कहीं-कहीं संस्कृत की 'अ' ध्वनि हिन्दी तद्भव शब्दों में सुरक्षित रहती है, जैसे—पहर ∠ प्रहर, सगरो ∠ सकलः, गड्ढा ∠ गर्त, थन ∠ स्तन, थल ∠ स्थल, सरग ∠ स्वर्ग।

(ii) कहीं-कहीं संस्कृत 'अ' हिन्दी तद्भवों में 'आ' रूप धारण कर लेता है जैसे पाकड़ ∠ पर्कटी, आगल ∠ अर्गला, काम ∠ कर्म, चाम ∠ चर्म, घाम ∠ घर्म।

(iii) कहीं-कहीं संस्कृत शब्दों का 'अ' हिन्दी के तद्भवों में 'इ' का रूप धारण कर लेता है, जैसे—इमली ∠ अम्लिका, गिनना ∠ गणना, पिंजरा ∠ पंजर आदि।

(iv) कहीं-कहीं अ-ध्वनि अर्द्ध-स्वर 'व' के साथ 'उ' में बदल जाती है, जैसे—जुर ∠ ज्वर सुर ∠ स्वर, धुनि ∠ ध्वनि।

(v) कहीं-कहीं 'अ' 'उ' का रूप धारण कर लेता है, जैसे—खुजली ∠ खर्जु।

(vi) कहीं-कहीं तद्भवों में संस्कृत 'अ' को 'ऊ' हो जाता है, जैसे—मूँछ ∠ श्मश्रु।

(vii) कहीं-कहीं 'अ' को 'ए' हो जाता है, जैसे—मेंढक ∠ मण्डूक सेंध ∠ संधि।

(viii) कहीं-कहीं 'अ' को 'ऐ' हो जाता है, जैसे—रैन ∠ रजनी मैन ∠ मदन, सै ∠ शत।

(ix) कहीं-कहीं 'अ' को 'ओ' हो जाता है, जैसे—पतोहू ∠ पुत्रवधू इस परिवर्तन के लिए 'अ' के पश्चात् 'व' का होना आवश्यक है।

(x) यदि किसी तत्सम शब्द के अन्त में 'व' हो तो 'व' का लोप होकर उसके पूर्ववर्ती 'अ' को 'औ' हो जाता है, जैसे—भादौं ∠ भाद्र माधौ ∠ माधव। 'भादौं' शब्द भी इसी प्रक्रिया से प्राकृत में 'भद्दवअ' हो हिन्दी में भादौं बना है। यहाँ नियम में थोड़ा सा व्यतिक्रम है।

ा—

(i) कहीं-कहीं संस्कृत शब्दों का 'आ' हिन्दी के तद्भव शब्दों में सुर- , जैसे ग्वाला∠गोपाल, आम∠आम्र, तांबा∠ताम्र, आस∠आशा, काष्ठ, थान∠स्थान, खाजा∠खाद्य, धान∠धान्य आदि में।

(ii) कहीं-कहीं 'आ' के स्थान पर हिन्दी-तद्भवों में 'अ' भी मिलता े— अचरज∠आश्चर्य, बघेरा∠व्याघ्र, महगा∠महार्घ, बखान∠ ान।

इ—

(i) कहीं-कहीं हिन्दी-तद्भवों में भी यह ध्वनि सुरक्षित रहती है, करन∠किरण, गाभिन∠गर्भिणी, बहिरा∠वधिर आदि में।

(ii) कहीं-कहीं तत्सम शब्दों में आई हुई 'इ' हिन्दी तदभवों में 'ई' हो है, जैसे—लाठी∠यष्टि, रीता∠रिक्त, करसी∠करीषिका, सीख∠शिक्षा, ∠मिष्ट आदि में।

(iii) कहीं-कहीं तत्सम शब्दों में प्रयुक्त 'इ' का 'अ' हो जाता है, जैसे रश्मि, भींत∠भित्ति, आँख∠अक्षि, तुरत∠त्वरित, सुरत∠स्मृति, ∠वधिर आदि में।

(iv) कहीं-कहीं 'इ' का 'ऊ' भी हो गया है, जैसे ऊख∠इक्षु।

(v) कहीं-कहीं 'इ' का 'ऊ' हो जाता है, जैसे गेरू∠गैरिक, बूंद∠ ।

ई—

(i) कहीं-कहीं संस्कृत शब्दों की 'ई' ध्वनि हिन्दी तद्भवों में सुरक्षित है, जैसे कीड़ा∠कीट, तीखा∠तीक्ष्ण, अलसी∠अतीसी, पानी∠पानीय, ∠शार्ष।

(ii) कहीं-कहीं 'ई' ह्रस्व ध्वनि 'इ' में परिवर्तित हो जाती है, जैसे ∠दीपक, पियरा∠पीतल, पिढ़िया∠पीठिका, जिउ∠जीव।

(iii) कहीं-कहीं 'ई' को 'इ' भी हो जाता है, जैसे रैन∠रजनी, ∠परीक्षा।

) उ—

(i) हिन्दी-तद्भवों में यह ध्वनि कभी-कभी सुरक्षित रहती है, जैसे ड़ा∠कुब्जक, कुहाड़∠कुठार, गुफा∠गुहा।

(ii) कहीं-कहीं 'उ' के स्थान पर हिन्दी में 'ऊ' हो जाता है, जैसे ∠मुष्टि, तूठा∠तुष्ट, दूध∠दुग्ध, पूठा∠पुष्ट, रूठा∠रुष्ट, सूखा∠शुष्क, ∠गुर्जर, चूमना∠चुम्बन, सूता∠सुप्त, गूंजन∠गुंजन, पूत∠पुत्र, ∠त्रुटित।

(iii) कभी-कभी तत्सम शब्दों में प्रयुक्त 'उ' को हिन्दी तद्भवों में 'अ' हो जाता है, जैसे साध∠साधु, बूंद∠बिन्दु, बटला∠वर्तुल, बांह∠बाहु।

(६) ऊ—

(i) कुछ तद्भवों में 'ऊ' सुरक्षित रहता है, जैसे मूसा∠मूषक, मूत∠मूत्र, रूखा∠रूक्षक, सूत∠सूत्र, धूत∠धूर्त, मूसल∠मुषल।

(ii) कभी-कभी 'ऊ' का 'उ' भी हो जाता है, जैसे कुआ<कूप, धुआँ∠धूम, भुवाल∠भूपाल, महुआ<मधूक, सुई<सूचिका।

(iii) कहीं-कहीं 'ऊ' का 'ए' हो जाता है, जैसे नेउर<नूपुर।

(iv) कहीं-कहीं 'ऊ' का 'ओ' हो जाता है, जैसे मोल<मूल्य, मोजपत्र<भूर्जपत्र।

(७) ऋ—

तत्सम शब्दों ने हिन्दी में आते-आते अनेक रूप बदले हैं। उनकी अन्य ध्वनियों की भाँति ऋ का भी हाल हुआ है। परिवर्तन इस प्रकार दिखायी देते हैं:—

(i) ऋ का अ में परिवर्तन—
वसह<वृषभ; हट्टा<हृष्ट।

(ii) ऋ का परिवर्तन आ में—
कान्ह<कृष्ण।

(iii) ऋ का परिवर्तन इ में—
तिस<तृषा, मडा<मृत, तिन<तृण।

(iv) ऋ का परिवर्तन ई में—
दीठि<दृष्टि, पीठ<पृष्ठ, घीठ∠धृष्ट।

(v) ऋ का परिवर्तन उ में—
पुट्ठा<पृष्ठ, घुटा<घृष्ट।

(vi) ऋ का परिवर्तन ऊ में—
वूठा∠वृष्ट, रूख<वृक्ष।

(vii) ऋ का परिवर्तन 'रि' या 'री' में—
रिन<ऋण, रितु<ऋतु, रीछ<ऋक्ष।

(८) ए—

हिन्दा तद्भवों में 'ए' ने विशेष परिवर्तन का मुँह नहीं देखा। हाँ, हिन्दी में संस्कृत का दीर्घ 'ए' ह्रस्व हो गया है, जैसे "एक दिन ऐसा होइगा, मैं रूंधूंगी तोहि" में।

कहीं-कहीं कविता में उर्दू के सम्पर्क से 'ए' को 'इ' के रूप में देखा गया है, जैसे "इक (एक) वार नज़र जो फेर चले, तो तुम्हें जमाना पूछेगा"

(९) ऐ—

संस्कृत शब्दों में प्रयुक्त 'ऐ' हिन्दी में आने से पहले ही 'ए' रूप धारण कर चुका था।

(i) हिन्दी तद्भवों में भी 'ऐ' को 'ए' हो जाता है—गेरू<गैरिक, केवट<कैवर्त।

(ii) कहीं-कहीं संस्कृत शब्दों के 'ऐ' को हिन्दी तद्भवों में अइ या अई हो जाता है, जैसे दईत<दैत्य, मइत्री<मैत्री, वईद<वैद्य।

(१०) ओ—

हिन्दी तद्भवों में 'ओ' ने बहुत कम परिवर्तन देखे हैं।

(i) प्रायः वह सुरक्षित रहता है, जैसे जोति या जोत<ज्योति, कोई<कोऽपि, सोई<सोऽपि, डोला<दोला, डोरा<दोरक।

(ii) कहीं-कहीं 'ओ' को 'औ' हो जाता है, जैसे कौली<क्रोड।

(iii) कहीं-कहीं 'ओ' का 'उ' या 'ऊ' हो जाता है, जैसे मुद<मोद, चूसना<चोषण, चुराया<चोरित।

(११) औ—

हिन्दी के तद्भव शब्दों में संस्कृत का 'औ' सुरक्षित नहीं रहा है।

(i) इसके स्थान पर प्राय: ओ हो जाता है, जैसे मोती<मौक्तिक, पोता<पौत्रक, जोवन<यौवन।

(ii) कहीं-कहीं संस्कृत 'औ' का हिन्दी तद्भवों में 'अइ' या 'अउ' में विघटन हो गया है, जैसे नउका<नौका।

उक्त स्वर-परिवर्तनों को देख कर हम ये नियम निर्धारित करते हैं—

१. प्रा० भा० आ० भाषा के आदि-अक्षर के स्वर हिन्दी की तद्भव शब्दावली में प्रायः सुरक्षित हैं।

२. आदि स्वर (अच्) पर स्वराघात न होने पर उसमें विकार हुआ है और अनेक उदाहरणों में आदि 'अ' लुप्त भी हो गया है, जैसे भीतर∠अभ्यन्तर, रीठा∠अरिष्ट, लौकी∠अलाबु।

३. आदि-व्यंजन-युक्त 'अ' हिन्दी में सुरक्षित हैं, जैसे कहना∠कथन, घड़ा∠घटक, छतरी∠छत्र।

४. प्रा० भा० आ० भाषा के किसी शब्द में संयुक्त व्यंजन से पूर्व आने वाला 'अ' (ह्रस्व) 'आ' (दीर्घ) हो जाता है, जैसे—चाक∠चक्र, चाम∠चर्म, घाम∠घर्म, कान∠कर्ण।

५. उक्त प्रकार के संयुक्त व्यंजन में से एक के अनुनासिक होने पर तथा उसके लुप्त होजाने पर 'अ', कभी-कभी 'आँ' में बदल जाता है, जैसे—आँत∠अन्त्र, दाँत∠दन्त, पाँती∠पंक्ति।

६. प्रा० भा० आ० भाषा के कुछ शब्दों के अन्त में कार-पद आता है। यदि कार पद से पूर्व संयुक्त व्यंजन में ह्रस्व स्वर हो तो कार का 'क्' लुप्त होकर म० भा० आ० भाषा में केवल 'आ' रह जाता है जो ह्रस्व 'अ' में मिल कर भी दीर्घ बना रहता है, जैसे—चमार∠चम्मआर∠चर्मकार सुनार∠सुण्ण-आर∠स्वर्णकार ।

७. प्रा० भा० आ० भाषा के शब्दों का आदि 'आ' हिन्दी तद्भवों में प्राय: सुरक्षित रहा है जैसे—आम∠आम्र, आरसी∠आदर्शिका, आलू ∠आलुक:, आसा∠आशा ।

८. कहीं-कहीं शब्द के आदि या आद्यक्षर में रहने वाला 'आ' अपने बाद संयुक्त व्यंजन होने पर हिन्दी तद्भवों में ह्रस्व होजाता है, जैसे—अपना ∠आत्मन:, बखान∠व्याख्यान ।

९. कहीं-कहीं शब्दों में आदि में स्वराघात के अभाव से 'आ' निर्बल होकर 'अ' हो गया है, जैसे—असाढ़∠आषाढ़, अहेर∠आखेट, बनारस∠वाराणसी, अचरज∠आश्चर्य ।

१०. दो शब्दों के समस्त पद में यदि पहला पद दो व्यंजनों का हो और उनमें से पहला वर्ण दीर्घ हो तो हिन्दी में वह ह्रस्व हो जाता है, जैसे-वतकही∠वार्तकथा, कठफोडवा∠काष्ठस्फोटक ।

११. प्रा० भा० आ० भाषा के शब्द के आदि अक्षर के इ, ई के पश्चात् असयुक्त व्यंजन आने पर हिन्दी-तद्भवों में इ, ई सुरक्षित हैं, जैसे—बिहान∠विभाण, कीड़ा∠कीटक, खीर∠क्षीर ।

१२. प्रा० भा० आ० भाषा के शब्दों में आने वाली इ, ई अथवा ऋ ध्वनियों के पश्चात् संयुक्त व्यंजन आने पर हिन्दी-तद्भवों में स्वर दीर्घ होजाते हैं, जैसे—जीभ∠जिह्वा, भीख∠भिक्षा, रीछ∠ऋक्ष, ईंट∠इष्ट, सीख∠शिक्षा ।

१३. आदि अक्षर के स्वराघात के अभाव में 'इ' सुरक्षित रहता है, जैसे—निठुर∠निष्ठुर, निकास∠निष्कास, विनती∠विज्ञप्ति ।

१४. प्रा० भा० आ० भाषा के शब्दों के असंयुक्त व्यंजन के पूर्ववर्ती उ, ऊ हिन्दी में सुरक्षित हैं, जैसे—छुरी∠क्षुरिका, पुराना∠पुराण, गुफा∠गुहा, कुवाँरा∠कुमारक, जूड़ा∠जूटक, धूर∠धूलि ।

१५. प्रा० भा० आ० भा० के संयुक्त व्यंजन के पूर्ववर्ती आदि एवं आदि अक्षर के उ, ऊ हिन्दी में सुरक्षित है, जैसे—दुबला∠दुर्बल, उजला∠उज्ज्वल, उछाह∠उत्साह, सूत∠सूत्र, मूत∠मूत्र, दूब∠दूर्वा ।

१६. प्रा० भा० आ० भापा के शब्दों का उ हिन्दी तद्भवों में कहीं-कहीं 'ऊ' भी होगया है, जैसे—ऊँचा∠उच्च, ऊँट∠उष्ट्र, मूठ∠मुष्टि, रूठा ∠रुष्ट, दूध∠दुग्ध ।

१७. प्रा० भा० आ० भाषा के शब्दों के प्रथमाक्षर में रहने वाली 'इ' और 'उ' ध्वनियाँ बाद में संयुक्त व्यंजन होने पर हिन्दी में कभी-कभी 'ए' या 'ओ' में बदल जाती हैं, जैसे छेद∠छिद्र, बेल∠बिल्व, पोखर∠पुष्कर, कोढ़ ∠कुष्ठ।

१८. प्रा० भा० आ० भाषा का 'ऐ' हिन्दी शब्दों में प्रायः 'ए' हो गया है, जैसे—केवट∠कैवर्त।

१९. प्रा० भा० आ० भाषा के शब्दों के आदि अक्षर की 'ए' ध्वनि हिन्दी-तद्भवों में सुरक्षित है, जैसे—केवड़ा∠केतक, जेठ∠ज्येष्ठ, खेत∠क्षेत्र, बेंत∠वेत्र, सेठ∠श्रेष्ठी।

२०. प्रा० भा० आ० भाषा का 'औ' हिन्दी में 'ओ' होगया है, जैसे—गोरा∠गौर, चोरी∠चौरिका, कोसी∠कौशिका।

२१. असंयुक्त व्यंजन से पूर्व का आदि अक्षर में रहने वाला 'ओ' हिन्दी में सुरक्षित है, जैसे—घोड़ा∠घोटक, तिकोना∠त्रिकोण, थोड़ा∠स्तोक, कोठा∠कोष्टक, ओठ (होंट)∠ओष्ठ।

२२. शब्दान्त या पदान्त स्वर हिन्दी में लुप्तप्राय हैं। यद्यपि वे लिखने में आते हैं, किन्तु उच्चारण में उनका लोप हो चुका है, जैसे—पूत्∠पुत्रः, राम्∠रामः, राजपूत्∠राजपुत्रः सीप्∠शुक्ति, रात्∠रात्रि।

२३. शब्दान्त के ह्रस्व स्वर हिन्दी के कुछ शब्दों में दीर्घ होकर सुरक्षित हैं, जैसे—हिया∠हृदय, मुआ∠मृत।

२४. प्रा० भा० आ० भाषा के पदान्त के दीर्घ स्वर हिन्दी में कहीं कहीं सुरक्षित हैं, जैसे—बहू∠वधू, साँईं∠स्वामी, रानी∠राज्ञी, पाती∠पत्री, धरती धरित्री।

व्यंजन-परिवर्तन स्वर-परिवर्तन से किसी भी प्रकार कम महत्त्वपूर्ण नहीं है, वरन् उच्चारण की दृष्टि से व्यंजन परिवर्तन कुछ अधिक ध्यान देने योग्य है। व्यंजनों के स्पर्श, अन्तस्थ, ऊष्म; घोष-अघोष; अल्पप्राण-महाप्राण आदि अनेक भेद हैं। इनके भी संयुक्त-असंयुक्त दो भेद और होते हैं। इन अनेक भेदों का प्रभाव परिवर्तन की दिशा पर भी पड़ता है। हिन्दी की तद्भव शब्दावली के अन्तर्गत सम्मिलित अनेक शब्दों को देख कर हम कुछ सामान्य परिवर्तन-नियमों का अनुमान कर सकते हैं। नीचे उनका विवरण देखिये:—

(क) असंयुक्त व्यंजनों के सम्बन्ध में:—

(१) प्रा० भा० आ० भाषा का आदि असंयुक्त व्यंजन प्रायः सुरक्षित रहता है। यह प्रवृत्ति हिन्दी में ही नहीं, वरन् प्रायः समस्त भारोपीय भाषाओं में मिलती है। हिन्दी में इसके कुछ उदाहरण देखिये:—

(१२) असंयुक्त अन्त्य व्यंजन के सम्बन्ध में पहले ही कहा जा चुका है कि हिन्दी के व्यंजनांत शब्दों का भी एक इतिहास है। प्रा० भा० भा० भाषा के अनेक इ–ईकरान्त तथा उ–ऊकारान्त शब्द हिन्दी में अकारान्त हो गये हैं, जैसे—

जोत ∠ ज्योति
सत्तर ∠ सप्तति
दयाल ∠ दयालु
बाँह ∠ बाहु
रैन ∠ रजनी

हिन्दी के उक्त अकारान्त शब्द उच्चारण में व्यंजनान्त हैं। नये होने के कारण अभी ये इस रूप में लिखे नहीं जाते हैं।

(१३) हिन्दी की बोलियों में कुछ और परिवर्तन भी देखने में आये हैं जो इस प्रकार हैं:—

(i) 'य्' का 'ज्' हो जाता है:—

जमुना < यमुना
जोग < योग
जग्य < यज्ञ
काज < कार्य

(ii) 'ल्' का 'र' हो जाता है:—

केरी < कदली
महिरारू < महिला
थारी < स्थाली

(iii) 'व्' का 'ब्' हो जाता है:—

सब < सर्व
बिरियाँ < वेला
बात < वार्ता

(iv) 'श्' का 'स' हो जाता है:—

बस < वश
सरीर < शरीर
साप < शाप
सँदेसा < सदेश

(v) 'ष्' का 'ख' हो जाता है:—

भाखा < भाषा
माखन < माषण

मेख < मेष

सोखा < शोषित

ा) संयुक्त व्यंजनों के सम्बन्ध में—

(१) यदि प्रा० भा० आ० भाषा के शब्द के आदि में कोई दीर्घ र-युक्त संयुक्त व्यंजन हो तो संयुक्त व्यंजन की द्वितीय ध्वनि हिन्दी में लुप्त । जाती है, जैसे—

साँस < श्वास

गास < ग्रास

गाँव < ग्राम

(२) यदि प्रा० भा० आ० भाषा के शब्दों के आदि में संयुक्त-दीर्घ-वर-युक्त व्यंजन हो और उसके बाद में 'म्' हो तो संयुक्त व्यंजन की द्वितीय वनि लुप्त होकर प्रथम दीर्घ व्यंजन प्रायः सानुनासिक हो जाता है, जैसे—

गाँव < ग्राम

नाँव < नाम

साँई < स्वामी

(३) प्रा० भा० आ० भाषा के शब्दों के आदि के संयुक्त व्यंजन कभी-कभी किसी स्वर के आगम से वियुक्त हो जाते हैं, जैसे—

भरम < भ्रम

पिरान < प्राण

धियान < ध्यान

गियान < ज्ञान

(४) प्रा० भा० आ० भाषा के शब्दों के मध्य में आने वाले संयुक्त स्पर्शों में से पहले का हिन्दी शब्दों में लोप हो जाता है और पूर्ववर्ती स्वर दीर्घ हो जाता है:—

दूध < दुग्ध

मूंग < मुद्ग

सात < सप्त

भींत < भित्ति

(५) यदि प्रा० भा० आ० भाषा के मध्यवर्ती संयुक्त व्यंजन क्रमशः स्पर्श एवं अनुनासिक हों तो हिन्दी में अनुनासिक का प्रायः लोप हो जाता है, जैसे—

आग < अग्नि

तीखा < तीक्ष्ण

माखा < मक्ष

(६) यदि मध्यवर्ती संयुक्त व्यंजनों में से पहला अनुनासिक हो तो हिन्दी में उसका लोप होकर पूर्वस्वर अनुनासिक हो जाता है, जैसे—

जांघ ∠ जङ्घा
चोंच ∠ चञ्चु
कांटा ∠ कण्टक
चांद ∠ चन्द्र
कांपना ∠ कम्पन
सींचना ∠ सिञ्चन

(७) प्रा० भा० आ० भाषा में मध्यवर्ती संयुक्त स्पर्श और अन्तस्थ व्यंजन की स्थिति होने पर हिन्दी तद्‌भवों में प्रायः अन्तस्थ का लोप हो जाता है, जैसे—

जोग ∠ योग्य
बाघ ∠ व्याघ्र
दुबला ∠ दुर्बल
पका ∠ पक्व
तुरंत ∠ त्वरित

(८) यदि प्रा० भा० आर्य भाषा के शब्दों में मध्यवर्ती संयुक्त व्यंजन स्पर्श और अन्तस्थ के योग से बने हों तो हिन्दी शब्दों में अन्तस्थ लुप्त हो जाता है और स्पर्श व्यंजन य, र तथा व के लुप्त होने पर क्रमशः चवर्ग, टवर्ग और पवर्ग में परिवर्तित हो जाता है, जैसे—

य्— साँच ∠ सत्य
नाच ∠ नृत्य
आज ∠ अद्य
वाँझ ∠ वन्ध्या
साँझ ∠ सन्ध्या

र्— काटना ∠ कर्तन
कौड़ी ∠ कर्पदिका
गाड़ी ∠ गंत्री
पलटना ∠ परिवर्तन

व्— बूढ़ा ∠ वृद्ध
बारह ∠ द्वादश

(९) प्रा० भा० आर्य भाषा में शब्दों में स्पर्श और ऊष्म व्यंजनों का संयोग होने पर हिन्दी में ऊष्म का प्रायः लोप हो जाता है और यदि स्पर्श व्यंजन अल्पप्राण हो तो महाप्राण हो जाता है, जैसे—

पच्छाँ ∠ पश्चिम
आँख ∠ अक्षि
खेत ∠ क्षेत्र
काठ ∠ काष्ठ
पीठ ∠ पृष्ठ
थन ∠ स्तन
हाथ ∠ हस्त
जीभ ∠ जिह्वा
गुझिया ∠ गुह्य

(१०) अनुनासिक और अन्तस्थ के संयोग से बने हुए संयुक्त व्यंजन हिन्दी में अपनी अन्तस्थ-ध्वनि का लोप कर देते हैं—

अरना ∠ अरण्य
ऊन ∠ ऊर्ण
काम ∠ कर्म
कान ∠ कर्ण
सूना ∠ शून्य

(११) अनुनासिक एव ऊष्म संयोग में हिन्दी में अनेक परिवर्तन दीख पड़ते हैं—

(i) कहीं अनुनासिक लुप्त हो जाता है—
रास ∠ रश्मि

(ii) कभी ऊष्म लुप्त हो जाता है—
मसान ∠ श्मशान

(iii) कभी दोनों किसी-न-किसी रूप में रह जाते हैं —
सनेह ∠ स्नेह

(iv) कभी ऊष्म 'ह' में बदल जाता है, जैसे—
नहान ∠ स्नान
कान्ह ∠ कृष्ण

(१२) अन्तस्थ-अन्तस्थ के योग में हिन्दी में कभी एक का लोप हो जाता है और कभी दोनों ठहर जाते हैं—

(i) लोप—
मोल ∠ मूल्य
सब ∠ सर्व
चोरी ∠ चौर्य

(ii) दोनों की सुरक्षा—

सूरज ∠ सूर्य

परब ∠ पर्व

बरत ∠ व्रत

(१३) अन्तस्थ और ऊष्म से संयुक्त व्यंजनों में भी हिन्दी में कई परिवर्तन दृष्टिगोचर होते हैं।

(i) कभी-कभी अन्तस्थ सुरक्षित रहता है—

सिर ∠ शीर्ष

पास ∠ पार्श्व

(ii) कभी-कभी ऊष्म सुरक्षित रह जाता है—

साला ∠ श्यालक

ससुर ∠ श्वशुर

आसरा ∠ आश्रय

(iii) कभी-कभी दोनों सुरक्षित रह जाते हैं—

मिसिर ∠ मिश्र

मगसिर ∠ मार्गशीर्ष

(१) क्ष, त्र, ज्ञ—प्रा० भा० आ० के शब्दों के इन व्यंजनों में भी हिन्दी में आकर अनेक परिवर्तन-रूप दिखायी देते हैं। हिन्दी के तत्समों में तो इनमें कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता, केवल 'ज्ञ' का उच्चारण तत्समों में भिन्न प्रकार से किया जाता है; किन्तु हिन्दी तद्‌भवों से इनके परिवर्तन बड़े अद्‌भुत होते हैं। नीचे इनके विभिन्न रूप देखिये—

क्ष—(i) हिन्दी तद्‌भवों में कहीं 'ख्' हो जाता है जैसे—

नखत ∠ नक्षत्र

खेत ∠ क्षेत्र

खन-खन ∠ क्षण-क्षण

(ii) कहीं-कहीं इसके स्थान पर हिन्दी में 'छ्' भी हो जाता है:-

छुरी ∠ क्षुरिका

छमा ∠ क्षमा

(iii) कहीं-कहीं इसके स्थान पर 'झ्' हो जाता है—

झीन ∠ क्षीण

(iv) कहीं-कहीं 'क्ख्' (किन्तु बहुत कम) हो जाता है:—

मक्खी ∠ मक्षिका

रक्खे ∠ रक्षति

त्र—(i) हिन्दी तद्भवों में कभी-कभी संस्कृत का उपान्त्य 'त्र् त्' में बदल जाता है—

मीत ∠ मित्र

बेंत ∠ वेत्र

खेत ∠ क्षेत्र

(ii) कहीं-कहीं 'त्र्' 'ड्' में बदल जाता है, जैसे—

गाड़ी ∠ गत्री

(iii) कहीं-कहीं 'त्र्' के 'त् + र्' दोनों हिन्दी में वियुक्त हो जाते हैं—

मंतर ∠ मंत्र

तंतर ∠ तंत्र

जंतर ∠ यंत्र

ज्ञ—संस्कृत से हिन्दी शब्दों में आने पर इसका रूप भी अनेक प्रकार से बदल गया है—

(i) कहीं-कहीं इसके स्थान पर 'ग्य' हो जाता है—

जग्य ∠ यज्ञ

ग्यान ∠ ज्ञान

(ii) कहीं-कहीं इसके स्थान पर 'न्' हो जाता है—

रानी ∠ राज्ञी

जनेऊ ∠ यज्ञोपवीत

ध्वनि-परिवर्तनों की विवेचना हमें तद्भव शब्दावली के व्युत्पत्ति-पक्ष की ओर ले जाती है। वस्तुत: यह कृति व्युत्पत्ति की दृष्टि से ही प्रस्तुत की गयी है। किसी शब्द की व्युत्पत्ति अपने आप में बड़ी रोचक होती है, यद्यपि किसी अनभिज्ञ व्यक्ति को वह बड़ी कठिन प्रतीत होती है। शब्द की व्युत्पत्ति बताते समय हमें प्रमुखत: चार बातों का ध्यान रखना चाहिये:—शब्द-स्रोत, ध्वनि-परिवर्तन, परिवर्तन का लिंग और वचन पर प्रभाव तथा अर्थ पर प्रभाव। उदाहरण के लिए हम 'आंख' शब्द की व्युत्पत्ति पर विचार करते हैं:—

आंख—

